# हरिभूमि

जबलपुर

बुधवार, 26 मार्च 2025

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





## विवाद के बीच कॉमेडियन कामरा ने शेयर किया नया पोस्ट

# हम होंगे कंगाल एक दिन... होंगे दंगे चारों ओर...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉमेडियन कुणाल कामरा की एक विवादित टिप्पणी के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर की गई कथित टिप्पणी के बाद पूरे देश में सियासत गरमा गई है। बीएमसी ने कार्रवाई करते हुए 'द हैबिटेट' के अवैध हिस्सों को गिराने का काम शुरू कर दिया है। इसी इमारत में स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा का वीडियो शूट किया गया था। कॉमेडियन कामरा की टिप्पणी के बाद शिवसेना के समर्थकों ने 'द हैबिटेट' में जमकर तोड़फोड़ की थी। इस विवाद के बीच कॉमेडियन ने सोशल मीडिया पर एक नया पोस्ट शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने तंज कसा है।

### तोड़फोड़ को दिखाया गया



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कुणाल कामरा ने एक नया वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के जरिए उन्होंने तंज कसने का काम किया है। उन्होंने इस वीडियो में गाया है कि हम होंगे कंगाल एक दिन, मन में है अंधविश्वास, देश का सत्यानाश, होंगे दंगे चारों ओर, करेंगे दंगे चारों ओर पुलिस के पंगे चारों ओर, एक दिन मन में नथूराम, हरकतें आसाराम, हम होंगे कंगाल एक दिन। वहीं, शेयर किए गए वीडियो में शिवसेना सैनिको द्वारा की गई तोड़फोड़ को दिखाया गया है। ध्यान देने वाली बात है कि कॉमेडियन का ये पोस्ट ऐसे समय पर आया है, जब पूरे देश में उनकी एक टिप्पणी पर बवाल मचा है।

**माफी मांगने से किया इनकार**

कामरा को समन भेजा गया है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि वह अपने कृत्य के लिए माफ़ी नहीं मांगेंगे। कामरा ने कहा कि मनोरंजन स्थल केवल मंच हैं और उन्हें उनकी सामग्री के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।

### 'गद्दार' वाली टिप्पणी पर शिंदे की पहली प्रतिक्रिया

## किसी के खिलाफ बोलने के लिए सुपारी लेने जैसा



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करके स्टैंडअप कॉमेडियन कामरा बुरी तरह से फंस चुके हैं। शिंदे ने कामरा द्वारा उन पर निशाना साधे गए मजाक बनाए जाने के बाद पहली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कामरा ने फ़िल्म 'दिल तो पागल है' के एक गाने पर हास्यपूर्ण अंदाज में शिंदे को 'गद्दार' कहा था। शिंदे की शिवसेना मांग कर रही है हालांकि कामरा ने अपने बयान पर माफी मांगने से इनकार कर दिया है और कहा वो किसी की कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार है। शिंदे की पहली प्रतिक्रिया आई है। शिंदे ने कहा कि हम व्यंग्य समझते है, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। एकनाथ शिंदे ने इसके साथ ही कहा कि कुणाल कामरा की टिप्पणी का विरोध करने के लिए मुंबई के स्टूडियो में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जो तोड़फोड़ की उसका वो समर्थन नहीं करते हैं लेकिन ये क्रिया की एक प्रतिक्रिया होती है। शिंदे ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि कामरा ने केवल मेरे बारे में ही नहीं बल्कि अन्य कई बड़े नेताओं के बारे में अपशब्द और व्यंगात्मक टिप्पणी की है।

**कामरा की टिप्पणी पर**

## ये लोग कौन हैं, हमें सोचना चाहिए...

मुंबई के शो के दौरान स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री




एकनाथ शिंदे पर विवादस्पद टिप्पणी की। जिसके बाद शिवसेना आगबबूला हो चुकी है। शिंदे को गद्दार कहने वाले कामरा की टिप्पणी की आलोचना सीएम देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार ने की है। शिंदे ने कहा कि मैं कॉमेडी समझता हूं लेकिन इसकी सीमा होनी चाहिए। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कामरा के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रनौत ने कामरा पर निशाना साधा है। कंगना रनौत ने कहा ये लोग कौन हैं, हमें सोचना चाहिए कि समाज कहां जा रहा है।

---

**खबर संक्षेप**

### इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद पर रैना ने मांगी माफी




**मुंबई।** समय रैना ने 'इंडियाज गॉट लैटेंट' से जुड़े विवाद, मामले में जो बयान महाराष्ट्र साइबर सेल सामने दर्ज कराया है, उसमें अपनी गलती को स्वीकार कर लिया है। समय ने यह भी कहा है कि वे सावधनी रखेंगे, जिससे ऐसी घटना दोबारा न हो। शो पर माता-पिता को लेकर अश्लील टिप्पणी की गई। उसके लिए मुझे

### जवानों ने नक्सलियों को घेरा, 5 को कर दिया ढेर!



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा पर मंगलवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। लेकिन तीन के शव बरामद हो गए हैं। हथियार भी बरामद किए हैं। इंसास, 303, 315 बोर बंदूक बरामद की। 500 से ज्यादा जवानों ने बड़े लीडरों को

### सुरभि की हत्या में अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एशिया हॉस्पिटल की डायरेक्टर सुरभि राज की अस्पताल के सेकंड फ्लोर चेंबर में शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गर्लफ्रेंड को लेकर अस्पताल की डायरेक्टर की हत्या उनके पति और दोस्तों ने ही मिलकर की थी। पुलिस ने सुरभि के पति सहित उनकी गर्लफ्रेंड और तीन अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### राव ने अवैध पैसे से सोना खरीदने की बात मानी



**बेंगलुरु।** दुबई से सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव ने अपनी जमानत सुनवाई के दौरान कबूल कर लिया है कि उसने सोना खरीदने के लिए हवाला के जरिए से पैसे ट्रांसफर किए थे। कोर्ट ने जमानत पर सुनवाई का फैसला 27 मार्च तक सुरक्षित रख लिया है। राजस्व खुफिया निदेशालय ने अपनी दलील पेश कर दी है।

---

## लोकसभा से वित्त विधेयक 2025 पारित, वित्त मंत्री ने दिया जवाब

# करदाताओं को होगी राहत, सीमा शुल्क में बदलाव से विनिर्माण-निर्यात को गति मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने 35 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद वित्त विधेयक 2025 पारित कर दिया। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक 2025 को करदाताओं के लिए अभूतपूर्व कर राहत देने वाला बताया।

लोकसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के जरिए मध्यम वर्ग और व्यवसायों को राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान वित्त मंत्री सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में अहम कर सुधारों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने बताया कि एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14 फीसदी की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है।

### नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा

### ये भी कहा-समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा

### नए आयकर विधेयक की प्रवर समिति कर रही जांच



*सीतारमण ने यह भी कहा कि सीमा शुल्क में तर्कसंगत बदलाव से देश में विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, निर्यात को गति मिलेगी और आम जनता को महंगाई से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नए आयकर विधेयक पर संसद के अगले मानसून सत्र में चर्चा होगी। लोकसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि नया आयकर विधेयक, जिसे 13 फरवरी को सदन में पेश किया गया था, वर्तमान में प्रवर समिति की ओर से जांचा जा रहा है।*

**मानसून सत्र में पेश करेंगे**

प्रवर समिति को संसद के अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। सीतारमण ने कहा कि हम नए आयकर विधेयक को मानसून सत्र में लाएंगे। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में आयोजित होता है और अगस्त तक चलता है।

**यह विधेयक 1961 के आयकर अधिनियम का आधा**

आयकर विभाग ने पहले कहा था कि सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या की गुंजाइश को कम करके कर निश्चितता हासिल करने का प्रयास करता है। नए विधेयक में शब्दों की संख्या 2.6 लाख है, जो आईटी अधिनियम में 5.12 लाख से कम है। मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराओं के मुकाबले इसमें धाराओं की संख्या 536 है। अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर आधी 23 कर दी गई है। आयकर विधेयक 2025 में मौजूदा अधिनियम में 18 तालिकाओं की तुलना में 57 तालिकाएं हैं और 1,200 प्रावधान व 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं।

### चौहान को दलाल बोला तो भाजपा ने की माफी की मांग

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बेनर्जी ने कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर अमीरों के



"दलाल" (बिचौलिया) के रूप में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने बंगाल के लंबित केंद्रीय फंड को लेकर भी केंद्र पर निशाना साधा। संसद के बाहर बेनर्जी ने आरोप लगाया कि मनरेगा और पीएम आवास योजना-ग्रामीण जैसी योजनाओं के लिए पश्चिम बंगाल को केंद्र सरकार ने पिछले 3 वर्षों से फंड जारी नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा राज्य में सरकार बनाने में विफल रहने के कारण, बंगाल के साथ भेदभाव कर रही है।

### लोकसभा में हंगामा

मंगलवार को लोकसभा में द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने मनरेगा योजना के तहत कुछ राज्यों को भुगतान में कथित देरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिससे प्रश्नकाल के दौरान सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने दावा किया कि चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल के खिलाफ हैं। वे वहां सरकार बनाना चाहते हैं, लेकिन विफल हो रहे हैं। वे कभी भी वहां सत्ता में नहीं आएंगे।

### भाजपा का पलटवार

भाजपा ने इस टिप्पणी पर तुरंत पलटवार किया और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भगीरथ चौधरी ने शिवराज चौहान के खिलाफ "आपत्तिजनक" भाषा के इस्तेमाल को लेकर कल्याण से माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि यह सही नहीं है। एक वरिष्ठ सांसद को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पीएम मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है, सभी को उनका हिस्सा मिल रहा है।

---

## दिल्ली बजट में सीएम रेखा का ऐलान

# यमुना की सफाई को प्राथमिकता, महिला आयुष्मान व महिला समृद्धि योजना लागू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में 2025-2026 का एक लाख करोड़ का बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए सीएम गुप्ता ने कहा कि इस बार इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस होगा। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश के साथ आई है।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल सरकारी लेखा-जोखा नहीं है, यह 10 साल से बेहाल दिल्ली का बजट है। यह बजट पिछले साल की तुलना में 31.5 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने दिल्ली को खोखला कर दिया था। ये बजट विकास का संकल्प पत्र है। हम वो वादे करते हैं जो निभाते हैं। बजट पेश के दौरान मोदी मोदी के नारे लगाए गए।

**पूंजीगत व्यय के लिए 28,000 करोड़**

सीएम रेखा ने कहा कि केंद्र की कई योजनाओं को रोका गया। विज्ञापन सरकार ने सिर्फ पोस्टर लगाए। दिल्ली का एक बड़ा हिस्सा झुग्गियों में रहता है। हम मिलकर काम करने के इरादे से आए हैं। अब आपदा सरकार के दिन चले गए हैं। गुप्ता ने पूंजीगत व्यय के लिए 28,000 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है।

**दिल्ली में 100 जगहों पर अटल कैंटीन खुलेंगी**

सीएम गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने पीएम आवास योजना का लाभ नहीं लेने दिया। हमारी सरकार में अब लाभ मिलेगा। 20 करोड़ का आवंटिन किया है। विधायक फंड पूरा मिलेगा। कोई कटौती नहीं होगी। भोजन कागजों पर था। 100 करोड़ से 100 जगहों पर अटल कैंटीन खोली जाएंगी।

**सीएम रेखा ने की घोषणा**

- महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ आवंटित।
- 500 करोड़ से सीवेज सिस्टम को सुधारा जाएगा।
- दिल्ली के लोगों को अब 10 लाख का बीमा मिलेगा
- महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे।
- 210 करोड़ गर्भवती महिलाओं के लिए आवंटित किए गए हैं।
- झुग्गी-झोपड़ियों के लिए 696 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- दिल्ली में 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगेंगे।
- जलापूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था के लिए 9000 करोड़ आवंटित।
- 20 करोड़ प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवंटित किए।

---

### वक्फ संशोधन बिल पर सियासी खींचतान

# राजनीतिक बवाल खत्म करने को केंद्र ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

## पार्लियामेंट के कोऑर्डिनेशन रूम में होगा मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने से पहले बुधवार को सभी सांसदों की बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पार्लियामेंट के कोऑर्डिनेशन रूम नंबर 5 में एक घंटा सभी सांसदों को वक्फ विधेयक पर जानकारी दी जाएगी गया है। इस पर कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियां केंद्र पर हमलावर है।

### संशोधन के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन



वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर देश के कई हिस्सों में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन भी किया जा रहा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद समेत कई संगठन इसे मुसलमान विरोधी बता रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कई राज्यों में धरना प्रदर्शन की बात कही है।26 मार्च को पटना और 29 मार्च को विजयवाड़ा में विधानसभाओं के सामने धरना प्रदर्शन होगा।

**वन नेशन-वन इलेक्शन, जेपीसी का कार्यकाल बढ़ा**

लोकसभा ने वन नेशन-वन इलेक्शन पर मंगलवार को जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस कार्यकाल को 2025 के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने लोकसभा में इस संबंध में प्रस्ताव रखा था।

---

### राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता पर अब 21 अप्रैल को होगी सुनवाई



**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर जानकारी पेश करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार हफ्ते का समय दिया है। आरोप है कि राहुल के पास ब्रिटेन की नागरिकता है और यह कई वर्षों से चर्चा में हैं। एक जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और अजय कुमार श्रीवास्तव-प्रथम की खंडपीठ ने यह आदेश कर्नाटक के सामाजिक कार्यकर्ता एस विगनेश शिशिर की याचिका पर दिया।

---

### 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' बांटेगी भाजपा

# 'सौगात-ए-मोदी' किट में सेंवइयां कपड़े, खजूर व मेवे होंगे शामिल

## निजामुद्दीन से शुरू किया गया यह अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईद से पहले भाजपा गरीब मुसलमानों को तोहफा बांटने का अभियान शुरू कर रही है। भाजपा के अल्पसंख्यक 'सौगत-ए-मोदी' अभियान चलाकर 32 लाख गरीब मुसलमानों को गिफ्ट देगी। मंगलवार को यह अभियान दिल्ली के निजामुद्दीन से शुरू किया। अभियान की निगरानी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे। भाजपा का कहना है कि गरीब मुसलमान भी शान से ईद मना सकें, इसके लिए उन्हें एक किट गिफ्ट की जाएगी।

### 32 हजार कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी



भाजपा के 32 हजार कार्यकर्ताओं को यह काम सौंपा गया है। भाजपा का हर कार्यकर्ता एक मस्जिद की जिम्मेदारी लेगा। इस तरह से देशभर में 32 हजार मस्जिदों को कवर किया जाएगा। अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि ईद, भारतीय नववर्ष, नौरूज, ईस्टर, गुड फ्राइडे को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

**किट में ये होगा**

सौगात-ए-मोदी किट में कपड़े, सेंवइयां, खजूर, मेवे और चीनी होगी। इसके अलावा महिलाओं को दी जाने वाली किट में सूट का कपड़ा होगा और पुरुषों की किट में कुर्ता पायजामा का कपड़ा होगा। बताया जा रहा एक किट की कीमत 500 से 600 रुपए होगी।

---

## भाजपा का मिशन साउथ हो रहा कामयाब

### स्टालिन को लगेगा जोर का झटका

# गृहमंत्री शाह से मिलेंगे दक्षिण के पलासामी, एनडीए में शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर में बादशाहत कायम करने के बाद भाजपा की नजर अब दक्षिण पर है। सबसे पहले उसके निशाने पर तमिलनाडु है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भाजपा विरोध का झंडा उठाए घूम रहे हैं। त्रिभाषा फार्मूला नकार रहे हैं। यहां तक कि रुपए का लोगो भी बदल डाला, लेकिन अब भाजपा उन्हें घेरने के लिए पुराने दोस्त से हाथ मिलाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि एआईएडीएमके नेता एके पलासामी दिल्ली पहुंच गए हैं और वे गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। इसके बाद आगे का एजेंडा तय होगा।



### वापसी का किया जा रहा दावा

दावा किया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच बैठक से एआईएडीएमके के एनडीए में वापसी का रास्ता साफ हो सकता है। ये भी कहा जा रहा है कि तमिलनाडु में अलायंस के लिए भाजपा और एआईएडीएमके के नेताओं के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। जिस तरह स्टालिन भाजपा को उत्तर भारत की पार्टी बताकर निशाना साध रहे हैं, उससे भाजपा के लिए भी एक स्थानीय पार्टी को साथ लेने में आसानी होगी। रास्ता तलाशा जा रहा है।

---


## विधवा की अपील सुनकर उत्तराखंड सरकार को 'सुप्रीम' फटकार

# 9 साल से नहीं मिला मुआवजा, अब 89 लाख रु. दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक डॉक्टर की विधवा को मुआवजा नहीं देने के लिए उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई है। महिला नौ सालों से मुआवजे के लिए मुकदमा लड़ रही है। महिला के पति की साल 2016 में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। उस वक्त की तत्कालीन सरकार ने परिवार के लिए 50 लाख के मुआवजे की घोषणा की थी, जो अब तक नहीं मिला है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार कोर्ट ने कहा कि वह उत्तराखंड सरकार की इस बात से नाराज है कि डॉक्टर का परिवार मुआवजे के लिए मुकदमा लड़ने के लिए मजबूर है इसलिए अब इन सालों के इंटरेस्ट के साथ उन्हें मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए देने का आदेश दिया है।

### पहले दिया गया था यह फैसला



जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच राज्य सरकार की स्पेशल लीव पेटीशन पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने साल 2018 में राज्य सरकार को पीड़ित परिवार को 1.99 करोड़ के मुआवजे का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने याचिका दाखिल किए जाने से फैसला सुनाए जाने तक 7.5 पर्सेंट सालाना ब्याज के साथ विधवा को 1.99 करोड़ देने का आदेश दिया था, साथ ही राज्य के मेडिकेयर सर्विस पर्सस एंड इंस्टीट्यूशन एक्ट, 2013 के प्रवधानों को लागू करने और परिवार को अतिरिक्त पेंशन लाभ देने के लिए भी कहा था।

### 11 लाख रुपए की कटौती की

राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि परिवार को 11 लाख पहले ही दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि साल 2021 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर परिवार को छुट्टियों का पैसा, ग्रैच्युटी, जीपीएफ, फैमिली पेंशन और जीआईएस दिया गया, जबकि उनके बेटे को हेल्थ डिपार्टमेंट में जूनियर असिस्टेंट के तौर पर नियुक्ति भी दी गई। इसके बाद कोर्ट ने 1 करोड़ में से 11 लाख हटाकर मुआवजा राशि 89 लाख रुपए कर दी है।

**अप्रूवल के बाद भी राशि नहीं दी गई**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के चीफ सेक्रेटरी की ओर से 50 लाख रुपए के मुआवजे का प्रस्ताव दिए जाने और मुख्यमंत्री की ओर से उसे अप्रूव किए जाने के बाद भी पीड़ित परिवार को राशि नहीं दी गई, जबकि उनसे कहा गया कि अप्रूवल नहीं मिला है। याचिकाकर्ता का कहना है कि अब तक सिर्फ एक लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर परिवार को दिए गए।

जबलपुर
बुधवार, 26 मार्च 2025
■ चैत मास कृष्ण पक्ष-12
■ वर्ष : 19, अंक : 319
■ पृष्ठ : 2+12= 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 37
न्यून. 16

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



सीएम मोहन यादव ने खास अंदाज में कुष्ठ रोगियों के साथ मनाया अपना 60वां जन्मदिन

प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्रियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को दी उनके जन्म दिवस की बधाई

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
राजस्थान — कोलकाता
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### सोनू सूद की पत्नी का रोड एक्सीडेंट, गंभीर



**नई दिल्ली।** एक्टर सोनू सूद की पत्नी सोनाली सूद का रोड एक्सीडेंट हो गया। हादसा नागपुर हाईवे पर हुआ। सोनाली अपनी बहन और भतीजे के साथ कार में सफर कर रही थीं। इस घटना की तस्वीरें भी सामने आई हैं, जिसमें कार चकनाचूर हो गई। जो कार चला रहा था, उसे भी बहुत चोट आई है।

### ड्राइवर की तबीयत बिगड़ी महिला ने संभाली स्टेयरिंग



**नई दिल्ली।** उबर ड्राइवर का एक वीडियो इस समय इंटरनेट पर छाया हुआ है। वायरल क्लिप में महिला बताती है कि वो जिस उबर कार से आ रही थी, उसके ड्राइवर की तबीयत रास्ते में ही बिगड़ गई होती है। जिसके बाद कार के स्टीयरिंग को महिला अपने हाथ में थाम लेती है।

### कंटेनर ने बच्ची को रौंदा हाईवे पर किया हंगामा



**सागर।** मालथौन थाना क्षेत्र के बरोदियाकलां के पास मंगलवार को नेशनल हाईवे-44 पर तेज रफ्तार कंटेनर ने 9 वर्षीय बालिका को रौंद दिया। दुर्घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर परिजन और परिचितों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया।

### बुलडोजर एक्शन पर उप्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा

# एक्शन देखकर हिल गई 'अंतरात्मा', तोड़े गए घरों को फिर से बनाने की दें अनुमति

*उप्र सरकार को बिना कानूनी प्रक्रिया के घर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। कोर्ट ने प्रयागराज में वकील, प्रोफेसर और अन्य के घरों को पुनर्निर्माण की अनुमति दी है, जिनके घर बुलडोजर से तोड़े गए थे। कोर्ट ने कहा कि उचित समय देकर अपील का मौका देना था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को बुलडोजर एक्शन के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी कार्रवाई करने से पहले पर्याप्त समय देना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि वह प्रयागराज में एक वकील, एक प्रोफेसर और तीन अन्य लोगों के घरों के पुनर्निर्माण की अनुमति देगा। आरोप था कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर ही घर तोड़ दिया गया और कानूनी प्रक्रिया का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस ओका ने कहा कि नोटिस देने के 24 घंटे के भीतर जिस तरह से ध्वस्तीकरण किया गया, उससे कोर्ट की अंतरात्मा हिल गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस चिपका कर दिए गए थे, जो कानून द्वारा स्वीकृत तरीका नहीं है। केवल अंतिम नोटिस ही कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त तरीके से, यानी रजिस्टर्ड पोस्ट के जरिए से दिया गया था। जस्टिस ओका ने कहा कि इसलिए हम इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए ही आदेश पारित करने जा रहे हैं। जिस तरह से पूरी प्रक्रिया का संचालन किया गया, वह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अगर हम एक मामले में इसे बर्दाश्त करते हैं, तो यह जारी रहेगा।

**नोटिस दिया और 24 घंटे के भीतर गिरा दिए थे घर कोर्ट ने कहा कार्रवाई करने से पहले पर्याप्त समय देना चाहिए था**




**प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया ये गलत**

#### क्या है पूरा मामला?

यह मामला वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो विधवाओं और एक अन्य व्यक्ति से जुड़ा है। इन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के ध्वस्तीकरण के खिलाफ याचिका खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने शनिवार की रात ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए और अगले ही दिन उनके घर तोड़ दिए। इससे उन्हें कार्रवाई को चुनौती देने का कोई मौका नहीं मिला। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि राज्य सरकार ने उनकी जमीन को गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद से गलत तरीके से जोड़ा था,जिसकी 2023 में हत्या कर दी गई थी।

#### शर्तों के साथ बना सकते हैं घर

कोर्ट ने कहा कि वह पीड़ितों को अपने खर्च पर घर बनाने की अनुमति देगा, लेकिन उन्हें कुछ शर्तें माननी होंगी। उन्हें एक हलफनामा देना होगा कि वे समय पर अपील करेंगे, जमीन पर कोई दावा नहीं करेंगे और किसी तीसरे पक्ष को शामिल नहीं करेंगे। अगर उनकी अपील खारिज हो जाती है, तो उन्हें अपने खर्च पर घरों को फिर से तोड़ना होगा। कोर्ट ने मामले को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया ताकि याचिकाकर्ता हलफनामा दाखिल कर सकें।

इस मामले में भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने ध्वस्तीकरणों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि 8 दिसंबर 2020 को पहला नोटिस दिया गया था। इसके बाद जनवरी 2021 और मार्च 2021 में भी नोटिस दिए गए। एजी ने कहा, इसलिए हम यह नहीं कह सकते कि उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। पूरी प्रक्रिया का पालन किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पट्टे की अवधि समाप्त होने या फ्रीहोल्ड के आवेदनों को अस्वीकार किए जाने के बाद भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे किए गए हैं।

### जस्टिस वर्मा के आवास में लगी आग का मामला

# जज यशवंत वर्मा के घर पहुंची फैक्ट फाइंडिंग टीम



◆ *तीन राज्यों के चीफ जस्टिस कर रहे जांच*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जस्टिस यशवंत वर्मा के घर में मिले कैश के मामले की जांच तेज हो गई है। कैश मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले में एक फैक्ट फाइंडिंग टीम बनाई थी, जो मंगलवार को जांच करने के लिए जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची। इस कमेटी में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। जांच टीम दोपहर करीब 1 बजे जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर पहुंची और पौन घंटे तक रुकी। टीम ने सरकारी आवास में बने उस स्टोर रूम का मुआयना किया, जहां 14 मार्च की रात करीब 11 बजे आग लगी थी।

इलाहाबाद में वकील हड़ताल पर गए

#### बोले-हाईकोर्ट में ऐसे जज को बैठने नहीं देंगे

प्रयागराज। कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा का दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने पर वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। मंगलवार सुबह से इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाहर वकील यज्ञ और हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं। वकीलों ने कहा- ये यज्ञ इसलिए कर रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को सद्बुद्धि आए। हम किसी भी हाल में यशवंत वर्मा को हाईकोर्ट में बैठने नहीं देंगे। उधर, वाराणसी कोर्ट के बाहर वकीलों ने झाड़ू लगाई। 'जस्टिस वर्मा गो बैक' के नारे लगाए। वकीलों के प्रदर्शन से इलाहाबाद हाईकोर्ट में करीब 10 हजार केस की सुनवाई मंगलवार को टल गई।

#### फर्स्ट रिस्पांडर्स के दर्ज होंगे बयान

सूत्रों की माने तो कमेटी सबसे पहले फर्स्ट रिस्पांडर्स यानी उन अधिकारियों के बयान दर्ज करेगी, जिनकी जानकारी में ये मामला सबसे पहले आया। इसके साथ ही आयोग दिल्ली पुलिस आयुक्त से मुलाकात करेगा। फायर चीफ से भी बातचीत होगी। टीम जस्टिस वर्मा से इस घटना पर स्पष्टीकरण मांगेगी। कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की जाएगी। जले हुए सामानों की फॉरेंसिक जांच की जाएगी।

### झूठे केस में फंसाने के विरोध में पत्रकारों का चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन

## एक्सीडेंट और अड़ीबाजी के मामले में पत्रकार पर झूठी एफआईआर दर्ज कर अरेस्ट किया, टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पत्रकारों पर पुलिस द्वारा झूठे मामले दर्ज करना आम बात हो गई है, ऐसा ही एक कारनामा राजधानी की कटारा हिल्स पुलिस ने किया। एक एक्सीडेंट के मामले में पत्रकार कुलदीप सिंगोरिया पर बिना जांच के ही झूठी एफआईआर दर्ज कर दी।



**डीजीपी ने एडिशनल सीपी को सौंपी जांच**

इस मामले में पुलिस के आला अफसरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी को लाइन हाजिर तो किया ही है। साथ ही डीजीपी कैलाश मकवाणा ने मामले की जांच एडिशनल सीपी अवधेश गोस्वामी को सौंपी गई है।


#### क्या है पूरा मामला

दरअसल, फरियादी शेख अकील निवासी कबीटपुरा ने 20 मार्च को कटारा हिल्स थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सफेद रंग की बोलेरो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने उन्हें धमकाते हुए 50 हजार रुपए की मांग की और मारपीट की।

### शहडोल के ब्यौहारी में बदमाशों का आतंक

## सरस्वती स्कूल में जमकर तोड़फोड़, रजिस्टर जलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल



■ आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जिले के ब्यौहारी के अखेटपुर स्थित सरस्वती स्कूल में अज्ञात बदमाशों ने बीती रात तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया।

इस घटना ने न केवल स्कूल प्रशासन बल्कि पूरे गांव के लोगों को हैरान कर दिया है। बदमाशों ने स्कूल की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाते हुए रजिस्टर को आग के हवाले कर दिया और कई दरवाजों और पंखों में तोड़फोड़ की।

### महू जाम गेट गैंगरेप केस में फैसला

## फास्ट ट्रैक कोर्ट में 5 आरोपियों को उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ 5 महीने के अंदर ही जजमेंट आया

पिछले साल 2024 में इंदौर के पास महू स्थित जाम गेट पर हुए गैंगरेप और आर्मी ट्रेनिंग अफसर के साथ मारपीट की घटना में शामिल पांच आरोपियों को महू की फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुना दी है। वहीं एक आरोपी नाबालिक है, इस कारण उसका केस फिलहाल कोर्ट में है। आरोपियों को सजा देने के लिए तकरीबन32 लोगों की गवाही ली गई थी।

### सिंगरौली बस स्टैंड पर आग

## दो बसें जलकर खाक, अंदर सो रहा क्लीनर जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली



■ ड्राइवर कंडक्टर ने कूदकर बचाई जान

जिले के सिंगरौली में एक दुखद घटना हुई। मंगलवार की रात लगभग 2 बजे एक बस में आग लग गई। इस हादसे में बस में सो रहे क्लीनर की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पास में खड़ी एक और बस भी जल गई। दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आरएसएस के मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडेय ने दी जानकारी

# मध्य भारत में बढ़ रहा है संघ कार्य, शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क करेगा संघ, प्रत्येक बस्ती और मंडल तक कार्यविस्तार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के विभिन्न भागों सहित मध्यभारत प्रांत में तेजी से संघकार्य बढ़ रहा है। शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखकर कार्यकर्ताओं ने मंडल और बस्ती तक संघकार्य को पहुंचाने के प्रयास किए हैं। मध्यभारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाली शाखाओं की संख्या में वृद्धि हुई और अब यहां 3384 शाखाएं संचालित की जा रही हैं। यह जानकारी बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संपूर्ण देश के संघकार्य को लेकर प्रस्तुत वृत्त में दी गई है।




शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चलने वाली शाखाओं की संख्या में हुई वृद्धि, अब 3384 शाखाएं

#### मध्यभारत में विदिशा-राजगढ़ आगे

मप्र के विदिशा विभाग की 56 व्यवसायी शाखाओं के प्रयासों का उल्लेख प्रतिनिधि सभा की बैठक में सरकार्यवाह के वृत्त में आया है। विदिशा की चयनित 56 व्यवसायी शाखाओं ने अपने शाखा क्षेत्र का सामाजिक अध्ययन कर वहाँ की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित किया और समाज की सज्जनशक्ति को साथ लेकर उनके समाधान हेतु पहल की। इन शाखाओं ने नशा मुक्ति, गो-संरक्षण, लव जिहाद सहित इस तरह से 103 प्रकार की समस्याएं चिन्हित की। राजगढ़ में सामाजिक समरसता, भोपाल में सेवा कार्य एवं हिन्दू पलायन, ग्वालियर में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं नशा मुक्ति, नर्मदापुर में पर्यावरण संरक्षण इत्यादि विषयों को लेकर विशेष प्रयत्न किए जा रहे हैं।

**शताब्दी वर्ष पर प्रांत में संघ की योजना**

विजयादशमी-2025 उत्सव में अधिकतम स्थानों पर गणवेश में कार्यक्रम होंगे। मण्डल, खंड, नगर स्तर पर संचलन भी निकालने की योजना है। प्रत्येक गांव एवं बस्ती के प्रत्येक घर तक संपर्क करने की योजना है। सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और पंच परिवर्तन में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी, का संदेश दिया जाएगा।




अपने परिवार के साथ मनोज।

अलग खबर

परिवार के साथ पहुंचे होशंगाबाद रोड निवासी मनोज को गेट से ही जाने को कहा

# सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर में शहर के परिवार को नहीं मिली लंच करने की इजाजत

## होटल के स्टाफ ने कहा-यहां लंच केवल कपल्स के लिए अलाउड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार दोपहर 2 बजे के करीब होशंगाबाद रोड स्थित निजी कॉलोनी में रहने वाले मनोज सप्रा, परिवार के साथ शहर के प्रतिष्ठित और महंगे होटल सदर मंजिल में लंच के लिए गए, लेकिन उनको गेट से ही यह कहते हुए जाने को कहा कि यहां केवल कपल अलाउड हैं। मनोज बताते हैं कि मैंने गेट पर मौजूद स्टॉफ से काफी रिक्वेस्ट की, कि ऐसा तो किसी भी होटल की पॉलिसी में नहीं लिखा होता कि लंच या डिनर के लिए केवल कपल अलाउड है, लेकिन उन्हें लंच नहीं करने दिया।

मनोज कहते हैं कि मेरे साथ मेरी पत्नी, मेरी बेटी, मेरा पांच वर्षीय नाती और 28 वर्षीय बेटा गया था। मनोज ने बताया कि पहले हमसे सभी की डिटेल ली और उसके बाद गेट से ही जाने को कहा। मनोज ने बताया कि इसके कुछ घंटों बाद सदर मंजिल स्टाफ से बार-बार फोन आया और उन्होंने माफी भी मांगी कि हम कन्फ्यूज हो गए थे, हमें लगा कि आप यहां स्टे करने आए हैं।



### ऑनर बोले- मुझे कोई जानकारी नहीं

पीपीपी मॉडल पर आधारित सदर मंजिल हेरिटेज बाय एटमॉस्फियर के ऑनर विनोद यदुवंशी ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि यहां लंच या डिनर के लिए ऐसी कोई पॉलिसी नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### क्यों है सदर मंजिल प्रसिद्ध

1898 में नवाब शाहजहां बेगम द्वारा बनाई गई सदर मंजिल इमारत 126 साल पुरानी है। इसे हाल ही में हेरिटेज होटल के रूप में संवारा गया है। पीपीपी मॉडल पर 7 साल से इस पर काम चला, करीब 52000 वर्ग फीट में फैली इस इमारत में प्रेसिडेंशियल सुइट, लग्जरी सुइट, एक्जीक्यूटिव सुइट, डीलक्स लेक व्यू जैसे 22 शानदार कमरे उपलब्ध हैं। यहां पर दैनिक किराया 12 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक है। सदर मंजिल को स्मार्ट सिटी ने 30 साल के लिए लीज पर दिया है।

## खबर संक्षेप

### संयमित जीवनशैली और नियमित व्यायाम टीबी से हो सकता है बचाव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि टीबी अर्थात



क्षय रोग का इलाज संभव है। संतुलित आहार, संयमित जीवन शैली और नियमित योग तथा व्यायाम से इस गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। विश्व तपेदिक (टीबी) दिवस सभी नागरिकों को क्षय रोग से बचाव के लिए सतर्क रहने के प्रति जागरुक करता है। मुख्यमंत्री ने विश्व तपेदिक दिवस पर प्रदेश वासियों से क्षय रोग से सतर्क रहने, रोग से बचाव के संबंध में लोगों को जागरूक करने और पीड़ितों की सहायता का आह्वान किया है।

### विजयवर्गीय की चुटकी पटेल और राकेश भी पहली बार के विधायक

**भोपाल।** विधानसभा मे सोमवार को सदन में चर्चा के दौरान



संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पहली बार के निर्वाचित विधायकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहली बार के विधायकों ने सदन में अध्ययन के साथ चर्चा में भाग लिया और काफी अच्छे तरीके से सदन में अपनी बात रखी। यही लोकतंत्र की खासियत है। इसके बाद उन्होने चुटकी लेते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल और मंत्री राकेश सिंह की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये भी पहली बार के विधायक है।

### सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार में अधिभार में छूट

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। विभाग ने नगर पालिक निगम, नगरपालिका परिषद और नगर परिषद को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान में 15 वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रतिवर्ष सम्पत्ति कर की वसूली में राज्य की जीएसडीपी की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। करों की वसूली नियत समय में किए जाने के लिए लोगों में जागरूकता के लिए कहा गया है।

## बजट में पिछले वर्ष से 15 प्रतिशत अधिक राशि, 5 वर्ष में करेंगे दोगुना बजट पेश




विधानसभा सत्र में हुई चर्चा, सभी को जोड़ेंगे विकास से

सीएम ने विधानसभा सत्र के समापन पर किया संबोधित

# प्रत्येक विधायक बनाए विजन डॉक्यूमेंट: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा सत्र के समापन पर संबोधित करते हुए प्रत्येक विधायकों से विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विकास समिति बनेगी और विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों के आधार पर विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का कार्य होगा।

समिति में चिकित्सक, अधिवक्ता इंजीनियर आदि भी शामिल रहेंगे। राज्य शासन विजन डॉक्यूमेंट के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धनराशि भी उपलब्ध कराएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र के समापन पर विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रि-परिषद सदस्य, नेता प्रतिपक्ष, विपक्षी सदस्यों और समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र में आखिरी दिन तक चर्चा हुई, यह स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का द्योतक है। विधानसभा के सभी सदस्य अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं। बजट सत्र के समापन पर अधिकतम सदस्यों का उपस्थित होना श्रेष्ठ परम्परा है। लोकतंत्र की इसी में गरिमा बरकरार है।

### बढ़ रही है प्रति व्यक्ति आय, आगे बढ़ रहा प्रदेश के विकास का कारवां



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2002-03 में मात्र 11 हजार रुपए वार्षिक थी, जो वर्तमान में एक लाख 52 हजार रूपए हो गई है। यह वर्ष 2047 तक 22 लाख 50 हजार रुपए होगी। विकास से सभी को जोड़ा जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हेलीपेड के निर्माण का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र में तीन वर्ष में 30 लाख किसानों को सोलर पम्प के माध्यम से निःशुल्क बिजली उपलब्ध करवाने का लक्ष्य है। फसलों के उपार्जन पर किसानों को बढ़ी हुई राशि दी जा रही है। गेहूं के लिए प्रति क्विंटल 2,600 रुपए और धान उत्पादक किसानों को 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

### नई योजनाएं, नए प्रकल्प

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अनेक नई योजनाएं और नए प्रकल्प प्रारंभ कर उन्हें साकार करने का संकल्प लिया है। जन भागीदारी से संस्थाओं के निर्माण के लिए नवीन योजना, निजी निवेश से सम्पत्ति का निर्माण प्रारंभ की जाएगी। इस योजना में पीपीपी मोड पर शासकीय सम्पत्तियों विशेषकर भवनों का निर्माण हायब्रिड एन्युटी मॉडल या प्योर एन्युटी मॉडल पर करवाने का प्रयास होगा। इसके लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है। गीता भवन योजना-100 करोड़, मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना-100 करोड़, अविरल निर्मल नर्मदा-25 करोड़, श्री कृष्ण पाथेय-10 करोड़, मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना-850 करोड़, मुख्यमंत्री डेयरी विकास योजना-50 करोड़, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास निर्माण-100 करोड़, मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा-80 करोड़, मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना-100 करोड़, पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना-442 करोड़, फसल उत्पादन पर बोनस-1000 करोड़, गौ-संवर्धन पशु संवर्धन-550 करोड़, स्टेडियम निर्माण-129 करोड़, सिंहस्थ-2028-2005 करोड़, वेदांत पीठ की स्थापना-500 करोड़, निजी निवेश से संपत्ति का निर्माण-100 करोड़, मुख्यमंत्री समग्र परिवार समृद्ध योजना-125 करोड़ का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया।

### मुख्यमंत्री ने माना सभी का आभार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट सत्र में विस्तार से सार्थक चर्चा हुई। अनेक विधेयक पारित किए गए। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, बजट पर चर्चा और विभागवार चर्चा में देर रात्रि तक भी कार्यवाही चली, जिसमें सदस्यों की ओर से काफी सहयोग किया गया। बजट सत्र का अत्यंत सफल और सुचारू संपादन विधानसभा अध्यक्ष की ओर से किया गया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र में सहयोग के लिए विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी मप्र विधानसभा के सत्र गौरवशाली परंपराओं के अनुरूप संचालित होंगे।*

# छतरपुर विश्वविधालय की कुलगुरु प्रो.शुभा के खिलाफ भड़का आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान राम और माता सीता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किये जाने के मामले में सोमवार को सर्व हिन्दू समाज के बैनर तले छतरपुर में विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, साधु संतों ने शहर की सड़कों पर विरोध मार्च निकाला और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इन सभी ने कुलगुरु शुभा तिवारी को




शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती

# मां-बेटे ने एक साथ दी साक्षरता परीक्षा और हासिल की सफलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कभी भी शिक्षा प्राप्त करने का कोई सही समय नहीं होता, यह सिद्ध कर दिखाया है रायपुर के तेलीबांधा में रहने वाली राधा निषाद और उनके बेटे अजय निषाद ने। दोनों ने एक साथ बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में भाग लिया और सफलता हासिल की।

50 वर्षीय राधा निषाद और 28 वर्षीय अजय निषाद दोनों ही निरक्षर थे, लेकिन शिक्षा के प्रति उनकी तीव्र इच्छा और संघर्ष ने उन्हें एक अद्भुत सफलता दिलाई। जब उन्हें परीक्षा के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने एक साथ तैयारी करने का निर्णय लिया और पूरे मनोबल के साथ परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर दोनों ने अपनी कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दी और परिणामस्वरूप, दोनों सफल हुए। उनकी यह सफलता यह साबित करती है कि शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती और अगर सच्ची नीयत और मेहनत हो, तो कोई भी रुकावट शिक्षा के मार्ग में नहीं आ सकती। यह प्रेरणादायक कहानी न केवल इन दोनों की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि यह समाज के लिए एक संदेश भी है कि कभी भी सीखने और आगे बढ़ने का अवसर बंद नहीं होता।

# छुट्टी के दिनों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़वासियों के लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार लोकहित में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर मार्च के सार्वजनिक अवकाश में भी प्रदेश के सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे। 25, 29, 30 और 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे। जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त नागरिकों की सुविधा के लिये रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय शाम 5 बजे से बढ़ाकर शाम 7 बजे तक किया गया है। इस जनसुविधा को लेकर महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया है। 24 मार्च को रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर में तकनीकी समस्या आने के कारण सर्वर अस्थाई रूप से डाउन हो गया। जैसे ही सर्वर डाउन होने की सूचना मिली। एनआईसी और एनआईसी की टीम से समन्वय स्थापित कर सुधार प्रक्रिया शुरू की।

अगले 15 दिनों में सुधारे जाएंगे हैंडपंप और नल

# मुख्यमंत्री ने कहा, हर व्यक्ति को गर्मी में मिलेगा पानी

मुख्यमंत्री साय ने कहा, ग्रीष्मकाल में प्रत्येक नागरिक तक निर्बाध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारी फील्ड विजिट करें और समस्याओं का समाधान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में हर व्यक्ति को गर्मी के दिनों में पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर सरकार चिंतित है। इसके लिए पखवाड़ेभर में सभी हैंडपंप और सार्वजनिक नलों की मरम्मत की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसके लिए उच्च स्तरीय बैठक करके 15 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि अधिकारी फील्ड विजिट करें और समस्याओं का मौके पर समाधान कराना सुनिश्चित करें।

साय ने कहा कि ग्रीष्मकाल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक निर्बाध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और जनसहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाने की जरूरत है। इससे आने वाले समय में प्रदेश जल संकट की किसी भी स्थिति से सुरक्षित रह सकें।



### मोबाइल वैन यूनिट्स रहेंगी तैनात

मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान प्रदेशभर में पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि पेजयल व्यवस्था के लिए देश में मोबाइल वैन यूनिट्स की विशेष व्यवस्था की है। ये मोबाइल वैन आगामी चार महीनों तक फील्ड में सक्रिय रहकर रखरखाव और मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से संपादित करेंगी।

उपायों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जाए

### ये अधिकारी बैठक में रहे मौजूद

*मंत्रालय में हुई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो और कृषि, वन, जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।*

सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजना को सैद्धांतिक सहमति

# छतरपुर के राजगढ़ पैलेस को हैरिटेज होटल के रूप में संरक्षण, संवर्धन के लिए अतिरिक्त भूमि का आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक मप्र विधानसभा स्थित समिति कक्ष क्रमांक-1 में हुई। बैठक में कैबिनेट ने मप्र जल निगम की समूह पेयजल प्रदाय योजनाओं के संचालन-संधारण व्यय को कम करने के लिए सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित किए जाने के लिए सैद्धांतिक सहमति दी।

परियोजना कैप्टिव मोड पर स्थापित करने एवं उक्त परियोजनाओं से उत्पादित विद्युत को मप्र जल निगम की ओर से निविदा प्रक्रिया से प्राप्त दर पर क्रय किए जाने की सहमति दी गई। मप्र जल निगम द्वारा 147 समूह पेयजल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इनमें से 41 परियोजना पूर्ण हो गई हैं और पेयजल प्रदाय शुरू है। प्रगतिरत 106 योजनाओं में से 11 योजनाओं में आंशिक रूप से पेयजल प्रदाय प्रारंभ है। आने वाले 2 वर्षों में 124 योजनाओं को पूर्ण



कर इन योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा समूह योजनाओं के संचालन में वर्तमान में विद्युत आपूर्ति मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कम्पनी से एचटी कनेक्शन प्राप्त कर की जा रही है। आगामी वर्षों में संचालन-संधारण में आने वाली समूह योजनाओं की ऊर्जा आवश्यकता पूर्ण करने के लिये सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित की जायेंगी। जल निगम सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित शत-प्रतिशत विद्युत का उपयोग करेगा।

### राजगढ़ पैलेस को अतिरिक्त भूमि आवंटन की स्वीकृति

*कैबिनेट ने राजगढ़ पैलेस होटल एण्ड रिसोर्ट (ईआईएचएल) की ओर से मांगी गई भूमि कुल रकबा 19.214 एकड़ वर्तमान कलेक्टर गाइड लाइन की असिंचित कृषि भूमि दर पर दिए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। प्रस्तावित पर्यटन परियोजना में योगा सेंटर, वेलनेस सेंटर तथा जिम्नेजियम तथा अन्य पर्यटन गतिविधियों की स्थापना एवं संचालन किया जाएगा। यूनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज सूची में दर्ज खजुराहो विश्व विख्यात पर्यटन स्थल है। खजुराहो से लगभग 20 किमी की दूरी पर राजगढ़ पैलेस ग्राम राजगढ़ तहसील राजनगर उत्तरपुरा पन्ना रोड पर स्थित है।*

शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर मिलना-जुलना, किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर चांपा

चांपा थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती की इंस्टाग्राम पर एक शख्स से दोस्ती हुई। युवती का आरोप है कि दोस्ती होने के बाद शख्स ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अब युवती ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी देवेश कुमार खरे को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, देवेश कुमार खरे की इंस्टग्राम के जरिए युवती से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक-दूसरे को नंबर दिए। दोनों की बातचीत होने लगी और नजदीकियां बढ़ने लगीं। दोनों ने शारीरिक संबंध बनाए। युवती का



कहना है कि शादी का झांसा देकर देवेश कुमार खरे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि पीड़िता ने शादी की बात की तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। वह गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। यहां तक कि जान से मारने की धमकी भी दी। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 87, 64(2)(ड), 296, 351(3), 115(2) BNS के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

सिर्फ डेढ़ घंटे में पूरा होगा सफर

# रायपुर से विशाखापट्टनम के लिए नई उड़ान 31 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ से विशाखापट्टनम जाना अब आसान हो जाएगा। रायपुर-विशाखापट्टनम-रायपुर सेक्टर में 31 मार्च से नई फ्लाइट शुरू होने जा रही है। इसके लिए इंडिगो ने शेड्यूल जारी किया है। इसके अलावा रायपुर से इंदौर, भोपाल, प्रयागराज के लिए भी योजना बने गई है। यात्रियों के लिए बुकिंग भी शुरू हो गई हैं। रायपुर-विशाखापट्टनम-रायपुर में सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को संचालित होगी।

रायपुर से विशाखापट्टनम का सफर सिर्फ डेढ़ घंटे में पूरा होगा। शुरुआती दौर में 31 मार्च को रायपुर से विशाखापट्टनम की टिकटें मात्र तीन हजार रुपए में उपलब्ध हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने रायपुर से इंदौर, भोपाल और प्रयागराज के लिए भी नई फ्लाइट्स शुरू करने की योजना बनाई है।

### ऐसा रहेगा उड़ान का शेड्यूल

*रायपुर से सुबह 8:50 बजे निकलेगी, तो विशाखापट्टनम 10:20 बजे पहुंचेगी। वहीं विशाखापट्टनम से 11 बजे निकलेगी तो रायपुर 12:30 पहुंचेगी। वहीं इंदौर से सुबह 6:30 बजे, रायपुर 8:30 बजे। रायपुर से दोपहर 12:50 बजे, इंदौर 2:45 बजे। रायपुर से 8:50 बजे, प्रयागराज 10:25 बजे। प्रयागराज से 10:50 बजे, रायपुर 12:30 बजे। भोपाल से सुबह 9:40 बजे, रायपुर 11:10 बजे। रायपुर से 11:30 बजे, भोपाल 1:00 बजे।*

# पुस्तक मेला बच्चों के हित में महत्वपूर्ण और सार्थक कदम : राकेश सिंह

## लोक निर्माण मंत्री ने किया जिला स्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का शुभारंभ

जबलपुर।

प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को यहाँ शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों को एक ही स्थान पर पुस्तकें, यूनिफार्म, बैग और अन्य सभी शैक्षणिक सामग्री रियायती दर पर उपलब्ध कराने लगाये जा रहे बारह दिनों के पुस्तक और गणवेश मेला का शुभारंभ किया। श्री सिंह ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पुस्तक और गणवेश मेला के आयोजन को स्कूलों बच्चों के हित में सार्थक कदम बताया और इसके आयोजन के लिये जिला प्रशासन को साधुवाद दिया। उन्होंने पुस्तक मेला को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार किये जा रहे सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बताया।

जिला स्तरीय पुस्तक और गणवेश मेला के शुभारंभ समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत एवं संयुक्त संचालक शिक्षा प्राचीश जैन भी मंचासीन थे। पुस्तक मेला का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये आगे कहा कि पुस्तक एवं गणवेश मेला का आयोजन मात्र औपचारिकता नहीं है, बल्कि उन नौनिहालों और स्कूली विद्यार्थियों के लिये जिन्हें अध्ययन के लिये किताबों की आवश्यकता होती है, उन्हें एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर किताबें उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय प्रयास है। श्री सिंह ने कहा कि वास्तव में शिक्षा को कभी दान के रूप में देखा जाता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे शिक्षा व्यवसाय के रूप में परिवर्तित हो गई और कुछ सीमित लोगों ने इसे धन उपार्जन का माध्यम बना लिया। इसका असर ऐसे लोगों पर पड़ा जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिये किसी भी स्थिति से समझौता नहीं करते और यह जानते हुये भी की उनके साथ ज्यादती हो रही है उस ज्यादती को सहन करते रहना नियति मान लेते हैं।

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में शिक्षा माफियाओं पर जबलपुर में हुई कार्यवाहियों के लिये कलेक्टर दीपक सक्सेना की तारीफ की और उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि जबलपुर कलेक्टर ने निजी स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाकर जो सार्थक कदम उठाया, उसकी गूंज भी पूरे प्रदेश में सुनाई दी और पुस्तक मेला के आयोजन की शुरुआत भी जबलपुर से ही हुई।




### बुक बैंक स्टॉल की सराहनाः-

मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तक मेला में एक ही स्थान पर उचित दर पर किताबें, यूनिफार्म, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गईं हैं, ताकि बच्चे या उनके अभिभावक के अपने बजट के अनुसार अपनी आवश्यकता की पूर्ति कर सकें। श्री सिंह ने पुस्तक और गणवेश मेला में शिक्षा विभाग द्वारा पुरानी किताबों के आदान-प्रदान के लिये लगाये गये बुक बैंक के स्टॉल की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि बुक बैंक की आज भी आवश्यकता है खासतौर पर बच्चों के लिये जो कई लेखकों की किताबें पढ़ना चाहते हैं और अलग-अलग विषयों पर रिसर्च करना चाहते हैं। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने पुरानी किताबों के आदान-प्रदान को लेकर अपने छात्र जीवन के अनुभव भी सुनाए। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन के आखिर में पुस्तक एवं गणवेश मेला के आयोजन की सफलता की कामना करते हुये अपेक्षा व्यक्त की इसकी निरंतरता बनी रहेगी।

**एक ही स्थान पर विद्यार्थियों को मिल रहीं रियायती दर पर पुस्तकें, यूनिफार्म और सभी शैक्षणिक सामग्री**

**मेले में लगाया गया पुरानी पुस्तकों के आदान-प्रदान के लिये बुक बैंक का स्टॉल**

विधायक श्री अशोक रोहाणी ने पुस्तक मेला के शुभारंभ पर अपने विचार व्यक्त करते हुये इसके आयोजन के लिये कलेक्टर दीपक सक्सेना की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को रियायती दर पर किताबें और शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने प्रदेश में पुस्तक मेला के आयोजन की शुरुआत पिछले वर्ष जबलपुर से हुई थी और फीस निर्धारण के लिये निजी स्कूलों पर कार्यवाही का आगाज भी जबलपुर में ही हुआ था, जो प्रदेश भर में नजीर बन चुकी है। श्री रोहाणी ने अपने संबोधन में पुस्तक और गणवेश मेला के आयोजन को सामान्य परिस्थितियों वाले परिवारों के लिये अनुकूल बताया। उन्होंने कहा कि इससे ऐसे परिवारों पर कॉपी-किताबों खरीदने पर पढ़ने वाला आर्थिक भार आधा हो जाएगा और उनका बजट भी नहीं बिगड़ेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला के शुभारंभ समारोह के समापन पर राज सागरी द्वारा रचित और संभागीय बाल भवन द्वारा प्रकाशित बाल कविताओं के संग्रह का विमोचन भी किया गया। पुस्तक एवं गणवेश मेला के शुभारंभ समारोह के प्रारंभ में जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा एवं जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति परिषद के सीईओ हेमंत सिंह ने लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# मध्य प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया जाये

**राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड प्रत्येक प्रदेश में कर रहा बोर्डों का गठन**

**जबलपुर**। देश के व्यापारियों के हितों की रक्षा और खुदरा कारोबार की वृद्धि के लिये हाल में ही सरकार द्वारा राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा किया गया है। यह बोर्ड भारत सरकार द्वारा बनाया गया है और इसके अध्यक्ष सुनील जे. सिंधी को बनाया गया है। राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड प्रत्येक प्रदेश में बोर्डों का गठन करने वाला है।जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से मांग की है कि शीर्घ ही मध्य प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन करें ताकि मध्य प्रदेश में सरकार से व्यापारियों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिये मध्य प्रदेश सरकार को सुझाव दिये जा सकें। व्यापारियों और कर्मचारियों के लिये बीमा, स्वास्थय, समाजिक सुरक्षा, प्रतिस्पर्द्धा आदि पर सरकार द्वारा नये नियम कानून बनवाये जा सके। प्रदेश के व्यापारी आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार को ऐसी नीति बनाना चाहिए की छोटा व्यापारी अपना जीवन एवं व्यापार सुचारु रुप से कर सकें। मध्य प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश की सरकार और व्यापार के मध्य एक सुचारु संवाद प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाकर व्यापार से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने के लिये एक प्रमुख निकाय के रुप में काम करेगा।

जबलपुर चेम्बर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय बख्तावर, अजय अग्रवाल, रवि गुप्ता (अध्यक्ष मनेरी उद्योग संघ), मुनींद्र मिश्रा (अध्यक्ष उमरिया डुंगरिया उद्योग संघ), दीपक नोगरैया (अध्यक्ष अनाज तिलहन व्यापारी संघ), राजा सराफ (अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन), भीमलाल गुप्ता (अध्यक्ष मुकादमगंज व्यापारी संघ), अजीत साहू (अध्यक्ष सब्जी विक्रेता संघ), मुकेश प्यासी (रिछाई औद्योगिक संघ), सतीश ओसवाल (अधारताल औद्योगिक संघ), निखिल पाहवा (जबलपुर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन), शत्रुघ्न सिंह , अमित गुप्ता (अध्यक्ष आईटी एण्ड इलेक्ट्रोनिकस एसोसिएशन बरगी हिल्स, जबलपुर), राकेश श्रीवास्तव , रजनीश त्रिवेदी, जितेन्द्र पचौरी, शशिकांत पांडेय, जुगल किशोर तिवारी, अनंत अग्रवाल, उमेश ग्रावकर, आदि ने अपील की है कि अर्थव्यवस्था को चलाने में खुदरा व्यापारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# पीडब्लूडी मंत्री ने किया 22 करोड़ की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जबलपुर की पहचान एक महानगर के रूप में होगी**

**जबलपुर**। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। लगभग 11 करोड़ की लागत से बनने वाले बंदरिया तिराहा से महानद्दा फ्लाईओव्हर ब्रिज तक व्हाईट टॉपिंग कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर छोटी लाईन फाटक में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम पर उन्होंने कहा कि वे जबलपुर की जनता के ऋणी व अभारी हैं। जिन्होंने 20 वर्ष तक सांसद तथा इस बार विधानसभा में भेजने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अब जबलपुर की जनता का ऋण उतारने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार से उन्हें लोक निर्माण विभाग का दायित्व मिला और जिस दिन से वे लोक निर्माण विभाग संभाले हैं उसी दिन से उनका ध्येये वाक्य लोक निर्माण से लोक कल्याण है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आजादी के बाद 57–58 सालों तक जबलपुर की उपेक्षा की गई, लेकिन अब उपेक्षा नहीं होगी। जबलपुर को बड़ा गांव से ऊपर उठाकर महानगर बनाने का काम किया गया। आज मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हर जिसकी लागत 11 हजार करोड़ है, जबलपुर में है, जो पूर्णता की ओर है, जिसका लोकार्पण अगले माह किया जा सकता है। 4 हजार 500 करोड़ की लागत से 117 किलोमीटर की रिंग रोड बन रही है, जिसमें दो लॉजिस्टिक पार्क व दो आईकॉनिक ब्रिज होंगे। देश का पहला जियोलॉजिकल पार्क भी बनेगा। 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण हुआ, वहीं 300 करोड़ की लागत से आधुनिकतम रेल्वे स्टेशन भी बनेगा। उन्होंने कहा कि विकास की प्रक्रिया चलते रहना चाहिए। अब तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता के लिए लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर अब औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच करते हैं। इस वर्ष बजट में जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। इससे जबलपुर व महाकौशल की समृद्धि व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। बिना सड़कों के समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती, बेहतर भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए सड़कों के विस्तार व सुदृढ़ीकरण पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में जबलपुर में 6 फ्लाईओव्हर बनेंगे।



# हाई कोर्ट ने पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता पर लगाया एक लाख का जुर्माना

**अपनी जेब से भरनी होगी जुर्माना राशि, विभागीय जांच के भी निर्देश जारी**

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एससी वर्मा पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह राशि उन्हें अपनी जेब से भरनी होगी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने राशि हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के कोष में जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम मुख्य अभियंता वर्मा द्वारा हाई कोर्ट को गुमराह करने के रवैये को आड़े हाथों लेते हुए उठाया गया। हाई कोर्ट ने पाया कि विचाराधीन प्रकरण में मुख्य अभियंता ने निरंतर कोर्ट के साथ धोखाधड़ी का व्यवहार किया। लिहाजा, उनके विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित करने के भी निर्देश दिए जाते हैं। प्रमुख सचिव, पीडब्ल्यूडी तीन माह में जांच पूरी कर हाई कोर्ट रजिस्ट्री में रिपोर्ट पेश करें।

**दो सप्ताह में पूर्व आदेश का पालन भी सुनिश्चित करें :**

हाई कोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर पूर्व आदेश का पालन करने सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो अगली सुनवाई के दौरान इंजीनियर-इन-चीफ पुनः हाजिर रहेंगे। मंगलवार को सुनवाई के दौरान पूर्व आदेश के पालन में पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर-इन-चीफ कृष्ण पाल सिंह राणा हाजिर हुए।

# ट्रांसको के मैदानी अभियंताओं ने समझी कार्पोरेट कार्यप्रणाली

## जबलपुर में एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रदेश में विभिन्न मैदानी कार्यालयों में कार्यरत कंपनी कैडर के कार्यपालन अभियंताओं को कार्पोरेट कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से मुख्यालय जबलपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें जबलपुर स्थित विभिन्न कार्पोरेट कार्यालयों में पदस्थ विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने संकाय से संबंधित विभागीय विषयों के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। साथ ही इस कार्यशाला में मैदानी अधिकारियों की दैनिंदिक कार्यप्रणाली के दौरान आने वाली समस्याओं व दुविधाओं के निदान के साथ ही कार्पोरेट, मैदानी कार्यालयों से क्या-क्या अपेक्षाएं रखता है, इस पर भी संवाद हुआ। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश से मैदानी कार्यालयों में पदस्थ कंपनी कैडर के 54 कार्यपालन अभियंताओं ने हिस्सा लिया।



### कंपनी के फ्यूचर लीडर है कार्यपालन अभियंता

एम.डी. इंजी. सुनील तिवारी

कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुये एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि ये कार्यपालन अभियंता कंपनी के फ्यूचर लीडर है, जो वर्तमान में भी फील्ड के सभी महत्वपूर्ण कार्यों को दक्षतापूर्वक अंजाम देते है। उन्होंने आव्हान किया कि कंपनी कैडर के इन सभी अभियंताओं को लीडरशीप क्वालिटी के साथ कंपनी के कार्यों में इवॉल्व होने की आवश्यकता है, ताकि वो विषम से विषम परिस्थितियों में भी अपने व कंपनी के अस्तित्व को बनाये रख सकें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में एम.पी. ट्रांसको को देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से बनाये रखने की एक बहुत बड़ी चुनौती रहेगी, अभियंता स्वंय में साफ्ट सक्लि डेवलप कर, इनोवोटिव कार्यशैली, समय के अनुसार परिवर्तन स्वीकार करने, सीखने की उत्सुकता रखने तथा कार्यों को नये तौर तरीकों से संपादित कर आसानी से इस चुनौती का सामना कर सकते है।

# स्कूल के सामने खड़ा ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर**। कोतवाली थाना अतंर्गत संत सुधा सागर स्कूल के सामने खड़ा एक ई रिक्शा अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीवनगर कोतवाली निवासी 31 वर्षीय अभिषेक महाडीक लगभग 8 माह से अपने ससुराल में रह रहा है। ससुर शंकर लाल अहिरवार की तबियत खराब होने से ससुर का ई क्रमांक एमपी 20 जेड एन 7931 रिक्शा चलाता था। माह सितम्बर 2024 में वह ससुर का ई रिक्शा रोज की तरह संत सुधा सागर स्कूल के सामने खड़ा कर दिया था तथा ससुर की तबियत खराब होने से उन्हे मेडिकल कॉलेज लेकर गया था जहां उपचार दौरान ससुर शंकर लाल की मौत हो गई थी। उसके बाद दोपहर में संत सुधा स्कूल के सामने अपना ई रिक्शा लेने गया जहां पर अज्ञात चोर ने ई रिक्शा चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# मारपीट करने वाले को कोर्ट उठने तक की सजा

**जबलपुर**। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी रिंकू उर्फ दीपक को कोर्ट उठने तक की सजा से दंडित किया। अदालत ने आरोपी पर दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत को एडीपीओं अरुणप्रभा भारद्वाज ने बताया कि हनुमानताल प्रेमसागर निवासी गोरेलाल मोनी के साथ 21 अगस्त 2019 की दोपहर करीब पौने तीन बजे उनके पड़ोसी आरोपी रिंकू उर्फ दीपक शिवहरे ने लाठी से मारपीट की थी, आरोपी ने शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करते हुए उक्त वारदात को अंजाम दिया था। व

**सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर रखी मांग**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की इन-हाउस जांच के सिस्टम पर पुनर्विचार किया जाए

**जबलपुर**। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर ने एक पत्र भेजा है। इसके जरिए न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की इन-हाउस जांच के सिस्टम पर पुनर्विचार किए जाने की मांग की गई है।

उक्त पत्र में कहा गया है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की जांच भी उसी भांति हो, जैसे अन्य क्षेत्रों के प्रकरणों में होती है। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की इन-हाउस जांच का सिस्टम अब तक प्रभावशाली नहीं पाया गया है। लिहाजा, इसे बदले जाने पर विचार होना चाहिए। साथ ही सीबीआई व ईडी से जांच कराए जाने के तरीके पर केंद्रित होना चाहिए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता के मद्देनजर इन-हाउस जांच का सिस्टम 1999 से अस्तित्व में आया था। अंतरराष्ट्रीय कमीशन आफ ज्यूरिस्ट की रिपोर्ट ने भी इसे उपयुक्त नहीं माना है। इसकी पुष्टि केंद्रीय विधि मंत्री के वर्ष 2022 में सामने आए उस कथन से हुई, जिसमें उन्होंने बताया था कि हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के विरुद्ध 1600 शिकायतें आईं, किंतु इन पर क्या कार्रवाई हुई, यह सार्वजनिक नहीं हुआ।अदालतों में प्रकरणों की अपेक्षाकृत शीघ्र सुनवाई की मंशा से अनुचित तरीके अपनाए जाने की बात जब-तब उठती रही है। इस तरह के मामलों की शिकायत शपथपत्र के साथ करनी आवश्यक होती है। साथ ही प्रमाण भी आवश्यक होते हैं लेकिन इन हाउस जांच सिस्टम में न्यायपालिका के विरुद्ध न्यायपालिका से ही प्रमाण मिलना टेढ़ी खीर होता है। लिहाजा, शिकायतें बेमानी हो जाती हैं। इस सिलसिले में वाद-विवाद-संवाद के लिए नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रांताध्यक्ष डा.पीजी नाजपांडे की अध्यक्षता में



# फर्जी सड़क दुर्घटना दावा पेश करने वाले हाजिर हों,जेएमएफसी कोर्ट का सख्त निर्देश

**जबलपुर**। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने फर्जी सड़क दुर्घटना दावा पेश करने के मामले में वादियों को तलब कर लिया है। सभी को हाजिर होने के सख्त निर्देश के साथ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। जेएमएफसी कोर्ट ने यह कार्रवाई श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के परिवाद पर सुनवाई करते हुए की है। बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता अनुपम भट्ट ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सुरति बाई पत्नी हक्कू ने श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी से बीमित वाहन से सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटें लगने के कथन से साथ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, जबलपुर में क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु वाद प्रस्तुत किया था। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने दावा प्रमाणित व उचित न पाते हुए निरस्त कर दिया है। इसके बाद बीमा कंपनी ने सुरति बाई पत्नी हक्कू व अन्य के विरुद्ध फर्जी मोटर दुर्घटना दावा प्रस्तुत करने का आरोप लगाते हुए जेएमएफसी कोर्ट पाटन, जबलपुर में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत परिवाद प्रस्तुत किया। जिस पर सुनवाई करते हुए सुरति बाई सहित अन्य को नोटिस जारी कर तलब कर लिया गया है।

बिजनेस साइट

# हर बाजार में जीतनाः एसेट एलोकेशन फंड की महत्वपूर्ण भूमिका



अभिषेक असाटी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, जबलपुर

जबलपुर। एक निवेशक के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण है - लंबी अवधि में उचित, सस्टेनेबल रिटर्न प्राप्त करना, या आर्थिक उतार-चढ़ाव के दौरान उच्च रिटर्न की अवधि का अनुभव करना, जिसके बाद आर्थिक तौर पर गिरावट या भू-राजनीतिक तनाव के कारण उच्च अस्थिरता होती है जो जोखिम - एडजस्टेड रिटर्न को दबाते हैं?

लगातार वेल्थ ग्रोथ उत्पन्न करने के लिए, किसी के पास उचित एसेट एलोकेशन रणनीति होनी चाहिए, न कि केवल उन शेयरों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करना जो उभरते सितारे बन सकते हैं। चूंकि बाजार चक्रों में संचालित होते हैं आशावाद से शुरू होकर निराशा में समाप्त होते हैं, जिसमें तेजी और मंदी दोनों चरण होते हैं । इन चक्रों के भीतर, तेजी और मंदी के चरणों की अवधि का अनुमान लगाना बेहद मुश्किल है, यहां तक कि सबसे अनुभवी विशेषज्ञों के लिए भी ऐसा करना काफी मुश्किल है । अलग-अलग एसेट क्लास, जैसे कि इक्विटी, बॉन्ड, कमोडिटी जैसे सोना, इंटरनेशनल इक्विटी और रियल एस्टेट, आर्थिक वातावरण और बाहरी मैक्रो कारकों, जैसे कि विकसित बाजारों में ब्याज दर की चाल, टैरिफ वॉर या भू–राजनीतिक तनाव के बीच परस्पर क्रिया के आधार पर अलग-अलग तरीकों से व्यवहार करते हैं । बाजार चक्रों के प्रभाव को कम करने और स्थायी रिटर्न पर ध्यान केंद्रित करने के लिए, निवेशकों को एसेट एलोकेशन को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक बैलेंस्ड पोर्टफोलियो, जिसमें इक्विटी, बॉन्ड और सोना शामिल है, को आर्थिक चक्र के आधार पर एडजस्ट किया जाना चाहिए। ये एलोकेशन प्रभावशाली होने चाहिए, क्योंकि ग्रोथ दर्ज करने वाले एसेट क्लास समय के साथ घूमते हैं। दूसरे शब्दों में, रीबैलेंस्ड एलोकेशन कॉर्पोरेट साइकिल, मुद्रास्फीति दरों, नीतिगत ब्याज दरों और जीडीपी वृद्धि से प्रभावित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, इक्विटी के लिए आवंटन आर्थिक विस्तार के दौरान बढ़ जाता है, क्योंकि निवेशक भावना आशावाद से उत्साह में बदल जाती है। इसके विपरीत, आर्थिक सिंकुड़न की अवधि के दौरान बॉन्ड के लिए आवंटन में वृद्धि होनी चाहिए।

चूंकि अधिकांश व्यक्तिगत निवेशकों के पास आर्थिक चक्र में परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगाने की विशेषज्ञता का अभाव है, इसलिए इस रणनीति को एसेट एलोकेशन फंडों की सदस्यता लेकर लागू किया जा सकता । ये फंड आंतरिक मॉडल के आधार पर विभिन्न वर्गों के बीच एसेट एलोकेशन को एडजस्ट करते हैं, सही समय पर और सही अनुपात में सही एसेट्स में निवेश करके निवेश की सुगम यात्रा सुनिश्चित करते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) एक ऐसा ही फंड है जो इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में निवेश करता है। 31 जनवरी, 2025 तक, फंड ने एक वर्ष में 11.90 फीसदी रिटर्न दिया है, जिसमें तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 12.92 फीसदी और 13.87 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न है ।

## हिन्दू संगठनों ने दी पाटन बंद की चेतावनी

# लैंड जिहाद के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि जबलपुर।

जिले के पाटन तहसील में रामलीला मैदान की एक जमीन पर एक समुदाय द्वारा इबादतगाह व दुकान बनाने पर हिन्दूवादी संगठनों, विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया. यहां हिंदूवादी संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि एक विशेष समुदाय द्वारा रामलीला की जमीन के पास पहले इबादतगाह बनाई गई फिर पास की जमीन पर ही कब्जा करते हुए दुकान बना ली. मामला सामने आने के बाद एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस घटना की जानकारी देते हुए तहसीलदार और सीएमओ को जांच के निर्देश दिए है।

हिन्दूवादी संगठन बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने मंगलवार को पाटन में प्रदर्शन करते हुए




नारेबाजी की. इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली भी निकाली और लैंड जिहाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को चेतावनी दी है कि यदि 72 घंटे के अंदर जिस जमीन पर कब्जा किया गया है वह नहीं हटाया गया तो पाटन बंद किया जाएगा।

बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि पाटन के बाजार वार्ड इलाके में कभी रंगमंच की जगह हुआ करती थी. जिस पर रामलीला और रासलीला का मंचन हुआ करता था. लेकिन एक समुदाय विशेष के लोगों ने उस जगह पर कब्जा कर लिया. उसी के पीछे इबादतगाह भी बनाई गई।

अगर 72 घंटे के भीतर एसडीएम ने जमीन को मुक्त नहीं करवाया तो पूरा पाटन बंद किया जाएगा. पाटन के लोगों का कहना है कि वर्षों से इस जमीन पर 26 जनवरी व 15 अगस्त के मौके पर शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होते है. यहां एक विशेष समुदाय के लोगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया. उनके द्वारा साप्ताहिक बाजार भी लगाया जाता है. जिसके चलते लोगों को खासा परेशानी हो रही है।

## मां कर्मा जयंती हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई



मझौली। मां कर्मा बाई मंदिर पुरानी बाजार में नवीन भव्य मंदिर का निर्माण कार्य किया गया एवं उसमें नवीन प्रतिमा की स्थापना की गई। 22 मार्च से 25 मार्च तक पूर्ण विधि विधान से पूजन अर्चन कर स्थापना की गई। मां कर्मा जयंती मझौली में हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही तेलगानी बोर्ड के कैबिनेट मंत्री रवीकरण साहू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में परम पूजनीय वेदांती जी महाराज ने मां कर्मा बाई के महान आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज की भलाई के लिए कार्य करें। इस अवसर पर भव्य झांकियों का आयोजन किया गया, जिसमें मां कर्मा बाई की गाथा को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन के माध्यम से मां को नमन किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और सामूहिक भोज के साथ हुआ। इस मौके पर समस्त साहू समाज मझौली उपस्थित था।

### थाने में हाजिर नहीं होने वाला गिरफ्तार

जबलपुर। गोराबाजार थाने में माह में दो दिन उपस्थिति देने के आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलहरी निवासी 46 वर्षीय आरोपी विशाल गुप्ता की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए गत 13 जनवरी को जिला दंडाधिकारी ने हर माह की 15 एवं 25 तारीख को गोराबाजार थाने में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए थे इसके बाद आरोपी थाने में उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहा था। पुलिस ने आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता तथा 14 म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी।

## स्मार्ट मीटर लगाने के बाद की जा रही अवैध वसूली

### ठेकेदार के कर्मचारियों पर डराने-धमकाने का लगाया आरोप

जबलपुर। जाकिर हुसैन वार्ड में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद ठेकेदार व उनके कर्मचारियों के द्वारा डरा धमकाकर गरीब उपभोक्ताओं से रुपयों की अवैध वसूली की जा रही है। उक्ताशय का एक ज्ञापन कार्यवाही हेतु मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, आरिफ खान, फैजान कुरैशी, एड. अय्यूब अंसारी के नेतृत्व में बिजली विभाग के सीएमडी के नाम अधीक्षण यंत्री शहर को सौपा गया। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री व कलेक्टर को भी प्रेषित की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बिजली कंपनी के ठेकेदार और क्षेत्र के जन प्रतिनिधि की साठगांठ से प्रतिदिन गरीबों से लाखों रुपए की अवैध वसूली की जा रही है।



प्रायः उपभोक्ताओ द्वारा स्वेच्छा से स्मार्ट मीटर बदलवा रहे हैं। मीटर बदलते ही इनके द्वारा कहा जाता है कि पुराने मीटर से छेड़छाड़ की गई है और बिजली की चोरी की है उसका प्रकरण दर्ज होगा, आपके मीटर की जांच होगी तो लगभग 50 से 70 हजार रुपये लग जायंगे, और आपके घर की बिजली बंद कर दी जाएगी। इस तरह से डरा धमका कर उनसे 5, 10 अथवा 15 हजार रुपये वसूल रहे हैं। पुराना मीटर सही होने के बावजूद भी डरा कर अवैध वसूली की जा रही हैं। जांच कर दोषी ठेकेदार व उसके कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की गई हैं। ज्ञापन देते समय मुस्लिम विकास परिषद के रम्भल विश्वकर्मा, मामूर गुड्डू, एड.रियाज, इस्तियाक अंसारी, इरफान कुरैशी, जावेद मिर्जा, गुलाम साबरी, एड. अकबर उस्मानी, शाहिद कुरैशी, तारिक कुरैशी, अशरफ कुरैशी, लियाकत जावेद, मुज्जफर कुरैशी, साजिद काजी, अहमद रज़ा, इस्लाम अली आदि उपस्थित रहे।

## शिवपुराणः भगवान भोलेनाथ - माता पार्वती का हुआ विवाह, निकली बारात



सिहोरा। निकटवर्ती ग्राम ग्राम जुनवानी पहरेवा में चल रहे शिव पुराण के तीसरे दिन व्यासपीठ से पंडित हरीओम देव महाराज ने भक्तिवर्धक पावन शिव पुराण एंव शिव विवाह की कथा का वृतांत भक्तो को सुनाया गया। जबकि प्रतिदिन की तरह सुबह के पहर में पार्थिव शिवलिंग निर्माण भक्तों ने किया। शिव पार्वती की झांकी भी दिखाई गई। शिवमहापुराण में भगवान शिव जी की बारात निकली जिसमें भूत-प्रेत, पिशाच, देव, दैत्य, गन्धर्व, नाग, किन्नर, यक्ष, ब्रह्मराक्षस, असुर के रुप में शिव के गण शामिल थे जो पृथ्वी पर अदभुत नजारा था। शिव जी के बरात कथा स्थल से प्रारम्भ होकर गांव के मंदिर, दिवालय, मुहल्लों आदि का भ्रमण करते हुए निकली तथा शुभारम्भ स्थल पर संपन्न हुई। अनेक भक्तों ने व्यासपीठ का पूजन किया।

### किसानों ने मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

## गेहूं की सरकारी खरीदी में होगी पारदर्शिताः रुपेश सिंघई

सिहोरा। इस वर्ष गेहूं की सरकारी खरीदी में प्रशासन द्वारा पूरी तरह से पारदर्शिता रखी जाएगी खरीदी में उपज की तुलाई बोरी सिलाई छल्ली लगवाई बोरी सिलवाई स्टाकिंग का कोई पैसा किसानों से नहीं लिया जाएगा उक्ताशय के विचार अनुविभागीय राजस्व रुपेश रतन सिंघई ने मंगलवार को सभा कक्ष में हुई किसानों की बैठक में शामिल किसानों संगठनों के प्रतिनिधियों से व्यक्त किए। भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष रमेश पटेल के संयोजन में हुई बैठक में किसान बड़ी संख्या में शामिल थे किसानों ने फसल पैदावार में होने वाली परेशानी के साथ उपज बेचने में मंडी में बनी समस्याएं,उपज की चोरी,अधिकतम उपज का दाम लेने में खरीददार अनाज व्यापारी द्वारा नगद भुगतान में दो प्रतिशत कमीशन काटे जाने का मुद्दा



प्रमुखता से उठाया। किसान प्रमोद सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी गेहूं कटाई का काम तेजी से जारी है लेकिन गांव-गांव बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मर के बिजली तार की लाइन खुली पड़ी है इससे आग लगने का खतरा बना है बैठक में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र के विद्युत वितरण कंपनी के अमित विश्वकर्मा, प्रभारी तहसीलदार शशांक दुबे, कृषि उपज मंडी सचिव सविता धुर्वे, एसडीओ कृषि मनीषा पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर, लीड प्रबंधक गौरव शुक्ला, विपणन सहकारी प्रबंधक अश्वनी तिवारी, आर एस चतुर्वेदी, संतोष गर्ग, किसान श्रीकांत पाठक, चंद्रजीत पटेल, भारत पटेल, वीरेंद्र पटेल, जितेंद्र पटेल, ओम प्रकाश पटेल, लक्ष्मी पटेल, अवसर पटेल, महेंद्र पटेल, विनय पटेल, सरपंच रंजीत पटेल, रवि तिवारी, राजेंद्र उपाध्याय, सीताराम पटेल आदि किसान उपस्थित थे।

### 35 छात्राओं को सिखाई जा रही सॉफ्ट टॉयज निर्माण कला

## सॉफ्ट टॉयज निर्माण कला का एसएस कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण

सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला पंचायत के सहयोग से सॉफ्ट टॉयज निर्माण कला 35 छात्राओं को सिखाई जा रही है। सॉफ्ट टॉयज में टेडी बियर, खरगोश, भालू, हाथी आदि बनाना बताया जा रहा है। 13 दिन की इस ट्रेनिंग में सुषमा त्रिपाठी जबलपुर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (सेंट्रल बैंक से सहायता प्राप्त) द्वारा छात्राओं को सॉफ्ट टॉयज की कटिंग,सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । कक्षाएं प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 5 बजे की होती है। ट्रेनिंग के पश्चात छात्राओं का टेस्ट लिया जाएगा एवं उत्तीर्ण होने पर उन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। प्राचार्य प्रो.एम.के. श्रीवास्तव की पहल पर उपरोक्त कार्यक्रम ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जिला पंचायत के द्वारा पहली



बार किसी महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम अधिकारी रुपेश अग्रवाल ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का महाविद्यालय ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के देखरेख में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहें हैं।

## हरे कृष्णा आश्रम पर यात्री बसें रुकने से दुर्घटनाओं की आशंका



भेड़ाघाट। विश्व पर्यटन स्थल भेड़ाघाट के बेनगंगा पुल पर हरे कृष्णा आश्रम होने से यहां पर यात्री बसें रुकती हैं जो बेनगंगा मोड पर पुल होने से सड़क दुर्घटनाएं होने की शंका बनी रहती हैं क्योंकि पुल पर मोड होने से यात्री बड़ी बसें खड़ी रहती हैं और मेट्रो बसें भी यहां से मुड़ने में काफी दिक्कतें होती हैं सड़क पर यात्री बसेखड़े होने से भीषण सड़क दुर्घटनाएं शंका जताई जा रही है।

## रंग जीवन में उत्साह उमंग के संचार का माध्यम



जबलपुर। रंग जीवन में उत्साह उमंग की संचार का माध्यम है. अतः सदैव ऐसे प्रयास करते रहना चाहिए. होली मिलन में पधारे सारे सभासदों का जीवन सदा रंग मय रहे ऐसी कामना है. उक्त ऐसे की विचार डॉ गिरीश पचौरी ने सर्व गौड़ ब्राह्मण महासभा के रंगोत्सव होली मिलन समारोह में व्यक्त किए. यूथ हॉस्टल रानीताल रविवार 23 मार्च को को व्यक्त किए. इस अवसर पर रागिनी शर्मा, सरोज शर्मा, आस्था गुरु, शांभवी शर्मा, ओजस्वनी शर्मा, कुमुद शर्मा, चारू शर्मा ने रंगा रंग कार्यक्रम के शानदार प्रस्तुति दी. निर्मला शर्मा - कृष्णा शर्मा आकर्षक का केंद्र रहे. सभी ने राधा कृष्ण संग फूलों की होली खेली. संचालन सर्वेश्वर शर्मा ने किया. पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## राशन डीलर द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर पार्षदों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



पाटन। नगर के बस स्टेंड में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान,शिवशक्ति प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार के सेल्समैन अरविंद नामदेव के द्वारा की जा रही अनियमितताओं के संबंध में सत्ता पक्ष के 12 पार्षदगणों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि डीलर के द्वारा बिना राशन दिए ही हितग्राहियों से एक हफ्ते पहले ही अंगूठा लगवा लिया जाता है। उनको न तो राशन और न ही राशन पर्ची दी जाती है। डीलर गरीब लाभार्थियों को पूरा राशन नहीं देता है, राशन की मात्रा कम कर देता है,साथ ही एक बार में पूरा राशन नहीं देता है और अनाज की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं होती है। डीलर के द्वारा गरीबों के पेट पर डाका डालकर इकट्ठा किया हुआ अनाज खुलेआम नगर के गल्ला व्यापारी,मज्जी सेठ को बेचता है जिसकी खबरें समाचार पत्रों एवं लाइव दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल है। डीलर के द्वारा पीओएस मशीन के साथ छेड़छाड़ की गई है जिसकी वजह से राशन लेने वाले लाभार्थियों के मोबाइल पर **SMS** नहीं पहुंचते हैं जिससे उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनके नाम से कितना राशन निकला है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 10 वार्डो के लाभार्थियों को इसी दुकान से राशन मिलता है और यह दुकान बस स्टेंड से संचालित हो रही है जो नियम विरुद्ध है साथ ही राशन लेने वाले बुजुर्ग,महिलाओं को राशन लेने 03 से 04 किलो मीटर दूर जाना पड़ता है जिस वजह से इसे सेंटर में संचालित करने की मांग वार्डवासी लंबे समय से कर रहे हैं। पार्षदगणों ने आगे बताया कि निकाय क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के हक को देखते हुए उनकी आजीविका पर विपरीत प्रभाव न पड़े इसके लिए इस पूरे मामले की जांच ईमानदारी से किसी वरिष्ठ अधिकारी से करवाई जाए एवं दोषी राशन डीलर अरविंद नामदेव पर एफआईआर की कार्यवाही की जाए ताकि राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे और पात्र व्यक्तियों को उनका अधिकार प्राप्त हो सके जिससे निकाय क्षेत्र में रहने वाले लाभार्थियों का भरोसा जनप्रतिनिधियों पर कायम रह सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जितेंद्र सिंह ठाकुर, गजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक जैन, कैलाश पाठक, शेख अमजद, मंजू राघवेन्द्र यादव, अर्चना बल्लू पटेल, रंजीत गौंड, श्रीमति राजमणि पटेल, सत्यम मेहरा उपस्थित रहे।

## मछली मार्केट व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा



मझौली। नगर परिषद मझौली में वार्ड क्रमांक 12 में विगत कई वर्षों से मछली मार्केट लगाया जा रहा है जिसको स्थाई करने की मांग को लेकर समस्त मछली मार्केट व्यापारियों ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी के नाम नगर परिषद कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि चाहे जब उनको कहीं से भी हटा दिया जाता है नगर परिषद द्वारा उनको स्थाई मार्केट बना कर दिया जए जिससे वह अपनी दुकान वहां पर लगा सके।

### जीजा साले ने मिलकर युवक को मारी कुल्हाड़ी

जबलपुर। कुण्डम पुलिस थाना अतंर्गत ग्राम पिपरिया में पुरानी रंजिश पर जीजा साले व एक अन्य ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर कुल्हाड़ी से हमलाकर घायल कर दिया। कुण्डम पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया बघराजी निवासी 22 वर्षीय मजदूर राजा उर्फ रोहित पटेल गत दिवस खण्डवा से जबलपुर आया और बस में बैठकर सिहोरा उतर गया, जहां पर उसे उसका दोस्त रोहित कुशवाहा मिला जिसकी मोटर सायकल में पीछे बैठकर शाम लगभग 7.30 बजे जैसे ही ग्राम पिपरिया पहुंचे तभी गांव का नन्हे उर्फ छुट्टू पटैल पुरानी रंजिश पर उसके साथ गालीगलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर नन्हे का साला सचिन पटैल एक लड़के साथ आया, और फिर तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। नन्हे न कुल्हाड़ी से उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115, 118(1), 351(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

### देशी पिस्टल व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। गोरखपुर पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने महर्षि स्कूल के खण्डहर भवन में पिस्टल लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक कारतूस जब्त किया है। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि गत दिवस गोरखपुर पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने महर्षि स्कूल के खण्डहर भवन में पिस्टल लेकर घूम रहे आजाद चौक निवासी 25 वर्षीय सोनू कोरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक कारतूस जब्त की है।

### सिहोरा एनएच 30 पर रोड क्रास करते समय दुर्घटना

## ऑटो को कार ने टक्कर मारी, 6 घायल

जबलपुर। सिहोरा थाना अतंर्गत एन एच 30 रोड गंजताल मोड़ कटनी जबलपुर में रोड क्रास करते समय एक कार ने एक आटो में टक्कर मार दी जिसमें सवार 6 लोग घायल हो गए वहीं आटो क्षतिग्रस्त हो गई। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्राम्हण मोहल्ला सिहोरा निवासी 54 वर्षीय आटो चालक नरसिंह चौबे गत सुबह लगभग 11 बजे अपनी आटो क्रमांक एमपी 20 आर 3019 में रिश्तेदार ग्राम भखरवारा थाना बहोरीबंद निवासी सरहज आशा दुबे, सास इमरती बाई दुबे, सास विजय रानी दुबे, साला सौरभ दुबे, भतीजा दीपक दुबे, साला अभिषेक दुबे के साथ व्रत बंध कराने बाबाताल मंदिर सिहोरा में कार्यक्रम में आये थे। कार्यक्रम के बाद शाम लगभग 5.30 बजे अपनी आटो में बैठाकर ग्राम भखरवारा छोड़ने जा रहा था जैसे ही एन एच 30 रोड गंजताल मोड़ कटनी जबलपुर रोड पहुंचा और रोड क्रास कर रहा था तभी कटनी तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेड एन 6363 के चालक ने उसकी आटो में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे आटो पलट गया और। आटो पलटने से उसमें सवार आटो चालक नरसिंह चौबे, आशा दुबे, इमरती बाई दुबे, विजय रानी दुबे, सौरभ दुबे, दीपक दुबे को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गयीं तथा आटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती सुनीता गुप्ता-** शिवनगर अधारताल निवासी श्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता गुप्ता (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरविंद दुबे-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री अरविंद दुबे (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश कुमार रैकवार-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री काशी प्रसाद रैकवार के पुत्र श्री महेश कुमार रैकवार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लता सोनी-** नर्मदा नगर मालगुजार परिसर गोहलपुर निवासी श्री गनेश सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती लता सोनी (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमलेश चौधरी-** ब्यौहारबाग निवासी श्री पीतम लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती काशी बाई-** इंद्रा नगर व्हीकल रिछाई निवासी श्री छेदी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती काशी बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद रजक-** बड़ी उखरी एमआरफोर रोड निवासी श्री रोहणी रजक के पुत्र श्री आनंद रजक (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रंजना दास-** गायत्री नगर कटनी निवासी श्री रवींद्र नाथ दास की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना दास (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश विश्वकर्मा-** सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री कैलाश विश्वकर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कन्हैया लाल कोरी-** महानद्दा गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री उमाशंकर कोरी के पुत्र श्री कन्हैया लाल कोरी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप



### आरबीआई ने 10 अरब डॉलर मूल्य की मुद्रा अदलाबदली की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय प्रणाली में लंबी अवधि की तरलता बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिकी डॉलर एवं रुपये की अदलाबदली की। इस नीलामी को जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। आरबीआई ने बयान में कहा कि इस नीलामी के पहले चरण का निपटान 26 मार्च को और दूसरा 27 मार्च को संपन्न होगा। तीन साल की अवधि के लिए अमेरिकी डॉलर/भारतीय रुपये की खरीद/बिक्री अदलाबदली नीलामी को 2.23 गुना अभिदान मिला।


### एनबीसीसी को उत्तराखंड में मिला 439 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को उत्तराखंड निवेश व अवसंरचना बोर्ड (यूआईआईडीबी) से 439 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना के अनुसार, 439 करोड़ रुपये के ठेके के तहत कंपनी को रोड़ी बेलवाला क्षेत्र पुनरोद्धार, सती कुंड और आसपास के विकास, हर की पौड़ी व सुभाष घर पुनरोद्धार और रेलवे स्टेशन (मौजूदा बस स्टैंड, हरिद्वार) के सामने ऊपरी सड़क पर पार्किंग तथा वाणिज्यिक क्षेत्र का पुनर्विकास करना है।



### गोदरेज प्रापर्टीज ने 1000 करोड़ से अधिक संपत्तियां बेचीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने हैदराबाद में अपनी पहली आवासीय परियोजना में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। कंपनी ने जनवरी में हैदराबाद में अपनी पहली परियोजना शुरू की थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया, उसने कोकापेट में अपनी परियोजना 'गोदरेज मैडिसन एवेन्यू' के तहत परियोजना शुरू होने के कुछ ही सप्ताह के भीतर 300 से अधिक मकान बेच दिए हैं।



### सेल का डिजिटल बदलाव के लिए मैकिन्से से करार

**नई दिल्ली।** महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने एक व्यापक डिजिटल बदलाव कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए मैकिन्से एंड कंपनी इंडिया एलएलपी के साथ साझेदारी की है। सेल ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में हुए रणनीतिक समझौते के तहत कंपनी में डिजिटल परिवर्तन के लिए सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। यह परिचालन दक्षता, ग्राहक अनुभव और तकनीकी नवोन्मेषण को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सेल SAIL

### दिसंबर तिमाही में 38 ब्रांडेड होटल खुले

**नई दिल्ली।** देश में आतिथ्य क्षेत्र की बढ़ती गतिविधियों के बीच पिछले साल अक्टूबर-दिसंबर के दौरान 3,293 कमरों वाले 38 'ब्रांडेड' होटल खोले गए। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल इंडिया के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही में 11,943 कमरों वाले 99 'ब्रांडेड' होटल के लिए अनुबंध भी हुए। सलाहकार फर्म ने कहा, 'भारतीय आतिथ्य क्षेत्र ने 2024 की दिसंबर तिमाही में मजबूत वृद्धि प्रदर्शित की। इसमें शीर्ष छह बाजारों में औसत दैनिक दर (एडीआर) और प्रति उपलब्ध कमरे से राजस्व (रेवपीआर) दोनों में वार्षिक आधार पर वृद्धि देखी गई।'



# 1 मई से एटीएम से पैसा निकालने और बैलेंस चेक करने पर ज्यादा लगेगा चार्ज

## एटीएम चार्ज बढ़कर 19 रुपए होगा, बैलेंस चेक करने का चार्ज 7 रुपए हो जाएगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक मई से एटीएम इस्तेमाल करने वालों को थोड़ा ज्यादा पैसा देना पड़ सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एटीएम इंटरचेंज फीस बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। इसका मतलब है कि अगर आप अपने बैंक के अलावा किसी और बैंक के एटीएम से पैसे निकालते हैं या बैलेंस चेक करते हैं तो आपको ज्यादा चार्ज लगेगा। व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर्स के कहने पर और आरबीआई की मंजूरी के बाद ये बदलाव होने जा रहा है। 1 मई से एटीएम इस्तेमाल करने पर लगने वाले चार्ज बढ़ जाएंगे। कैश निकालने का चार्ज 17 रुपए से बढ़कर 19 रुपए हो जाएगा। बैलेंस चेक करने का चार्ज 6 रुपए से बढ़कर 7 रुपए हो जाएगा। ये चार्ज तब लगेंगे जब आप महीने में मिलने वाली मुफ्त लिमिट खत्म कर लेंगे। मेट्रो शहरों में पांच और नॉन-मेट्रो शहरों में तीन मुफ्त ट्रांजैक्शन मिलते हैं।

### छोटे बैंकों पर होगा ज्यादा असर

छोटे बैंकों पर इसका ज्यादा असर पड़ेगा। कारण है कि वे अपने सीमित एटीएम नेटवर्क के कारण दूसरे बैंकों के एटीएम पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। इंटरचेंज फीस बढ़ने से ग्राहकों पर सीधा असर पड़ेगा। इंटरचेंज फीस वह रकम है जो एक बैंक दूसरे बैंक को तब देता है जब कोई ग्राहक दूसरे बैंक का एटीएम इस्तेमाल करता है। ज्यादा चार्ज लगने से बचने के लिए एटीएम का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले लोग अपने बैंक के एटीएम का इस्तेमाल कर सकते हैं। वे डिजिटल पेमेंट के तरीके भी अपना सकते हैं।



### क्या कहते हैं नए नियम?

- कैश निकालने का चार्ज: 17 रुपए (पहले) 19 रुपए प्रति ट्रांजैक्शन
- बैलेंस इंक्वायरी फीस: 6 रुपए (पहले) 7 रुपए प्रति ट्रांजैक्शन

### कब किन पर लागू होगा?

1 मई 2025 से यह नियम उन लोगों पर लागू होगा जो महीने में मिलने वाली मुफ्त लिमिट से ज्यादा ट्रांजैक्शन करते हैं। मेट्रो शहरों में पांच और नॉन-मेट्रो शहरों में तीन मुफ्त ट्रांजैक्शन मिलते हैं।

### बढ़ोतरी आरबीआई की मंजूरी से

यह बढ़ोतरी आरबीआई की मंजूरी से की गई है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के एक प्रस्ताव पर यह आधारित है। व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर्स फीस बढ़ाने के लिए दबाव डाल रहे थे। उनका कहना था कि पुरानी फीस से बढ़ते खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

## जलवायु परिवर्तन के कारण अधिक गर्मी पड़ने की संभावना

# भारत इस साल गर्मी में दस प्रतिशत अधिक बिजली मांग के लिए तैयार रहे: विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


देश में इस साल अधिक गर्मी पड़ने के मौसमी अनुमानों को देखते हुए विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि भारत को इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग में नौ से 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पिछले साल अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की अधिकतम मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी जो अनुमान से 6.3 प्रतिशत अधिक थी।

- पिछले साल बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट को पार कर गई

जलवायु परिवर्तन से प्रेरित गर्मी का तनाव बिजली की मांग को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। वर्तमान में उद्योग, घरेलू उपभोग और कृषि क्षेत्र की कुल बिजली खपत में क्रमशः 33 प्रतिशत, 28 प्रतिशत और 19 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

**खास बातें**

- बिजली की मांग अनुमान से 6.3 प्रतिशत अधिक रही
- वर्तमान में उद्योगों की खपत भागीदार 33 प्रतिशत है



### घरेलू बिजली की मांग तेजी से बढ़ी

दिल्ली स्थित शोध संस्थान 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रमुख दिशा अग्रवाल के मुताबिक, पिछले एक दशक में घरेलू बिजली की मांग सबसे तेजी से बढ़ी है। घरेलू बिजली की खपत का हिस्सा 2012-13 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 25 प्रतिशत हो गया।

### एसी की बिक्री में 40 से 50 फीसदी तक वृद्धि

*यह तेजी आर्थिक वृद्धि और बढ़ते तापमान के कारण घरों एवं दफ्तरों को ठंडा रखने की बढ़ती जरूरतों के कारण है। अग्रवाल ने कहा कि 2024 की गर्मियों में रिकॉर्डतोड़ तापमान के बीच कमरे के एयर कंडीशनर की बिक्री में सालाना आधार पर 40-50 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।*

### चरम मांग थोड़े समय तक ही होगी

*अग्रवाल ने कहा, ''भारत को अब लंबी गर्मी और 9-10 प्रतिशत की बिजली की मांग में वृद्धि के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि, हमारे विश्लेषण से पता चलता है कि यह चरम मांग केवल थोड़े समय तक ही रहेगी।'' अग्रवाल ने कहा कि भारत की बिजली की खपत 2020-21 से सालाना लगभग नौ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि इससे पहले के दशक में यह पांच प्रतिशत प्रति वर्ष थी।*

### एसी की बढ़ती मांग को लेकर चिंता

पिछले सप्ताह नैचुरल रिसोर्स डिफेंस काउंसिल की तरफ से आयोजित एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने के कारण एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ने को लेकर चिंता जताई। विश्व बैंक में दक्षिण एशिया के लिए ढांचागत नीति एवं वित्त के प्रबंधक आभास झा ने कहा कि मध्यम उत्सर्जन परिदृश्य के तहत, भारत में लू चलने के मामले तिगुना होने के आसार हैं।

### हर 15 सेकंड में भारत में एक एसी बिकता है

झा ने कहा, ''भारत वैश्विक स्तर पर एयर कंडीशनर (एसी) का सबसे बड़ा बाजार बनने के लिए तैयार है। हर 15 सेकंड में भारत में एक एसी बेचा जाता है। देश में एसी की पहुंच वर्तमान में लगभग आठ प्रतिशत है जबकि विकसित देशों में यह 90 प्रतिशत है। ऐसे में भारत में एसी की पहुंच बढ़ने जा रही है।''

# घरेलू शेयर बाजारों में लगातार सातवें सत्र में भी रही तेजी जारी

## सेंसेक्स 33 अंक चढ़ा, निफ्टी में 10 अंक की तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मुनाफावसूली हावी रहने से मंगलवार को मानक सूचकांक मामूली बढ़त के साथ लगातार सातवें दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 33 अंक की बढ़त में रहा जबकि निफ्टी में 10 अंक का सुधार देखा गया।

विश्लेषकों ने कहा कि एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी दिग्गज कंपनियों में लिवाली जारी रहने के बावजूद डॉलर के मुकाबले रुपये में आई गिरावट से बाजार का लाभ सीमित रहा। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स 32.81 अंक बढ़कर 78,017.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 757.31 अंक बढ़कर 78,741.69 अंक तक पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली ने इसकी बढ़त सीमित कर दी। निफ्टी 10.30 अंक बढ़कर 23,668.65 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''छह दिन की तेज बढ़त के बाद छोटे एवं मझोले शेयरों में कुछ मुनाफावसूली देखी गई। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र ने हल्के शुल्क की उम्मीदों और मूल्यांकन में हाल ही में सुधार से उपजे सकारात्मक वैश्विक संकेतों से लाभ दर्ज किया।'' नायर ने कहा, ''निकट अवधि में निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार नीति पर स्पष्टता आने तक सतर्क रुख अपना सकते हैं। ब्याज दरों में अपेक्षित कटौती और रुपये की चाल जैसे अनुकूल संकेतक बाजार की धारणा को समर्थन दे रहे हैं।''

- डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट से बाजार का लाभ सीमित रहा



### एशियाई बाजार में रहा मिला जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त पर रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

## सोना टूटकर 90,450 रुपए प्रति 10 ग्राम रही

# सोने में 100 और चांदी में 500 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 100 रुपये टूटकर 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क के अगले दौर के, अपने शुरुआती अनुमान से कम कठोर होने के संकेत के बाद, डॉलर और बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। चांदी की कीमतें भी सोमवार के बंद स्तर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 500 रुपये घटकर 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 12.56 डॉलर या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 3,023.60 डॉलर प्रति औंस हो गया।

- आभूषण व फुटकर विक्रेताओं की कमजोर मांग रही



### व्यापार युद्ध की आशंका कम हुई

कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''अमेरिकी शुल्क की अगली लहर के अधिक केंद्रित होने के संकेतों से व्यापारियों को राहत मिलने से सोना 3,020 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा है, जिससे व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है।''

# सात कृषि उत्पादों में डिरिवेटिव कारोबार एक साल के लिए रोका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने कीमतों पर लगाम लगाने के लिए गेहूं और मूंग सहित सात कृषि वस्तुओं में डेरिवेटिव कारोबार पर लगाई रोक को मार्च, 2026 तक के लिए बढ़ा दिया।

- सेबी ने इन उत्पादों पर रोक मार्च 2026 तक के लिए फिर बढ़ाई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने गेहूं और मूंग के अलावा धान (गैर-बासमती), चना, कच्चा पाम तेल, सरसों के बीज एवं इसके डेरिवेटिव और सोयाबीन एवं इसके डेरिवेटिव कारोबार को निलंबित किया हुआ है। यह निर्देश शुरुआत में 19 दिसंबर, 2021 को जारी किया गया था जो 20 दिसंबर, 2022 तक लागू था। लेकिन बाद में इसे एक अतिरिक्त वर्ष के लिए 20 दिसंबर, 2023 तक और फिर 20 दिसंबर, 2024 तक बढ़ा दिया गया। इस निलंबन को फिर से 31 जनवरी, 2025 तक और फिर दो महीने के लिए मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया था। अब बाजार नियामक ने 31 मार्च, 2026 तक व्यापार प्रतिबंधों को लागू रखते हुए रोक को एक और साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया है।



# ओला इलेक्ट्रिक ने रोसमेर्टा से बकाया राशि का किया निपटान

**रोसमेर्टा ग्रुप वाहन पंजीकरण सेवा प्रदाता है**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसकी शाखा ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने पूर्व वाहन पंजीकरण सेवा प्रदाता रोसमेर्टा ग्रुप के साथ सभी बकाया राशि का निपटान कर लिया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने रोसमेर्टा ग्रुप के साथ सभी बकाया राशि का सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटान कर लिया है। इसके बाद रोसमेर्टा ग्रुप ने एनसीएलटी (बेंगलुरु) से उक्त याचिकाओं को वापस लेने के लिए एक ज्ञापन दायर किया है। इसमें कहा, '' इस मामले में पक्षों के बीच कोई और दावा या विवाद लंबित नहीं है।'' ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने कहा कि कंपनी मजबूत व्यावसायिक संबंध बनाए रखने और किसी भी वाणिज्यिक मुद्दे का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महीने की शुरुआत में, रोसमेर्टा डिजिटल सर्विसेज लिमिटेड ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की मांग की थी। उसने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलटी) की बेंगलुरु पीठ के समक्ष एक याचिका में ओला पर उसे प्रदान की गई सेवाओं के भुगतान में चूक का आरोप लगाया गया था।



### ओला ने किया अनुबंध समाप्त

ओला इलेक्ट्रिक ने पिछले सप्ताह कहा था कि उसने परिचालन को सुव्यवस्थित करने और लाभप्रदता बढ़ाने की रणनीति के तहत अपनी पंजीकरण प्रक्रिया का प्रबंधन करने वाले दो राष्ट्रव्यापी विक्रेताओं के साथ अनुबंध समाप्त कर दिया है।

# आरबीआई ने पीएसएल के मानदंडों में किया संशोधन

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) पर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। इस कवायद का मकसद इन क्षेत्रों को बेहतर ढंग से लक्षित बैंक कर्ज उपलब्ध कराना है। आरबीआई ने कहा कि नए दिशानिर्देश एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगे। आरबीआई ने बयान में कहा, 'संशोधित दिशानिर्देशों से अर्थव्यवस्था के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को बेहतर ढंग से लक्षित बैंक ऋण की सुविधा मिलने की उम्मीद है।' नए मानदंडों में किए गए बदलावों में कई ऋण सीमाओं को बढ़ाना शामिल है। इसके तहत नवीकरणीय ऊर्जा के तहत वर्गीकरण को व्यापक बनाया गया है। इनमें कमजोर वर्गों की श्रेणी के तहत कर्ज लेने की योग्यता की सूची को भी बढ़ाया गया है और शहरी सहकारी बैंकों के ऋण पर मौजूदा सीमा को भी खत्म किया गया है।



# एसएंडपी ने भारत के आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर अमेरिका के बढ़ते शुल्क तथा वैश्वीकरण पर पड़ने वाले दबाव का असर पड़ेगा।

- वर्ष 2025-26 के लिए घटाकर 6.5 प्रतिशत किया

एशिया-प्रशांत (एपीएसी) के लिए मंगलवार को जारी अपने आर्थिक परिदृश्य में एसएंडपी ने कहा कि इन बाहरी दबावों के बावजूद उसे उम्मीद है कि अधिकतर उभरती-बाजार अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू मांग की गति मजबूत बनी रहेगी। एसएंडपी ने कहा, '' हमारा अनुमान है कि 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह हमारे पहले लगाए गए 6.7 प्रतिशत के अनुमान से कम है।'' पूर्वानुमान में आगामी मानसून सामान्य रहने तथा जिंस खासकर कच्चे तेल की कीमतें नरमी रहने की संभावना जाहिर की गई है। एसएंडपी ने कहा, '' हमारा अनुमान है कि भारतीय रिजर्व बैंक चालू चक्र में ब्याज दर में 0.75 प्रतिशत से एक प्रतिशत तक की कटौती करेगा। खाद्य मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से कुल मुद्रास्फीति मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य के पास आ जाएगी और राजकोषीय नीति नियंत्रित रहेगी।''




### आरबीआई ने नीतिगत दर में की थी कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले महीने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर को 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत कर दिया था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि एशिया-प्रशांत की अर्थव्यवस्थाएं खासकर बढ़ते अमेरिकी शुल्क और सामान्य रूप से वैश्वीकरण पर पड़ने वाले दबाव का असर महसूस करेंगी।

## केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने एएमसीएचएएम के कार्यक्रम में कहा

# सड़क दुर्घटनाओं से जीडीपी को तीन फीसदी नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि देश में सालाना करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और इस वजह से भारत को हर साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तीन प्रतिशत नुकसान हो रहा है।

- पेश में सालाना करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती है

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडिया (एएमसीएचएएम) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। गडकरी ने 'सड़क सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप: अमेरिका-भारत साझेदारी' शीर्षक वाले कार्यक्रम में कहा कि देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण समस्या सड़क दुर्घटनाएं हैं।



### 10 हजार मौतें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की

गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल 4,80,000 दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के 1.88 लाख लोग मारे जाते हैं। मंत्री ने चिंता जताते हुए कहा कि 10,000 मौतें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की होती हैं।

### कारण खराब विस्तृत रिपोर्ट

गडकरी ने कहा, ''यह प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों में एक है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीडीपी का तीन प्रतिशत हिस्सा खो रहे हैं।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में खराब विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) भी एक है।

### लागत बचाने के कारण गंभीर हादसे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''डीपीआर सलाहकार सड़क दुर्घटनाओं के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। कभी-कभी लागत बचाने, अन्य विभिन्न कारणों और गैर-गंभीर नजरिये के कारण ऐसा होता है।'' गडकरी ने कहा कि जो भी सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करेगा, सरकार ने उसे 25,000 रुपये का पुरस्कार देने का फैसला किया है।

### भर्ती पर इलाज के लिए डेढ़ लाख

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''अगर कोई व्यक्ति दुर्घटना के बाद किसी अस्पताल में भर्ती होता है... तो हम उसे इलाज के लिए अधिकतम 1.5 लाख रुपये या सात साल तक इलाज का खर्च दे सकते हैं।''

### भारी माल वाहक भी हादसे का कारण

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारी माल वाहक भी कई बार सड़क हादसों का कारण बनते हैं। उनकी कोशिश है कि सामान की ढुलाई के लिए सड़क की जगह समुद्री रास्ते और ट्रेनों का इस्तेमाल किया जाए। वे देश के कई हिस्सों में ड्राई पोर्ट बनाने के इच्छुक हैं। जिससे माल गाड़ी से कंटेनर के माध्यम से सामान की ढुलाई हो सके।

## चिंतन

# पीओके लेने के लिए ठोस कदम उठाए भारत

पाकिस्तान के अवैध कब्जे से पीओके को लेने के लिए भारत को ठोस कदम के साथ आगे बढ़ना होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर से कहा है कि पाकिस्तान पीओके पर अवैध कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। यूएन में पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने कश्मीर राग अलापा है। यूएन की रूटीन चर्चा में भी पाक कश्मीर पर ही अपना मुंह खोलता है। भारत ने हर दफा मुंहतोड़ जवाब दिया है। यूएनएससी में इस बार भी पीस कीपिंग चर्चा के दौरान जब पाक ने कश्मीर पर अनर्गल बात की तो, भारत ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना ही होगा। यूएन में पाक के इस तरह के बार-बार उल्लेख न तो उनके (पाकिस्तान के) अवैध दावों को मान्य करते हैं और न ही उनके राज्य प्रायोजित सीमा पार से आतंकवाद को उचित ठहराते हैं। पाकिस्तान को अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए यूएन मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान ने हमेशा ही झूठ बोला है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, पीओके विदेशी जमीन है, वह पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। पाकिस्तान के संविधान का आर्टिकल एक कहता है कि पाकिस्तान में बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब और सिंध प्रांत हैं। उसके संविधान में पीओके का कोई जिक्र नहीं है। पाकिस्तान ने संविधान में पीओके का जिक्र आर्टिकल 257 में किया है, जिसमें कहा गया है कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा तब ही होगा जब वहां के लोग हमसे जुड़ना चाहेंगे। पाकिस्तान सरकार ने वर्ष 2024 की तारीख 31 मई को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में कहा था कि पीओके विदेशी जमीन है। उस वक्त कश्मीरी कवि और पत्रकार अहमद फरहद शाह की किडनैपिंग के मामले को लेकर सुनवाई चल रही थी। इस दौरान पाकिस्तान के अटार्नी जनरल ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर विदेशी जमीन है। ऐसे में पाकिस्तान को पीओके से अपने अवैध कब्जे को तत्काल हटाना चाहिए और यूएन में कश्मीर को लेकर बार-बार झूठ नहीं बोलना चाहिए। अब समय आ गया है कि केवल बातों और बयानों से भारत पीओके हासिल नहीं कर सकेगा, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक व सामरिक दबाव बढ़ाना होगा, यूएन जैसे ग्लोबल मंचों का इस्तेमाल भी पीओके के लिए करना होगा। ताकतवर देशों के साथ मजबूत संबंध के बाद अब भारत को पीओके की दिशा में सामरिक कदम पर विचार करना चाहिए। पाकिस्तान का मानना है कि पीओके के लोग जब जुड़ना चाहेंगे, तब वह उसका हिस्सा होगा। भारत को पाकिस्तान की इस संवैधानिक स्थिति का फायदा उठाना चाहिए, क्योंकि पूर्व में कई बार पीओके के लोग पाक एस्टाब्लिशमेंट के खिलाफ मुखालफत कर चुके हैं। पीओके के लोगों को भारत में मिलने के लिए जनमत के जरिये आगे आना चाहिए। पीओके में पाकिस्तान विरोधी आंदोलन भारत के लिए एक अवसर जैसा है। 1947 में जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरि सिंह ने भारत में विलय के लिए हस्ताक्षर भी किया था। यह कानूनी स्थिति भारत के पक्ष में है। कई स्थितियां हैं, जिससे भारत पीओके हासिल कर सकता है। पीछे चार बार के युद्ध के दौरान भारत ने पीओके व गिलगित बाल्टिस्तान को हासिल करने में अवसर गंवाए हैं। शांति के माहौल में वार्ता से भी भारत पीओके हासिल कर सकता है, हालांकि यह कठिन राह है।



# उपलब्धियां कई पर चुनौतियां भी अनेक

**मूल्यांकन**
अरविंद जयतिलक

> उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है।

किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के महत्व-मूल्यांकन, उपलब्धियां-चुनौतियां एवं जनता की कसौटी पर खरा उतरने-परखने के लिहाज से आठ वर्ष का समय पर्याप्त होता है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कालखंड की मीमांसा आवश्यक है। आमतौर पर एक कृषि प्रधान राज्य में सरकारों के कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो योगी सरकार के आठ वर्ष का कामकाज सराहनीय रहा है। 2017 में सत्ता की लगाम थामते ही सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों के एक लाख रुपये तक का फसली ऋण माफ किया। इस निर्णय से 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। आज आठ वर्ष बाद योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार ने विगत आठ वर्षों में गन्ना किसानों को 2.87 लाख करोड़ रुपये का भुगतान कर उनके चेहरे पर खुशियां ला दी हैं। गौर करें तो यह 1994 से 2016 यानि 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ रुपये अधिक है। सफल कृषि नीति से राज्य में 23 हजार हेक्टेअर सिंचन भूमि में वृद्धि हुई है।


इसी तरह अनाज उत्पादन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अच्छी बात यह कि सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को परंपरागत कृषि की जगह बाजार की मांग के अनुसार खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। गौर करें तो उत्तर प्रदेश की कृषि सूखा, बाढ़ और ओले के प्रहार से बर्बाद होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया है। इसके दायरें में बंटाईदारों को भी लाया है। सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले हर चौथे महीने दो हजार रुपये का भुगतान को भी सुनिश्चित किया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। कृषि को मजबूती देने के लिए सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए कानून बनाए हैं और अवैध बुचड़खानों को बंद कराया है। कृषि उत्थान के साथ-साथ उद्योग-धंधे और कल-कारखानों का विकास होना आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया। आंकड़ों पर गौर करें तो विगत आठ वर्षों में राज्य में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है। इससे तकरीबन 60 लाख नौजवानों को रोजगार मिला है। आठ वर्षों में प्रदेश का जीएसडीपी 2017 के मुकाबले दोगुना होकर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। 'इज ऑफ डूइंग' बिजनेस से उद्योगों एवं कल-कारखानों को नई संजीवनी मिली है। विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 2017 में 14वें स्थान पर था, जो आज दूसरे स्थान पर है। सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2017 लागू की जिसके परिणामस्वरूप निवेशकों को कर में छूट एवं सब्सिडी तथा जमीन आवंटन में मदद मिली है। सरकार ने राज्य में 33



सेक्टोरल पॉलिसी को धार दी है जिससे उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास का नया धूमकेतु बनकर उभरा है। सरकार की ठोस पहल के कारण डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल फॉर्मा सेक्टर को पंख लगा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इन योजनाओं से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा के बाद बीडा के रूप में उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त इलाके बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाया जा रहा है। बुंदेलखंड में ड्रग व फार्मा की स्थापना और रक्षा औद्योगिक गलियारे का काम भी तेजी पर है जो कि न सिर्फ इस इलाके को दुनिया के नक्शे पर लाएगा बल्कि इसके जरिए मेक इन इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। करीब पांच हजार हेक्टेयर में यह गलियारा छह शहरों लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में विकसित होगा। योगी सरकार ने इसमें रक्षा से जुड़े उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विशेष रियायत देने की पेशकश की है। अच्छी बात यह है कि पांच दर्जन से अधिक कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारा में निवेश करने के लिए अभिरुचि दिखायी है। गौर करें तो यूपी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को पाटने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछा रही है। मौजूदा समय में 6 एक्सप्रेस वे संचालित हैं और 11 पर काम जारी है। गंगा एक्सप्रेस वे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 2017 तक एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 491 किमी थी जो आज 2024 में बढ़कर 1225 किलोमीटर हो गई है। 32 हजार किलोमीटर से अधिक लंबाई के मार्गों का नवनिर्माण हुआ है और 25 हजार किलोमीटर के मार्गों का चौड़ीकरण हुआ है। किसी भी राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद आवश्यक है। कनेक्टिविटी बढ़ने से राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सरकार इस दिशा में पहल कर राज्य के आठ शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। गौर करें तो 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 एयरपोर्ट थे। आज उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर है जिनमें 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो चुका है जो देश का सबसे बड़ा कार्गो हब बनने जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पर्यटन, निर्यात, रोजगार और कानून-व्यवस्था में मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 46 हजार रुपये थी जो आज 2024 में बढ़कर एक लाख 24 हजार रुपये हो गई है। बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत पर आ चुकी है। एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ और ओडीओपी योजना से 2.54 लाख लोगों को रोजगार मिला है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण तकरीबन 8.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मिली है। पर्यटन क्षेत्र को पंख लगा है और रोजगार की संभावनाओं के द्वार खुले हैं। 2017 से पहले 21 करोड़ पर्यटक आए थे लेकिन 2024 में यह संख्या बढ़कर 67 करोड़ हो गई है। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, चित्रकुट और विंध्याचल पर्यटकों से वर्ष भर गुलजार रहते हैं। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार का कदम सख्ती भरा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 222 अपराधी मारे जा चुके हैं। 28000 से अधिक अपराधी जेल भेजे गए हैं। माफियाओं के अवैध कब्जे से लगभग 3000 करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। कुल मिलाकर कहें तो अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी पर खरा उतरी है। इसके लिए वह बधाई की पात्र है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊँचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। यहाँ हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादें लेकर आते है।

## हैप्पीनेस

डॉ. राजेश के. पिलानिया



# खुशी की सरल-कठिन चुनौती

*खुशी के बारे में सरल बात यह है कि यह बहुत कठिन है*
*खुशी के बारे में कठिन बात यह है कि यह बहुत सरल है!*

खुशी को अक्सर जीवन का अंतिम लक्ष्य बताया जाता है। हम में से ज्यादातर लोग खुशी की तलाश करना चाहते हैं, लेकिन फिर भी, हमारे आसपास बहुत सारा तनाव और नाखुशी है। खुशी की यात्रा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक चुनौती है खुशी की सरल-कठिन चुनौती। अपने पंद्रह साल के खुशी के काम में, मैंने लोगों के दो बड़े समूह देखे हैं: जो लोग खुश हैं और जो लोग खुश नहीं हैं। जब मैं नाखुश लोगों से मिलता हूं, तो मैं एक आम समस्या देखता हूं, जिसे मैं खुशी की सरल-कठिन चुनौती कहता हूं।

अपने संवादों में, मैं नाखुश लोगों की बात धैर्य से सुनता हूं।

लोगों का एक समूह ऐसा है जो कहता है,

"खुशी बस खुश रहना है।" "खुशी बस मन की स्थिति है।" "खुशी मेरे अंदर है।" "खुशी के बारे में क्या सीखना है?" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी आसान और सरल है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। लोगों का एक दूसरा समूह है जो कहता है,


"खुशी बहुत मुश्किल है।" "पता नहीं खुश कैसे रहें।" "खुशी मेरे लिए नहीं है।" "मुझे यकीन नहीं है कि मैं खुश हो सकता हूँ।"

"पहले मुझे अपनी जिम्मेदारियां, काम संभालना है, और बाद में खुशी।"

"मोक्ष और निर्वाण प्राप्त करना इतना असंभव है।" और इसी तरह, ये लोग सोचते हैं कि खुशी मुश्किल और जटिल है। जब मैं उनसे पूछता हूं कि क्या वे खुश हैं, तो ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि वे नहीं हैं। वे खुश होने को निकट भविष्य में एक संभावना के रूप में नहीं देखते और खुश होने की कोशिश करने से पहले ही हार मान लेते हैं। यही है जिसे मैं सरल-कठिन चुनौती कहता हूं, यानी कुछ लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी आसान है, इसे हल्के में लेते हैं, और इसका अभ्यास नहीं करते। दूसरे लोग इसलिए नाखुश हैं क्योंकि वे सोचते हैं कि खुशी मुश्किल है और इसे आजमाते ही नहीं। यह खुशी के अनुशासन या हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें खुशी का एक यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा। खुशी न तो उतनी सरल है और न ही उतनी मुश्किल जितना हम सोचते हैं। हमें यह जागरूकता होनी चाहिए कि स्थायी खुशी मुश्किल है, लेकिन इसे छोटे कदमों से शुरू करके और निरंतरता बनाए रखकर आसान बनाया जा सकता है। व्यवहार विज्ञान में शोध दिखाता है कि छोटे से शुरू करके हमारे व्यवहार को बदलना संभव है। मस्तिष्क विज्ञान में शोध यह भी दिखाता है कि जब हम छोटे कदमों से शुरू करते हैं जो कम ऊर्जा लेते हैं, तो हमारा मस्तिष्क इसका समर्थन करता है। खुशी की यात्रा पर रोजाना छोटे कदम उठाकर और इसका आनंद लेकर, निरंतरता बनाए रखते हुए, हम प्रभावी ढंग से खुशी की यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं। खुशी के बारे में सही ज्ञान प्राप्त करके, इसके सकारात्मक प्रभाव को महसूस करके, इसे अधिक गंभीरता से लेकर, इसे अपना समय, ऊर्जा और ध्यान देकर, छोटे कदमों से शुरू करके लेकिन निरंतर बने रहकर, हम खुशी की यात्रा को सफलतापूर्वक पार कर सकते हैं और रास्ते में आने वाली चुनौतियों, जैसे कि खुशी की सरल-कठिन चुनौती, का ध्यान रख सकते हैं।

(लेखक प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मानव अपनी दौड़ को सीमित करे




संकलित
**दर्शन**

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। प्राचीनकाल से मनुष्य वस्तुओं का परिवार के लिए संचय ही करते आया है। इस संचय का वह सीमित लाभ ही उठा पाता है। जानते हुए भी मनुष्य की प्रवृत्ति संचय की होती है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### सकारात्मक सोच से दूर होगा डिप्रेशन

आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में आज बहुत से लोग डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। यह भी सच है कि जब किसी को दो वक्त की रोटी नसीब न हो पाए, बच्चों की पढ़ाई का खर्च पूरा न हो पाए या फिर दूसरे जरूरी खर्च पूरे न हो पाए तो ऐसी परिस्थितियों में कोई भी व्यक्ति तनाव में आ सकता है। फिर भी कोशिश करनी चाहिए कि दिल-दिमाग पर तनाव हावी न हो पाए, क्योंकि तनाव लेने से किसी भी समस्या का हल तो नहीं निकल सकता। डिप्रेशन बहुत से लोगों की जान का दुश्मन बनता आ रहा है। कोई डिप्रेशन का शिकार न हो, इसके लिए किसी को भी न तो घर-परिवार में और न ही अपने ऑफिस में नकारात्मक बातें करनी चाहिए। सकारात्मक सोच से ही डिप्रेशन दूर होगा।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### अलगाववाद अब इतिहास



कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री


### दिल्ली का होगा विकास



हमारी सरकार का संकल्प है कि विकसित दिल्ली बजट में सिर्फ वादे नहीं, बल्कि मजबूत नींव डाली जाएगी। स्मार्ट इंफ्रा, सुगम सड़कें और स्टीम लैस कनेक्टिविटी के साथ अब दिल्ली होगी और अधिक विकसित और सुविधाजनक।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### सोना सुरक्षित निवेश



जब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत अनिश्चितता होती है, तो सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है। सबसे सुरक्षित निवेश के रूप में, सोना चमकने वाला है।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### ब्रह्मांड का हिस्सा



आप इस विशाल ब्रह्मांड का एक छोटा सा महत्वहीन हिस्सा हैं... फिर भी इस क्षण आपके अस्तित्व के बिना ब्रह्मांड का ताना-बाना ढह जाएगा... आप इस क्षण में इतने महत्वपूर्ण हैं..।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# न्यूयार्क में मनाया गया बिहार दिवस



न्यूयॉर्क में 'बिहार दिवस' मनाने के लिए शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बिहार की संस्कृति एवं विरासत को सराहा गया और राज्य से संबंध रखने वाले प्रवासी भारतीय समुदाय के चार विशिष्ट सदस्यों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। 'बिहार फाउंडेशन यूएसए' (ईस्ट कोस्ट) ने बताया कि यह आयोजन उसके, भारतीय वाणिज्य दूतावास और 'बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (बीजेएएनए) के सहयोग से किया गया। इसमें भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 130 से अधिक सदस्य शामिल हुए जिन्होंने बिहार की संस्कृति, उसके द्वारा की गई प्रगति और दुनियाभर में उसकी बढ़ती मौजूदगी को सराहा। इस अवसर पर महेश कुमार ('टाइगर एनालिटिक्स' के संस्थापक), डॉ. अभिषेक तिवारी ('केपीएमजी' कंपनी के 'ग्लोबल हेड ऑफ पीपल'), शरद कुमार ('बैंक ऑफ अमेरिका' के प्रबंध निदेशक) और कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश झा को 'बिहार विश्व गौरव सम्मान' दिया गया। इन सभी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), वित्त, कृषि और नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

## ऑफ बीट

# जिम की जगह खुद घर पर कर सकते हैं व्यायाम



जीवन यापन की बढ़ती लागत के साथ, जिम की सदस्यता और फिटनेस कक्षाएं तेजी से अप्रचलित होती जा रही हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि आप घर पर भी खुद से व्यायाम करके उतनी ही प्रगति कर सकते हैं। हृदय सहनशक्ति, मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन फिटनेस के सबसे महत्वपूर्ण घटक हैं। और प्रत्येक को बहुत कम या बिना किसी उपकरण के खुद से किया जा सकता है। हृदय सहनशक्ति व्यायाम हृदय और फेफड़ों को काम करने वाली मांसपेशियों को ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मजबूर करता है। पैदल चलना, जॉगिंग और दौड़ना बढ़िया विकल्प हैं, वैसे ही साइकिल चलाना, रस्सी कूदना और तैराकी भी है।अगला है मांसपेशियों की ताकत, जिसे हम प्रतिरोध व्यायाम के माध्यम से प्रशिक्षित करते हैं। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, संतुलन और चयापचय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर जब हमारी उम्र बढ़ती है और हमारी मांसपेशियों और ताकत में गिरावट आती है। स्क्वैट्स - कूल्हों, घुटनों और टखनों को मोड़कर खड़े होने से लेकर छाती को ऊपर रखते हुए कूल्हों, घुटनों और टखनों को सीधा करके खड़े होने तक। बेहतर लचीलापन आपकी गति की सीमा को बढ़ा सकता है और दैनिक जीवन को प्रबंधित करने की आपकी क्षमता में सुधार कर सकता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



रक्षा मंत्रालय का बड़ा दावा

# रक्षा निर्यात में भारत ने की 30 गुना वृद्धि : 10 साल पहले 686 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में हुआ 21,083 करोड़ का निर्यात

*भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक की तुलना में 30 गुना वृद्धि को दर्शाता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'मेक इन इंडिया' पहल से प्रेरित होकर सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा वस्तुएं बनाने वाली अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और निजी कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, देश का रक्षा उत्पादन का मूल्य वित्त वर्ष 2023-24 में 1,27,265 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो 2014-15 के 46,429 करोड़ रुपए से 174% की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। रक्षा बजट में 2013-14 के 2.53 लाख करोड़ रुपए से 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपए तक की वृद्धि, सैन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए देश के दृढ़ संकल्प को उजागर करती है। दरअसल, देश का रक्षा उत्पादन 'मेक इन इंडिया' पहल के शुभारंभ के बाद से असाधारण गति से बढ़ा है। कभी विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला हमारा देश अब स्वदेशी विनिर्माण में एक उभरती हुई शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है और अब घरेलू क्षमताओं के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत को आकार दे रहा है।

**रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी 21%**

**स्वदेशी रक्षा उत्पादन में 1.27 लाख करोड़ प्राप्त**




**रक्षा निर्यात में अभूतपूर्व बढ़ोतरी**

*मंत्रालय के अनुसार भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक की तुलना में 30 गुना वृद्धि को दर्शाता है। रक्षा निर्यात में साल-दर-साल 32.5% की बढ़ोतरी हुई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 15,920 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए हो गया।*

### रक्षा उत्पादन असाधारण गति से बढ़ा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा उत्पादन वृद्धि को मेक इन इंडिया पहल से बल मिला है, जिसने धनुष आर्टिलरी गन सिस्टम, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस), मुख्य युद्धक टैंक (एमबीटी) अर्जुन, लाइट स्पेशलिस्ट व्हीकल्स, हाई मोबिलिटी व्हीकल्स, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच), लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), आकाश मिसाइल सिस्टम, वेपन लोकेटिंग रडार, 3डी टैक्टिकल कंट्रोल रडार और सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो (एसडीआर) सहित उन्नत सैन्य प्लेटफार्मों के विकास को सक्षम किया है। इसके साथ ही विध्वंसक, स्वदेशी विमान वाहक, पनडुब्बियां, फ्रिगेट, कोरवेट, फास्ट पेट्रोल वेसल, फास्ट अटैक क्राफ्ट तथा ऑफशोर पेट्रोल वेसल जैसी नौसैनिक संपत्तियां भी विकसित की हैं।

### 100 से अधिक देशों को निर्यात

भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिसमें 2023-24 में अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया शीर्ष खरीदार के रूप में उभरे। सरकार का लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को 50,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाना है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत की भूमिका मजबूत होगी। भारत के विविध निर्यात पोर्टफोलियो में बुलेटप्रूफ जैकेट, डोर्नियर (डीओ-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, तीव्र गति की इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के वजन वाले टारपीडो शामिल हैं।

### 65% रक्षा उपकरण देश में बन रहे

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अब 65% रक्षा उपकरण घरेलू स्तर पर निर्मित किए जाते हैं, जो पहले की 65-70% आयात निर्भरता से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। एक मजबूत रक्षा औद्योगिक आधार में 16 डीपीएसयू, 430 से अधिक लाइसेंस प्राप्त कंपनियां और लगभग 16,000 एमएसएमई शामिल हैं, जो स्वदेशी उत्पादन क्षमताओं को मजबूत करते हैं। वहीं, निजी क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो कुल रक्षा उत्पादन में 21% का योगदान देता है और नवाचार एवं दक्षता को बढ़ावा देता है।

---

## खबर संक्षेप

### न्यूजीलैंड में 6.5 तीव्रता का भूकंप, सभी सुरक्षित



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि इसे काफी देर तक महसूस किया गया। जानकारी के मुताबिक, न्यूजीलैंड के साउथ आइलैंड के पश्चिमी तट पर आज सुबह 07.13 बजे 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप न्यूजीलैंड के स्नेरेस द्वीप समूह से लगभग 160 किमी उत्तर-पश्चिम में 33 किमी की गहराई पर आया है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि भूकंप लगभग 10 किमी की गहराई पर आया।

### ऑस्कर विजेता निर्देशक पर यहूदियों का हमला



**येरूशलम।** ऑस्कर विजेता डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के फिलिस्तीनी सह-निर्देशक हमदान बलाल पर वेस्ट बैंक में बसने वाले यहूदियों ने हमला किया और उन्हें सोमवार शाम गिरफ्तार कर लिया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि हमदान बलाल के साथ कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बसने वाले इजराइलियों ने मारपीट की, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा। जब उन्हें एंबुलेंस में इलाज दिया जा रहा था, तभी सैनिकों ने उन्हें और एक अन्य फिलिस्तीनी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया।

---

हुर्रियत में फूट पड़ने पर शाह बोले

## जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद अब खत्म, यह मोदी के सपने की जीत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एजेंसी, जम्मू। जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत के दो गुटों (जम्मू-कश्मीर पीपल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट) ने अलगाववाद से नाता तोड़ लिया है। इस पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि मैं इसका स्वागत करता हूं।

शाह ने कहा कि कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और अलगाववाद को हमेशा के लिए खत्म कर दें।

### हुर्रियत के प्रमुख नेता थे रेशी

बता दें कि एडवोकेट रेशी कट्टरपंथी सैयद अली शाह गिलानी के नेतृत्व वाली हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख नेताओं में एक गिने जाते रहे हैं। वह डीपीएम के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। रेशी ने सोमवार देर रात गए दैनिक जागरण से टेलीफोन में कहा कि मेरा हुर्रियत कान्फ्रेंस या डीपीएम या किसी अन्य अलगाववादी संगठन से कोई नाता नहीं है। मैं डीपीएम से पहले इस्तीफा दे चुका हूं। मैं सात वर्ष से खुद को अलगाववादी गतिविधियों से दूर रखे हुए हूं,क्योंकि मैं हुर्रियत और इस जैसे अन्य दलों की असलियत को समझ चुका था।

### मोहम्मद शफी रेशी ने भी तोड़ा नाता

कश्मीर में बह रही बदलाव की बयार के बीच सोमवार को एक और कट्टरपंथी अलगाववादी एडवोकेट मोहम्मद शफी रेशी ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट (डीपीएम) से नाता तोड़ने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने भारत की संप्रभुता अखंडता में आस्था जताते हुए कहा कि मेरा किसी भी राजनीतिक दल विशेषकर किसी अलगाववादी संगठन से जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कश्मीर की आजादी या कश्मीर को भारत से अलग करने का समर्थक है, से कोई सरोकार नहीं है।

---

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत की पाकिस्तान को दो टूक

## पाक का जम्मू-कश्मीर के हिस्से पर अवैध कब्जा जारी, जो उसे खाली करना ही होगा

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि वह जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र पर अवैध रूप से कब्जा जारी रखे हुए है, जो उसे खाली करना होगा। ये टिप्पणियां सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में अनुकूलता को बढ़ावा देने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की खुली बहस में कीं। वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के संदर्भ में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा।

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा जारी रखा है, जो उसे खाली करना होगा। यूएन में जम्मू-कश्मीर से जुड़ी पाकिस्तानी टिप्पणी को खारिज करते हुए राजदूत पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने एक बार फिर भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी की है। इस तरह बार-बार संदर्भ देने से उनके अवैध दावे मान्य नहीं हो सकते। न ही पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराया जा सकता है। हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश न करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस मामले में अधिक विस्तृत उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने से परहेज करेगा।

> *पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान ने भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर अनुचित टिप्पणी की है। इस तरह बार-बार संदर्भ देने से उनके अवैध दावे मान्य नहीं हो सकते। न ही पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद को उचित ठहराया जा सकता है। हम पाकिस्तान को सलाह देंगे कि वह अपने संकीर्ण और विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस मंच का ध्यान भटकाने की कोशिश न करे*

**बार-बार संदर्भ देने से पाक के अवैध दावे मान्य नहीं हो सकते**

**शांति सैनिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए**




### शांति सैनिक अभियानों में खतरा दोषियों को मिले सजा

*संयुक्त राष्ट्र में शांति सैनिक अभियानों को आधुनिक बनाने के मुद्दे पर हुई बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक अभियानों को अब कई खतरों का सामना करना पड़ता है, जिनमें सशस्त्र बलों की मौजूदगी, आतंकियों और अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क का खतरा शामिल है। साथ ही तकनीक के विकास ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। जिसमें घृणा अपराध, नए आधुनिक हथियार, ड्रोन्स, आईईडी आदि शामिल हैं। शांति सैनिकों को अब इन सभी चीजों से जूझना पड़ता है। पी हरीश ने कहा कि शांति सैनिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।*

### महिलाओं के बिना शांति स्थापना संभव नहीं

हरीश ने महिला शांति सैनिकों की भूमिका पर बात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना शांति स्थापना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अब यह सवाल नहीं है कि महिलाएं शांति स्थापना कर सकती हैं या नहीं। बल्कि, यह इस बारे में है कि क्या महिलाओं के बिना शांति स्थापना हो सकती है। कहा कि सितंबर 2024 तक 10 अभियानों में शामिल 153 महिलाओं सहित 5,384 कर्मियों के साथ भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में योगदान देने वाले शीर्ष देशों में शामिल है। लगभग 180 भारतीय शांतिसैनिकों ने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है।

### शांति सैनिक अभियानों की पर्याप्त फंडिंग भी होनी चाहिए

पी. हरीश ने कहा कि भारत अपने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्रों में आधुनिक चुनौतियों के अनुसार अपने पाठ्यक्रमों को तैयार करने का इच्छुक है। ये केंद्र दो दशकों से अधिक समय से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति सैनिकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। शांति सैनिक अभियानों के लिए आधुनिक सर्विलांस, संचार और डेटा एनालिटिक टूल्स की जरूरत है, साथ ही त्वरित प्रतिक्रिया क्षमताओं को भी बेहतर करने की जरूरत है।

---

जम्मू-कश्मीर के सीएम अब्दुल्ला ने बताई पीड़ा

## जब तक संसद राज्य का दर्जा नहीं देती, तब तक हम 'यूटी'

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को 'केंद्र शासित प्रदेश (यूटी)' शब्द के इस्तेमाल को लेकर विधानसभा से बहिर्गमन करने पर विपक्षी सदस्यों की आलोचना की और कहा कि जब तक संसद इसका राज्य का दर्जा बहाल नहीं कर देती, तब तक यह क्षेत्र केंद्र शासित प्रदेश ही रहेगा। विधानसभा ने जम्मू और कश्मीर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 में संशोधन करने वाले विधेयक को पारित किया।



### यूटी के तहत चुनाव लड़ा और शपथ ली

सीएम ने कहा कि सभी सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश के तहत शपथ ली और इसके तहत चुनाव लड़े। इस सदन द्वारा अब तक किए गए सभी कार्य जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के नाम से किए गए हैं। वित्त विधेयक के दौरान भी केंद्रशासित प्रदेश कहा।

### राज्य का दर्जा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

अब्दुल्ला ने कहा कि बहिर्गमन करने से इस मुद्दे पर कोई मदद नहीं मिलेगी। हममें से कुछ लोगों को व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी का पोस्ट मिला है, उसपर हमें राजनीति नहीं करनी चाहिए। सरकार राज्य के दर्जे की बहाली के लिए जीतोड़ कोशिश कर रही है। हम इसे बहाल करेंगे।

---

लीक हो गया ट्रंप का वार प्लान!

## ग्रुप चैट में हमले को लेकर दी थी जानकारी

**वॉशिंगटन।** यमन के हूती विद्रोहियों के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का वार प्लान लीक हो गया। पूरे मामले में ट्रंप प्रशासन की गलती बताई जा रही है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने हूती विद्रोहियों पर हमले का प्लान बनाया। मगर इसे सिग्नल ग्रुप चैट में शेयर कर दिया। इस ग्रुप में 'द अटलांटिक' मैगजीन के प्रधान संपादक जेफरी गोल्डबर्ग भी शामिल थे। सोमवार को व्हाइट हाउस ने भी माना कि सिग्नल ग्रुप व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रायन ह्यूजेस ने सिग्नल ग्रुप चैट की सत्यता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट किया गया थ्रेड प्रामाणिक लगता है। हम इस बात की समीक्षा करने में जुटे हैं कि अनजान नंबर को कैसे ग्रुप में जोड़ा गया? इस ग्रुप में रक्षा सचिव पीट हेगसेथ, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी थे।

---

डिमेंशिया की मरीज मां को घर पर अकेली छोड़ा था बेटी ने

## 50 से ज्यादा पालतू कुत्तों ने बुजुर्ग को नोंच-नोंचकर मार डाला, बेटी जेल में

एजेंसी ▶▶ नवॉशिंगटन

अमेरिका के कोलोराडो में एक महिला को 50 से ज्यादा कुत्तों ने नोंच-नोंचकर मार डाला। गौरतलब है कि जिन कुत्तों ने महिला को मारा, वे उस महिला की बेटी के ही पालतू थे। पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 76 वर्षीय लावॉन हॉफ बीती फरवरी में अपने घर में मृत पाई गईं थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो घर में कई कुत्ते खुले घूमते दिखाई दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की तो पता चला कि



लावॉन हॉफ डिमेंशिया की मरीज थीं और उन्हें 24 घंटे देखभाल की जरूरत थी। इसके बावजूद लावॉन की 47 वर्षीय बेटी जेसिका हॉफ उन्हें अपने पालतू कुत्तों के साथ घर में अकेला छोड़कर बाहर चली गई। घर में बंद कुत्ते आक्रामक हो गए और उन्होंने बुजुर्ग महिला के बेरहमी से हत्या कर दी।

### बेहद गंदगी वाले हालात में मिले कुत्ते

जांच के दौरान पुलिस के जेसिका के अन्य घर समेत कुल 54 कुत्ते मिले। पालतू कुत्तों को बड़ी ही खराब स्थिति में रखा गया था और कई कुत्ते बेहद गंदगी वाले हालात में रह रहे थे। जानवर नियंत्रण विभाग के लोगों ने सभी कुत्तों और घर में पिंजरे में बंद कई पक्षियों को जब्त कर लिया और जेसिका को जेल भेज दिया। जेसिका फिलहाल जेल में है और उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया जाना है।

---

### जैसलमेर से पकड़ा गया संदिग्ध पाक जासूस

**जैसलमेर।** अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के जैसलमेर से एक संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के अनुसार, जैसलमेर के मोहनगढ़ नहरी इलाके से सुरक्षा एजेंसियों ने आरोपी को पकड़ा है। पकड़ा गया पठान खान (40) पुत्र दीनू खान जैसलमेर का ही रहने वाला है। युवक पर पाकिस्तान को भारत की खुफिया जानकारियां भेजने का शक है। शक के आधार पर खुफिया एजेंसियों ने मोहनगढ़ थाना पुलिस के साथ मिलकर पठान खान को नहरी इलाके की जीरो आरडी से पकड़ा है।



---

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के तख्तापलट की तैयारी को लेकर हलचल!

## आर्मी चीफ की सैन्य अफसरों संग आपात बैठक, ढाका में सैनिकों की तैनाती

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में बड़े राजनीतिक फेरबदल की सुगबुगाहट है। राजधानी ढाका समेत तमाम बड़े शहरों में सैन्यकर्मियों की बड़ी पैमाने पर तैनाती की जा रही है। आर्मी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक भी की है। इससे यूनुस सरकार के तख्तापलट की चर्चा जोर पकड़ रही हैं। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में सेना अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस को हटाकर नियंत्रण पूरी तरह से अपने हाथ में ले सकती है। सेना को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां पहले से हासिल हैं। तख्तापलट की चर्चा पर मोहम्मद यूनुस और सेना प्रमुख वकार जमां ने अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बांग्लादेश के आर्मी चीफ वकार उज जमां के नेतृत्व में सेना ने सोमवार को एक आपातकालीन बैठक की है। इस बैठक में शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने भाग लिया, जिसमें पांच लेफ्टिनेंट जनरल, आठ मेजर जनरल (जीओसी), स्वतंत्र ब्रिगेड के कमांडिंग अधिकारी और सेना मुख्यालय के अधिकारी शामिल थे। इसने यूनुस के तख्तापलट जैसे किसी बड़े घटनाक्रम की चर्चा को मजबूती दी है। सूत्रों ने ये दावा भी किया है कि बैठक में आतंकी हमले के खतरे पर चर्चा हुई और आर्मी चीफ ने सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया।

**मोहम्मद यूनुस और सेना के बीच संबंधों में बढ़ी दरार**



**■ राष्ट्रपति और सेना पर मिलकर नई सरकार रचने की साजिश**



### सरकार बदलना चाहते हैं आर्मी चीफ

*छात्र संगठन आमार बांग्लादेश पार्टी के महासचिव असदुज्जमां फुआद ने आर्मी चीफ जमां पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के साथ मिलकर एक नई अंतरिम सरकार बनाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। फुआद ने कहा कि आप देख सकते हैं कि आर्मी चीफ कुछ बैठकें कर रहे हैं, ये एक साजिश का हिस्सा है।*

### सेना के नियंत्रण में ढाका

*बांग्लादेश की राजधानी ढाका को बीते कुछ दिनों में सेना ने पूरी तरह से नियंत्रण में ले लिया है। सैनिकों और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के जवानों को ढाका की सड़कों पर गश्त करते देखा जा सकता है। फौजियों ने सड़क किनारे अपनी चौकियों भी बना ली हैं, जहां वाहनों को रोककर जांच हो रही है। हालांकि शुरू में इसे कानून व्यवस्था का मसला बताया गया लेकिन जनरल जमां के बैठकों के बाद तख्तापलट की चर्चा जोर पकड़ गई है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और सेना के बीच संबंधों में खटास का दावा काफी समय से किया जा रहा है। दोनों तरफ से इस तरह के कुछ बयान भी आए हैं, जिससे तनाव को हवा मिली है। राजनीतिक विश्लेषकों को लग रहा है कि सरकार और आर्मी चीफ के बीच मतभेद अब बढ़ गए हैं और सेना ने सत्ता पर नियंत्रण का फैसला ले लिया है।*


---

भारत और सिंगापुर ने मिलाया हाथ

## डीकार्बोनाइजेशन और समुद्री डिजिटलीकरण पर एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और सिंगापुर ने मंगलवार को ग्रीन डिजिटल शिपिंग कॉरिडोर (जीडीएससी) के लिए हाथ मिलाया है। इसके लिए दोनों देश ने एक आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें समुद्री डिजिटलीकरण और कार्बन मुक्त परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि सिंगापुर और भारत ने समुद्री डिजिटलीकरण और डीकार्बोनाइजेशन पर सहयोग करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस एलओआई पर सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी तेओ इंग दीह और भारत के बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय (एमओपीएसडब्लू) के संयुक्त सचिव आर. लक्ष्मणन ने हस्ताक्षर किए हैं।



### हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश : पीएससी के सचिव व सामान्य प्रशासन विभाग को नोटिस

# पीएससी द्वारा आयोजित सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित करने पर रोक

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने पीएससी को निर्देश दिया गया है कि हाईकोर्ट की अनुमति बिना परिणाम घोषित न करे। कोर्ट ने पीएससी के सचिव व सामान्य प्रशासन विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई सात मई को होगी।

याचिकाकर्ता राजधानी भोपाल निवासी ममता डेहरिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि इस याचिका के माध्यम से मप्र राज्य सेवा भर्ती परीक्षा नियम-2015 के कुछ प्रविधानों की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र और पीएससी द्वारा 31 दिसंबर, 2024 को जारी विज्ञापन को भी चुनौती दी गई है।



#### संवैधानिक प्रविधानों का उल्लंघन

बहस के दौरान दलील दी गई कि जिन नियमों को चुनौती दी गई है, वे संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 व 335 और लोकसेवा आरक्षण अधिनियम 1994 की धारा चार-अ के विरुद्ध हैं। ये प्रविधान आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को छूट लिए जाने के नाम पर उनको अनारक्षित वर्ग में चयन से रोकते हैं। राज्य शासन एक ओर आरक्षित वर्ग को विभिन्न प्रकार की छूट दे रही है जैसे आयु सीमा में छूट, शैक्षणिक योग्यता में छूट, परीक्षा शुल्क में छूट, वहीं दूसरी ओर छूट प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को मैरिट में उच्च स्थान प्राप्त करने पर भी अनारक्षित वर्ग में चयन नहीं कर रही है। ऐसा करना संवैधानिक प्रविधानों का उल्लंघन है। पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को हुई थी। इसमें 1.18 लाख फार्म भरे गए थे और लगभग 93 हजार उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी।

#### संपूर्ण विज्ञापन पर लगने वाली थी रोक

अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर के अनुसार कोर्ट सम्पूर्ण विज्ञापन पर स्थगन दे रहा था, लेकिन पीएससी व शासकीय अधिवक्ता ने कहा की परीक्षा हो चुकी है किंतु फिलहाल रिजल्ट जारी नहीं हुआ है। इस जानकारी को रिकार्ड पर लेकर हाई कोर्ट ने बिना अनुमति के रिजल्ट जारी न किए जाने का अंतरिम आदेश पारित कर दिया।



## पंजाबी साहित्य अकादमी के अभिनव आयोजन ने मोहा मन

**रंग दे बसंती, होला-महल्ला उत्सव**

**जबलपुर।** एक तरफ जहा नाटक में सिख अमर बलिदानियों की गाथा देखि और सुनी वही दूसरी तरफ जोश और उत्साह के बीच जमकर भांगड़ा किया। जहां पंजाब की संस्कृति नजर आई, तो वहीं कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर डांस भी किया। मौका था पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल, केंद्रीय गुरु सिंह सभा म.प्र.छ.ग. तथा पंजाबी महासंघ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'होला महल्ला एवं रंग दे बसंती' कार्यक्रम का। इस दौरान पंजाब के कलाकारों ने ढोल, मंजीरा, तुम्बी आदि लोक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। पंजाबी लोक नृत्य, गायन गिद्दा, भांगड़ा, टप्पे, बोलियां की प्रस्तुति खास रही। वहीं नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा नाटक "सिख अमर बलिदानी"की प्रस्तुति दविन्दर सिंह ग्रोवर के निर्देशन में की गई जिसकी प्रस्तुति ने सभी के दिलों में जोश और देश प्रेम की अलख जगा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी साहित्य अकादमी भोपाल के निर्देशक इंद्रजीत सिंह खनूजा ने की।

पटियाला से आए गुरदर्शन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के 17 कलाकार आए, जिनमें 5 छात्राएं और 12 छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम में जसबीन कौर छावड़ा, शरण प्रीत कौर बांगा और अवनीत कौर की उपस्थिति रही। सरदार सुरिंदर सिंह खानुजा और जबलपुर संभाग के संयोजक अजीत सिंह नैय्यर सीटू ने आभार प्रकट किया।



## लॉ स्टूडेंट ने आँखों में काली पट्टी बाँध कर किया प्रदर्शन

**जबलपुर।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने विधि महाविद्यालय की जांच की मांग को लेकर आँखों मे काली पट्टी बाँध कर प्रदर्शन करते हुए कुलगुरु के नाम ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया कि अधिकांश विधि महाविद्यालय बार काउंसिल आफ इंडिया के नियमानुसार संचालित नहीं हो रहे हैं। अंकुश चौधरी, मोहित प्यासी, राहुल अगरिया, रोहित कुरील, अमित पटेल, प्रतीक कोरी, शुभम प्रजापति, सुरेंद्र शर्मा, राहुल झरिया, आदि उपस्थित थे।

## समरसता विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** समरस भारत-समर्थ भारत के लिये सब सबको जाने - सब सबको माने, एक अभियान के अंतर्गत समरसता सेवा संगठन द्वारा मां कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार 26 मार्च को शाम 04 बजे से आईएमए. हॉल, चंचला बाई कॉलेज के पास रानीताल पेट्रोल पंप के सामने में किया गया है। इस अवसर पर समरसता होली महोत्सव के सहभागियों का सम्मान भी किया जाएगा। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

## साईकिल रैली से चेटीचंड महोत्सव का आगाज

जबलपुर।

भगवान झूलेलाल जी के जन्म उत्सव चेटीचंड महोत्सव का आगाज मंगलवार को साईकिल रैली के साथ हुआ। सिंधी समाज द्वारा साईकिल रैली श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर तुलाराम चौक बड़ा फवारा लालगंज सुपर मार्केट होते हुए मालवीय चौक तीन पत्ती चौक मोटर मित्र पेट्रोल पंप के बाजू से होते हुए रसल चौक नौद्र ब्रिज तैयब अली चौक पर्यटन चौक, हाई कोर्ट चौक घंटाघर सिंधु भवन में समाप्त हुई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में सिंधी समाज के सभी महिला, पुरुष,युवा साइकिल से पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए आयो लाल झूलेलाल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस यात्रा में कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, डॉ डी. पी. लोकवानी द्वारा यात्रा को हरी झंडी दे कर रवाना किया। यात्रा मे दिलीप तलरेजा, राजकुमार कन्धारी,त्रिलोक वासवानी, अर्जुनदास पुरसवानी, रमेश आहूजा, गोविन्द हीरानी, धर्मेन्द्र मंगलानी, प्रकाश आहूजा, विकास नोतनानी, मोटी रतलानी,भरत कुंदवानी,राहुल पुरस्वानी,सोनू लालवानी,तारु खत्री, रितेश मोटवानी, सुधीर भगचंदनी विजय पंजवानी, अजय सुखवानी, आदि उपस्थित थे।



### यादव महासभा ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**जबलपुर।** यादव महासभा जबलपुर एवं सर्व समाज संगठन के द्वारा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान उनके स्वस्थ्य व दीर्घायु की मंगल कामना की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष यादव महासभा रामकुमार यादव बड्डा, महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष मोहन यादव, प्रदेश महासचिव संजय यादव, बसंता यादव, धर्मेंद्र यादव, किशोर यादव, दिनेश यादव, अर्जुन यादव, विक्की यादव, राकेश नेमा, शक्ति राज यादव, विनय यादव, धर्मेंद्र सिंह, गौरव सोनी, दिलीप गोलू यादव, राघवेंद्र यादव, अनुराग यादव, अरविंद यादव आदि सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## कवि इन्द्र बहादुर की कविताओं का संग्रह हिन्दी विभाग में किया भेंट

**जबलपुर।** हिंदी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर में आज सुप्रसिद्ध कवि इन्द्र बहादुर खरे की रचनाओ का संकलन एवं उनका छायाचित्र उनके पुत्र डॉ. अमिय रंजन खरे द्वारा हिंदी विभाग में भेंट किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष हिंदी ने बताया कि कवि इन्द्र बहादुर खरे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर के पूर्व छात्र रहे है। इन्होंने अल्पआयु में अपनी रचनाओं के माध्यम से साहित्य जगत में अपना स्थान बनाया है। कवि इन्द्र बहादुर खरे कालजयी कवि है।इस अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. स्मिता बेलवंशी, डॉ. अंकिता सेठी, डॉ. श्रद्धा कनौजिया, कु. राधा सैनी के साथ महाविद्यालय के 42 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# फाग और नृत्यों ने बांधा समां



**जबलपुर।** भारतीय लोक संस्कृति को संरक्षित रखने लोकगीत गायन एवं अन्य कलाओं से समाज को जोड़ना आवश्यक है, आज के समय विलुप्त होती प्राचीन लोक संस्कृति जिसमे लोक गीत, लोक नृत्य, लोक चित्रकारी , खान, पान, पहनावा विलुप्त हो रहा है इस विलुप्त होती संस्कृति को संरक्षित करना हम सभी का उत्तरदातिव्य है, इंटैक संस्कृति एवं धरोहर के संरक्षण मैं प्रयासरत है जिसमे जिसमे नर्मदा कॉलेज ऑफ़ एक्सेलेंस जैसी संस्थाये बखूबी अपना अहम रोल अदा कर सहभागी बन रही है इंटैक, भारतीय संस्कृति न्यास जबलपुर चैप्टर , गुंजन कला सदन एवं नार्मदा कालेज आफ एक्सीलेंस के संयुक्त तत्वाधान में विजय नगर स्थित महाविद्यालय प्रांगण पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि वक्ताओं ने उक्त विचार रखे।कार्यक्रम का प्रारम्भ श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, डा. आनंद तिवारी, डा. संजय मेहरोत्रा, सुनीति माहेश्वरी, विजय जायसवाल, संजय जैन दीपी, हिमरेश तिवारी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया, अतिथियों का स्वागत रमाकांत गौतम, कौशल यादव, अभिषेक अग्रवाल, मोती शिवहरे ने किया, इस अवसर पर सुनीति माहेश्वरी ने फाग गायन पर-वर्चा करते हुए आयोजन पर प्रकाश डाला, श्रीमती चित्रा देवी माहेश्वरी, डा. आनंद तिवारी, डा. संजय मेहरोत्रा, सुनीति माहेश्वरी, विजय जायसवाल, संजय जैन दीपी, हिमरेश तिवारी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव भारतीय चित्रकार पिसर्वो सहित पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया , इंदिरा पादक तिवारी, शिक्षा विद डा. वंदना पौडेय, भारती साहा, अभय जैन, डा. प्रकाश दुबे, डा. सत्येन्द्र पाठक, नलिनकांत वाजपेयी का मोतियों की माला से स्वागत किया गया, ग्राम मनकेडी की सरस्वती फाग टीम के सदस्यों ने फाग गायन से समावाँध दिया, महाविद्यालय की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत थिये, मोमेटो प्रदान कर सभी कलाकार सम्मानित किए गए, संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक ने तथा आभार




## वाल्मीकि समाज की एकता और संस्कृति का अनूठा संगम

**प्रदेशभर के युवाओं ने लिया परिचय सम्मेलन में भाग**

जबलपुर।

वाल्मीकि समाज जबलपुर के तत्वावधान में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन संस्कृति थिएटर, भंवरताल गार्डन में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण आयोजन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिससे समाज के युवाओं को परिचय, संवाद और समन्वय का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जबलपुर कैंट के माननीय विधायक अशोक रोहाणी, नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष सौरभ 'नाटी' शर्मा तथा नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक अभिलाष पांडे तथा उत्तर मध्य क्षेत्र के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों नरसिंहपुर, दमोह, मंडला, बालाघाट, भोपाल, इंदौर, नागपुर, पन्ना, सिवनी, छिंदवाड़ा, रीवा, सतना, कटनी आदि स्थानों से लगभग 200 युवक-युवतियों ने भाग लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा वरिष्ठ समाजसेवियों का अभिनंदन कर उनके योगदान को सराहा गया। इसके साथ ही, समाज की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने हेतु विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

# डेयरी साइंस कॉलेज पर विधानसभा में लगा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

## विधायक घनघोरिया ने शहर के हित में उठाए सवाल

जबलपुर।

जबलपुर में प्रस्तावित डेयरी साइंस कॉलेज की स्थापना को लेकर सरकार की ढुलमुल नीति और उदासीन रवैये से जनता में गहरा रोष व्याप्त है। विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में नियम 138(1) के तहत मंत्री के ध्यानाकर्षण के लिए सूचना प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने सरकार की कथनी और करनी के अंतर को उजागर किया।



#### सरकार के आश्वासन और वास्तविकता में बड़ा अंतर

गौरतलब है कि जबलपुर में डेयरी साइंस कॉलेज को उज्जैन शिफ्ट किए जाने के खिलाफ भारी विरोध के बाद 26 नवंबर 2024 को स्वयं मंत्री ने जबलपुर में घोषणा की थी कि यह कॉलेज जबलपुर से नहीं जाएगा। लेकिन जब विधायक घनघोरिया ने सरकार से इस विषय में प्रश्न किया तो सरकार की ओर से दिए गए लिखित उत्तर में स्पष्ट किया गया कि कॉलेज को अन्यत्र स्थानांतरित करने की कोई सक्षम स्वीकृति नहीं है। इसके बावजूद, आज तक सरकार ने जबलपुर में कॉलेज की स्थापना को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

#### पांच वर्षों से लंबित डीपीआर

वेटरनरी यूनिवर्सिटी ने इमलिया क्षेत्र में 14 हेक्टेयर भूमि आबंटित करने का निर्णय लिया था, और इसके लिए 65 करोड़ रुपए की डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) शासन को अनुमोदन के लिए भेजी गई थी, लेकिन पांच वर्षों के लंबे इंतजार के बावजूद सरकार ने इसे अब तक स्वीकृति नहीं दी है।

#### मंत्री का गोलमोल जवाब

मंत्री के जवाब में कहा गया है कि पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय जबलपुरी में डेयरी साइंस पाठ्यक्रम शुरु करने के लिए तर्कसंगत व उचित वित्तीय अनुमानों के अनुरुप प्राक्कलन प्राप्त होने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। सवाल यह उठता है कि आखिर सरकार को इस प्राक्कलन को स्वीकृति देने में इतना समय क्यों लग रहा है? क्या जबलपुर के छात्रों को उनके अधिकार से वंचित करने की कोई साजिश चल रही है? क्या सरकार जबलपुर के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है? विधायक लखन घनघोरिया ने सरकार से दो टूक सवाल किए है? जब जबलपुर में कॉलेज की स्थापना का वादा किया गया था, तो अब तक इसे लटकाने का क्या कारण है? जबलपुर की जनता और छात्र आखिर कब तक सरकार की बेरुखी झेलते रहेंगे? अगर स रकार जल्द फैसला नहीं लेती, तो क्या यह जनता के साथ विश्वासघात नहीं होगा?अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सरकार जबलपुर के युवाओं को उनका अधिकार देगी, या फिर इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डालकर जनता को गुमराह करती रहेगी?

## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 60वें जन्मदिवस पर भाजपा ने किए सेवा कार्य

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के 60 वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमे पौधारोपण, वरिष्ठ जनों का सम्मान, गुरुकुल के बच्चो को शिक्षण सामग्री वितरण, जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम किए गए और मुख्यमंत्री के यशस्वी जीवन की कामना की।भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महाकौशल कॉलोनी में पौधारोपण के साथ ही वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया।पार्टी द्वारा विजय नगर स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित लाड़ली बसेरा गुरुकुल में शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे बच्चो के बीच जाकर उन्हें बस्ते, किताबें एवं अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल विक्टोरिया में मरीजों को फल वितरण किया गया।



# प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन की मांग

## खुदरा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए चेंबर ने उठाई आवाज

**जबलपुर।** देश के व्यापारियों के हितों की रक्षा और खुदरा कारोबार की वृद्धि के लिये हाल में ही सरकार द्वारा राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा किया गया है। यह बोर्ड भारत सरकार द्वारा बनाया गया है और इसके अध्यक्ष सुनील जे. सिंधी को बनाया गया है। राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड प्रत्येक प्रदेश में बोर्डों का गठन करने वाला है। जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड से मांग की है कि शीघ्र ही मध्य प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन करें ताकि मध्य प्रदेश में सरकार से व्यापारियों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिये मध्य प्रदेश सरकार को सुझाव दिये जा सकें। व्यापारियों और कर्मचारियों के लिये बीमा, स्वास्थ्य, समाजिक सुरक्षा, प्रतिस्पर्धा आदि पर सरकार द्वारा नये नियम कानून बनवाये जा सके। प्रदेश के व्यापारी आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार को ऐसी नीति बनाना चाहिए की छोटा व्यापारी अपना जीवन एवं व्यापार सुचारु रुप से कर सकें। मध्य प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश की सरकार और व्यापार के मध्य एक सुचारु संवाद प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाकर व्यापार से संबंधित सभी मुद्दों को हल करने के लिये एक प्रमुख निकाय के रुप में काम करेगा। जबलपुर चेम्बर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय बख्तावर, अजय अग्रवाल, रवि गुप्ता , मुनींद्र मिश्रा, दीपक नोगरैया, राजा सराफ, भीमलाल गुप्ता, अजीत साहू, मुकेष प्यासी, सतीश ओसवाल, निखिल पाहवा, शत्रुघ्न सिंह, अमित गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, रजनीष त्रिवेदी, आदि ने अपील की है कि अर्थव्यवस्था को चलाने में खुदरा व्यापारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके उत्थान और विकास के लिए तत्काल मध्य प्रदेश में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया

**नाम सुधार सूचना**


मैं श्रीमती नईमा बक्श (Naeema Baksh) पति स्व. श्री जिया बक्श (Jiya Baksh) निवासी- म.नं. 1884, सिविल लाईन, डिफेन्स कालोनी, जबलपुर म.प्र. 482001 एतद् द्वारा सूचित करती हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड एवं समस्त शासकीय अभिलेखो में मेरा नाम श्रीमती नईमा (Naeema) दर्ज है जिसमें सरनेम नहीं है। अतः मैं चाहती हूँ कि मेरा नाम श्रीमती नईमा बक्श (Naeema Baksh) पति स्व. श्री जिया बक्श (Jiya Baksh) सर्विस रिकार्ड एवं समस्त शासकीय अभिलेखों में दर्ज किया जाए क्योंकि मैं इसी नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ। भविष्य में मुझे श्रीमती नईमा बक्श (Naeema Baksh) पति स्व. श्री जिया बक्श (Jiya Baksh) इसी नाम से जाना जाए। पुराना नाम- श्रीमती नईमा-(Naeema)
नया नाम- श्रीमती नईमा बक्श-(Naeema Baksh)
पति- स्व. श्री जिया बक्श-(Jiya Baksh)



# सिनेमाघरों में 1 मई को रिलीज होगी 'रेड 2'

**मुंबई।** 'रेड 2' 2018 में आई फिल्म 'रेड' का सीक्वल है। फिल्म में वाणी कपूर के अलावा रितेश देशमुख खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। 24 मार्च को 'रेड 2' के निर्माताओं ने अजय देवगन का पहला लुक पोस्टर जारी किया है। जिसमें वह आईआरएस अमय पटनायक के रूप में नजर आए। पोस्टर के कैप्शन में लिखा, 'नया शहर, नई फाइल और अमय पटनायक की एक नई रेड। रेड 2, 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता ने किया है। इसे भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है।

लाइफStyle



# दीपिका

## ऑस्कर को 'नाइंसाफी' पर लगाई लताड़

बॉलीवुड की सुपरस्टार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने एकेडमी अवॉर्ड्स को कोसा है। एक्ट्रेस ने सीधे शब्दों में यह इशारा किया है कि क्या वाकई भारतीय फिल्मों को जानबूझकर दूर रखा जाता है? उन्होंने 'लापता लेडीज' जैसी बेहतरीन फिल्म को ऑस्कर नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है और इसे 'नाइंसाफी' करार दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीपिका से पहले बीते दिनों कंगना रनौत भी ऑस्कर अवॉर्ड्स पर भड़क गई थीं। उन्होंने सधे हुए शब्दों में कहा था कि अमेरिका अपना सच कभी नहीं स्वीकार करता कि वह ऑस्कर सिर्फ अपने पास रखता है। कंगना ने यह भी कहा था कि अगर हॉलीवुड के पास ऑस्कर है, तो भारत में भी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार हैं। किरण राव के डायरेक्शन में बनी 'लापता लेडीज' भारत की ओर से ऑस्कर 2025 के लिए ऑफिशियल एंट्री थी, लेकिन इसे नॉमिनेशन नहीं मिला। यह पहली बार नहीं है, जब कोई भारतीय फिल्म ऑस्कर जीतने से चूक गई। दीपिका पादुकोण ने इस हार पर खेद जताते हुए कहा है कि किसी अच्छी इंडियन फिल्म को ऑस्कर की रेस से बाहर कर देना पली बार नहीं हुआ है। भारतीय सिनेमा और भारतीय टैलेंट के साथ यह 'नाइंसाफी' बार-बार, कई बार हुआ है। दीपिका पादुकोण पेरिस में फैशन ब्रांड 'लुई वुइटन' एक शो में हिस्सा लेने पहुंची हैं। रविवार, 23 मार्च की शाम को उन्होंने शो के लिए तैयार होते हुए अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसमें उन्होंने ऑस्कर अवॉर्ड्स के बारे में बात की। याद दिलाया कि साल 2023 में एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के 'नाटू नाटू' को ऐतिहासिक जीत मिली थी।

## हॉलीवुड मसाला



# हैली की शेयर की प्यारी तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** सोमवार को पॉप स्टार जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी पत्नी हैली की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जो अब प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रही है। अब प्रशंसक उनकी इस पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया लगातार दे रहे हैं। जस्टिन बीबर ने हैली की एक बेहद ही प्यारी तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है, जिसमें वह शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में हैली ने कैजुअल आउटफिट पहना हआ है।



# 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का सीजन 5 जल्द होगा रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' बच्चों के साथ-साथ बड़ों के बीच भी काफी लोकप्रिय सीरीज है। अब जल्द ही इसका पांचवा सीजन आने वाला है, जो नेटफिक्स पर ही रिलीज होगा, लेकिन इसका पांचवां सीजन दो भागों में रिलीज किया जाएगा। स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन पांच, दो हिस्सों में रिलीज होगा। पहले छह एपिसोड 10 अक्टूबर को आएंगे, जबकि आखिरी दो एपिसोड 27 नवंबर को रिलीज होंगे। टेड ने कहा कि उन्हें पता है कि कहानी कैसे खत्म होगी और यह इतना शानदार होगा कि कोई भी इसे देखकर अपनी आंसुओं को नहीं रोक पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की दुनिया को किताबों, सामानों और लाइव स्टेज शो के जरिए भी बढ़ाया जा रहा है। लंदन के वेस्ट एंड में इसका प्रीक्वल स्टेज शो चल रहा है, जो जल्द ही ब्रॉडवे पर भी आएगा। सीजन 5 में कुल आठ एपिसोड होंगे और कुछ नए कलाकार भी इसमें शामिल होंगे।



# ताहिरा जापान में हिरणों से घिरी दिखीं...

**मुंबई।** निर्माता ताहिरा कश्यप ने हाल ही में जापान का दौरा किया। ताहिरा ने अपने सफर के शानदार पलों को फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आयुष्मान खुराना की पत्नी लेखिका और फिल्म निर्माता ताहिरा कश्यप ने हाल ही में जापान में छुट्टियां मनाईं। अपने इस शानदार सफर के दौरान उन्होंने नारा डियर पार्क का दौरा किया और वहां पर हिरणों को खाना खिलाया। ताहिरा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने सफर की तस्वीरें शेयर की और फैंस के साथ अपने इस सुखद पलों को साझा किया। सोमवार को ताहिरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी जापान यात्रा की तस्वीरें और वीडियो शेयर की। इन तस्वीरों और वीडियो में ताहिरा को जानवरों से बातचीत करते हुए और स्प्रिंग ब्रेक का आनंद लेते देखा जा सकता है।



# 'विदाउट प्रेजुडिस' 28 को होगा रिलीज

**मुंबई।** गुरु रंधावा के फैंस लंबे समय से उनके नए गाने या एल्बम की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब उनका इंतजार खत्म होने वाला है। गुरु रंधावा ने अपने नए एलबम के लिए वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिलाया है। यह साझेदारी गुरु रंधावा के करियर में अहम साबित होगी, क्योंकि साल 2023 के बाद रंधावा अपना पहला स्टूडियो एल्बम 'विदाउट प्रेजुडिस' रिलीज करने को तैयार हैं। गुरु रंधावा के आगामी एल्बम में कुल नौ गाने संकलित होंगे। इसमें स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज, कतल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, कित्थे वसदे ने, सारे कनेक्शन और गल्ला बातें शामिल हैं। इसका पहला सिंगल 'गल्ला बातें' म्यूजिक वीडियो के साथ 28 मार्च को रिलीज किया जाएगा। इस एल्बम में जहर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकार शामिल हैं।

## टीवी मसाला




# 'तारक मेहता का...' का 'ये पागल औरत' को कर दिया था बैन...

**नई दिल्ली।** चाहे आप 90 के दशक के किड हो या फिर जेन जेड, एक शो है, जिसने हर जेनरेशन के बच्चों-बड़ों को गुदगुदाया है। इसका नाम है- तारक मेहता का उल्टा चश्मा। ये सीरियल करीब 15 सालों से टीवी पर टेलीकास्ट हो रहा है। कई सारे ट्विस्ट और टर्न के साथ जेठालाल और दयाबेन की केमिस्ट्री को कोई आजतक भुला नहीं पाया है। जेठालाल का रोल दिलीप जोशी और दयाबेन का रोल दिशा वकानी ने निभाया था।जी हां, दिलीप जोशी ने हाल ही में बताया कि इस डालयॉग को क्यों हटाया गया था। वो हाल ही में कॉमेडियन सौरभ पंत के पॉडकास्ट पर आए, जहां उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका फेमस डायलॉग 'ये पागल औरत' कभी स्क्रिप्ट में था ही नहीं! ये दरअसल उनका खुद का इम्प्रोवाइजेशन था। एक इंप्रोम्प्ट लाइन, जो दिशा वकानी के शानदार एक्सप्रेशन के साथ मिलकर परफेक्ट कॉमिक मसाला बन गई। और बाकी, जैसा कि वे कहते हैं, इतिहास है। ये हिट हो गया। दिलीप जोशी ने कहा, 'ये जो 'पागल औरत' वाला था, वो मैंने इंप्रोवाइज किया।' हालांकि, कुछ लोगों को ये डायलॉग पसंद नहीं आया। एक्टर ने बताया कि एक वुमेन राइट्स ग्रुप ने इस फ्रेज पर आपत्ति जताई और इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया। ऐसे में **TMKOC** के निर्माताओं ने शो से इस लाइन को पूरी तरह से हटाने का फैसला किया। उन्होंने कहा, 'बाद में, उसपे कुछ वुमेन लिब.. या कोई मूवमेंट था, मुझे बताया गया, आगे से आप ये नहीं बोलेंगे।'

## प्रियंका और अंकित की राहें हुईं जुदा

**नई दिल्ली।** हाल ही में टीवी सीरियल की एक चर्चित एक्ट्रेस प्रियंका चाहर का बॉयफ्रेंड अंकित गुप्ता से ब्रेकअप हो गया है। अंकित भी टीवी के एक नामी एक्टर हैं। प्रियंका और अंकित ने अपने ब्रेकअप पर अभी तो



खुलकर कुछ नहीं कहा है लेकिन ये दोनों एक शो 'तेरे हो जाएं हम'कर रहे थे, जिसे अंकित ने छोड़ दिया है। इस बात से लगता है कि सच में दोनों की राहें जुदा हो चुकी हैं। इस ब्रेकअप ने फैंस का भी दिल तोड़ दिया है। लेकिन यह पहली बार नहीं है, पहले भी टीवी सीरियल्स में काम करने वाले कलाकारों का ब्रेकअप हुआ है। ऋत्विक धनजानी और आशा नेगी दोनों ही टीवी सीरियल 'पवित्र रिश्ता' के सेट पर मिले थे। इस सीरियल के सेट पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। दोनों को प्यार हुआ, ऋत्विक धनजानी और आशा नेगी ने अपने रिश्ते को स्वीकार भी किया। लेकिन कुछ सालों तक रिलेशनशिप में रहने के बाद इनकी राहें भी जुदा हो गईं। सीरियल 'प्रतिज्ञा' में मुख्य भूमिका निभा चुकीं पूजा गौड़ भी लंबे वक्त तक टीवी एक्टर राज सिंह अरोड़ा के साथ रिलेशनशिप में रहीं।

# अमर अकबर एंथनी और दीवार का रीमेक बनाना चाहते हैं नितेश

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी अभिनेता रणबीर कपूर और साई पल्लवी के साथ रामायण बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म पर अपडेट का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अपने कॅरियर और फिल्म निर्माण की यात्रा के बारे में बात की। इसके साथ ही उन्होंने हिंदी सिनेमा की दो बड़ी क्लासिकल फिल्मों के रीमेक के बारे में भी बात की। नितेश तिवारी से जवा कोमल नाहटा के साथ साक्षात्कार के दौरान पूछा गया कि 1970 के दशक की कौन सी फिल्म का रीमेक बनाया जाएगा और उसमें वह किसे कास्ट करेंगे तो नितेश ने जवाब दिया, 'या तो अमर अकबर एंथनी या दीवार, लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं आज इसके लिए कास्ट कर सकता हूं। हमारे एक्टर्स लोग रेडी नहीं होंगे सर। अमर अकबर एंथनी और दीवार के लिए आज की डेट में बनाना बहुत मुश्किल है सर। आज के समय में अमर अकबर एंथनी या दीवार बनाना बहुत मुश्किल है।' अमर अकबर एंथनी भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है, जिसमें विनोद खन्ना, ऋषि कपूर और अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन मनमोहन देसाई ने किया था। दूसरी ओर, दीवार में भी अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया था। सलीम-जावेद द्वारा लिखित और यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने हिंदी सिनेमा में एंग्री यंग मैन की छवि में क्रांति ला दी। साथ ही जब नितेश से उनके अगले निर्देशन के लिए मिर्जापुर 4 और एनिमल पार्क में से चुनने के लिए कहा गया तो उन्होंने रणबीर की फिल्म को चुना।



# 14 की उम्र में डेब्यू, 800 फिल्मों में किया काम, मरने से पहले गरीबों को करोड़ों की संपत्ति दान कर गई ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** दुनियाभर के कई स्टार्स हैं, जो अपनी मोटी कमाई का एक हिस्सा संस्था के जरिए जरूरतमंद लोगों और अनाथ बच्चों पर खर्च करते हैं। इंडियन सिनेमा में भी ऐसे कई स्टार्स हैं, जो ऐसा सराहनीय काम कर रहे हैं। अब जिसकी बात कर रहे हैं, वो इंडियन सिनेमा की एक खूबसूरत एक्ट्रेस श्रीविद्या वसंथा कुमारी हैं, जिनके साथ एक्टर्स काम करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। वसंथा कुमारी के जन्म के एक साल बाद ही उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद सारी जिम्मेदारी उनकी मां पर आ गई। वहीं, वसंथा कुमारी ने भी घर की जिम्मेदारी को देखते हुए महज 14 साल की उम्र में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रख दिया था।



***रजनीकांत और कमल हासन संग किया काम :*** थिलागम शिवाजी गणेशन स्टारर फिल्म 'थिरुवरुचेलवन' से वसंता कुमारी ने फिल्मों में एंट्री ली थी। इसके बाद फिल्म पेट्टाराशी पेट्टाम्मा से टॉलीवुड डेब्यू किया। वसंता कुमारी एक खूबसूरत एक्ट्रेस होने के साथ-साथ एक्टिंग में भी पक्की थी। इसके अलावा वसंता कुमारी ने अपने डांस से भी खूब कमाल किया था। शुरुआती फिल्मों में सफल होने के बाद श्रीविद्या को और फिल्मों के ऑफर आने लगे। फिल्म निर्देशक नारायरणन की मदद से एक्ट्रेस को खूब काम मिला। रजनीकांत और कमल हासन स्टारर फिल्म अपूर्व मंगलम में भी वसंता ने काम किया। श्रीविद्या ने अपने फिल्मी करियर में 800 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था।

## छात्रों को दान की करोड़ों की संपत्ति

श्रीविद्या ने सिनेमा में अपने करियर की दूसरी पारी शुरू की और तमिल, तेलुगू के साथ-साथ मलयालम फिल्मों में भी अलग-अलग किरदारों में नजर आईं। साल 2003 में वसंता को सांस संबंधी बीमारी हो गई थी और फिर वह कैंसर की चपेट में आ गईं, लेकिन अपनी मौत से पहले श्रीविद्या बहुत नेक काम कर गईं। श्रीविद्या ने फिल्मों से कमाई करोड़ों रुपये की संपत्ति को संगीत और नृत्य स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को स्कॉलरशिप के रूप में दान कर दिया। श्रीविद्या ने एक्टर गणेश की मदद से एक फाउंडेशन की स्थापना की और बच्चों को मदद पहुंचाई. श्रीविद्या तीन साल तक कैंसर से लड़ीं और साल 2006 में 53 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।


### उनकी पहली फिल्म ही बनी थी पाकिस्तान की पहली फिल्म, जिससे शुरुआत हुई थी लॉलीवुड की

# ये है हिंदी सिनेमा का सबसे क्रूर विलेन, डाकू बनकर कर दी सारी हदें पार

***नई दिल्ली।*** *अगर फिल्मों के खलनायक की बात हो तो आपके जहन में कौन-कौन से एक्टर्स के नाम आते हैं। यकीनन अमरीश पुरी, प्राण, अमजद खान, मदन पुरी से लेकर डैनी डेंग्जोंगपा और फिर संजय दत्त, प्रकाश राज व नवाजुद्दीन सिद्दीकी के नाम आए होंगे। लेकिन, क्या कभी आपने सोचा है कि बॉलीवुड का पहला विलेन कौन था? कौन था वो सुपरस्टार हीरो जो पहली बार फिल्मों में नेगेटिव रोल के जरिए छा गया। ये कोई और नहीं बल्कि हीरालाल ठाकुर थे, जिन्हें हीरालाल के नाम से जानते हैं। जिन्होंने फिल्मों में 53 साल से भी ज्यादा गुजार दिए। कभी वह स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर भी देश के काम आए तो फिर हिंदी सिनेमा में भी खूब योगदान दिया. तो चलिए बताते हैं कि आखिर वह कैसे पहले विलेन कहलाते हैं।*

## कौन थे हीरालाल ठाकुर

हीरालाल का जन्म 1912 में पड़ोसी देश लाहौर में हुआ। वह बचपन से ही एक्टिंग के शौकीन थे। कहते तो ये भी हैं कि वह हीरो के तौर पर नहीं विलेन के तौर पर ही शुरू से काम करना चाहते थे। उन्हें रामलीला में भी रावण का रोल सबसे दिलचस्प लगता था। फिर जैसा सोचा वैसा ही हुआ। उनकी किस्मत भी उन्हें खलनायक के रोल्स में खींच लाईं और खूब शोहरत हासिल की।





## इनसे बड़ा विलेन कोई नहीं

फिर हीरालाल कोलकाता चले आए और न्यू थिएटर्स से जुड़ गए। आगे चलकर मुंबई में उनकी पहली फिल्म बादल (1951) थी जिसमें वह सरदार के रूप में दिखे थे। फिल्म में उनके अपोजिट मधुबाला थी। जहां वह लालच में आकर सबका नाश कर देता है। फिर आगे चलकर उन्होंने डाकू से लेकर हत्यारे की भूमिका निभाकर साबित कर दिया कि उनसे बेहतर कोई 'विलेन' नहीं हो सकता।

## हीरालाल ठाकुर की फिल्में

हीरालाल ने एक्टिंग शुरू की नाटक के जरिए। वह पहले रामलीला किया करते थे। फिर उन्होंने साल 1928 में फिल्मों में एंट्री मारी। मतलब ये लगा लीजिए हिंदुस्तान में 1913 में पहली फिल्म राजा हरिश्चंद्र आई थी और चंद साल बाद ही हीरालाल भी फिल्मों में सक्रीय हो गए। उन्होंने शंकरदेव आर्या की फिल्म 'डॉटर्स ऑफ टुडे'से डेब्यू किया।

## देश का भी दिया साथ...

हीरालाल ठाकुर ने देश की आजादी में भी भाग लिया था। 14 साल की उम्र में वह इंडियन नेशनल कांग्रेस के एक्टिविस्ट बन गए। फिर उन्होंने भगत सिंह से लेकर लाजपत राय के साथ देश का साथ दिया। साल 1981 में हीरालाल का निधन हो गया।

## बॉलीवुड के पहले विलेन

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि हीरालाल की पहली फिल्म ही पाकिस्तान की पहली फिल्म बनी थी जिसके साथ लॉलीवुड की शुरुआत हुई। हीरालाल इसके बाद अब्दुर राशिद करदार की सफदर जंग में नजर आए जहां उन्होंने पठान का रोल प्ले किया। ये वो दौर था जब साइलेंट फिल्में आया करती थीं। फिर साल 1928 से 1948 तक करीब 20 फिल्मों में वह नेगेटिव रोल में दिखे। कभी एक आंख वाले गंजे आदमी के रूप में तो कभी बाबा के रूप में। हर बार उन्होंने बतौर नेगेटिव विलेन गहरी छाप छोड़ी। इस तरह वह पहले विलेन भी बन चुके थे।

## बेटे की मौत और उजड़ गया परिवार

हीरालाल की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 1945 में दारापरानी संग शादी की। उनके 5 बेटे और एक बेटी हुई। उनके पर सबसे बुरी तब बीती जब 35 साल के जवान बेटे इंद्र, बहू और पोते का एयर इंडिय फ्लाइट 1982 के ब्लास्ट में मौत हो गई। ये बेटे वही थे जिन्हें आपने नदिया के पार फिल्म में चंदन के छोटे भाई ओमकार के रूप में देखा था।





**मैच आज गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से**

# अपना पहला मैच हार चुकीं नाइटराइडर्स और आरआर जीत हासिल करने लगाएंगी दमखम

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के छठे मैच में राजस्थान रॉयल्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से बुधवार 26 मार्च को होगा।केकेआर को अपने पहले मैच में आरसीबी के खिलाफ हार मिली थी, जबकि आरआर को अपने पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने हराया था। ऐसे में गुवाहटी में होने वाले इस मैच में दोनों टीमें अपनी-अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेंगी। आरआर और केकेआर के बीच होने वाला यह मैच आज गुरुवार 26 मार्च को गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से प्रारंभ होगा।



## दोनों टीमों के बीच बराबरी का रहा है मुकाबला

रिपोर्ट के मुताबिक, केकेआर और आरआर के बीच आईपीएल के इतिहास में कुल 29 मुकाबले खेले गए हैं। केकेआर को इस दौरान 14 मैच में जीत मिली है, जबकि आरआर ने भी 14 मैच अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 1 मैच का कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।आईपीएल 2024 में हुई पिछली भिड़ंत में आरआर ने 2 विकेट से जीत दर्ज की थी।

## इस स्टेडियम में दोनों टीमों का प्रदर्शन

आरआर ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कुल 4 मैच खेले हैं, जिसमें 1 मैच उन्होंने जीता है और 2 हारे हैं। इस बीच 1 मैच बेनतीजा रहा है। वहीं राजस्थान रायल्स का यहां पर सर्वोच्च टीम स्कोर 199 रन है। दूसरी तरफ केकेआर को आईपीएल 2024 में यहां 1 मैच खेलना था, जो बारिश के कारण नहीं सम्भव हो पाया था। इसके अलावा केकेआर ने इस मैदान पर कोई मैच नहीं खेला है।

**इस संयोजन के साथ उतर सकती है राजस्थान रॉयल्स**

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में आरआर के 5 गेंदबाजों ने 11 से ऊपर की इकॉनमी रेट से रन लुटाए थे। आरआर टीम प्रबंधन हर हाल में अपने गेंदबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



## चोटिल खिलाड़ियों की जगह अन्य विकल्पों से ही काम चलाना होगा : क्लूसनर

**विशाखापत्तनम।** लखनऊ सुपर जॉइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूसनर ने कहा कि चोटिल खिलाड़ियों की वापसी से पहले वैकल्पिक खिलाड़ियों से काम चलाने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं है। लखनऊ की टीम को आईपीएल के नए सत्र से पहले ही करारा झटका लगा क्योंकि उसके कम से कम चार तेज बाद गेंदबाज आवेश खान, मयंक यादव, मोहसिन खान और आकाशदीप चोटिल हो गए। लखनऊ के गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सत्र के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत करने के बावजूद 209 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर पाए। इस मैच में ओस ने भी अपनी भूमिका निभाई। क्लूसनर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा अभी हमारे पास गेंदबाजी में बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं।

## पूरे साल मैंने मैच फिनिश करने पर ध्यान केंद्रित किया : आशुतोष



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ एक विकेट की चमत्कारिक जीत दिलाने वाले आशुतोष शर्मा ने कहा कि उन्होंने पूरे साल मैच को 'फिनिश' करने पर ध्यान केंद्रित किया जिसका उन्हें यहां फायदा मिला। आशुतोष ने पिछले साल पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए मैच फिनिशर की अपनी भूमिका से प्रभावित किया था लेकिन तब वह अपने प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थे।

## विश्व कप क्वालीफायर में इंग्लैंड टीम की लगातार दूसरी जीत

**लंदन।** रीस जेम्स ने फ्री किक पर खूबसूरत गोल किया जबकि एबेरेची एज़े ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागा जिससे इंग्लैंड ने सोमवार को वेम्बली स्टेडियम में लाटविया को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वालीफायर में लगातार दूसरी जीत हासिल की। जेम्स ने पिछले ढाई वर्ष में पहली बार शुरुआती एकादश में जगह बनाई तथा 37वें मिनट में 25 मीटर की दूरी से फ्री किक पर दर्शनीय गोल किया। यह इंग्लैंड की तरफ से 18 मैच में उनका पहला गोल है।





जीएसटी ब्याज और जुर्माना माफी योजना

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 128क के अंतर्गत प्रारंभ की गयी

कुछ शर्तों के अधीन वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 से सम्बंधित धारा 73 के तहत मांगों से सम्बंधित ब्याज या जुर्माना या दोनों की छूट प्रदान करने हेतु केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 में धारा 128क को सम्मिलित किया गया |

जीएसटी के प्रारंभिक वर्षों में करदाताओं द्वारा उठाई गई कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में संशोधन किये गए

- केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 73 के अंतर्गत वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 हेतु जारी मांग नोटिस के सम्बन्ध में ब्याज और जुर्माने की माफी प्रदान की गई है

TAX

यदि करदाता नोटिस में मांगी गई सम्पूर्ण कर राशि का भुगतान 31.03.2025 तक कर देता है।

इस योजना के अंतर्गत आवश्यक फॉर्म 30 जून 2025 तक दाखिल किए जाने चाहिए।

यह समय सीमा व्यापारियों को योजना के तहत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है, साथ ही उन्हें भारी ब्याज और जुर्माने के बिना जीएसटी अनुपालन नियमित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

ब्याज और जुर्माना माफी योजना के साथ अपना अनुपालन सफर सरल बनाएं!

अधिक जानकारी के लिए देखें: सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 128क, अधिसूचना संख्या 20/2024–केंद्रीय कर दिनांक 08.10.2024, एवं परिपत्र संख्या 238/32/2024–जीएसटी दिनांक 15.10.2024।

QR कोड स्कैन करें।

CBC 15502/13/ 0012 /2425

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

@cbicindia @cbic_india @cbicindia @CBICINDIA CBIC India



## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)

क्रमांक - 531/ ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 — **निविदा सूचना** — रीवा, दिनांक 24-03-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनाक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_411637_1 24.03.2025 (FIRST CALL) 528/24.03.2025 | जोन क्रमांक-02 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-21 में श्री गोलू वंसल के घर से श्री शिवप्रसाद बंसल के घर तक तथा हजारी चौराहा कुँआ से श्री अनसुइया जायसवाल एवं धर्मेन्द्र ताम्रकार के घर तक RCC नाली निर्माण एवं श्री लोली बंसल के घर से हजारी चौराहा तक नाली कवर निर्माण का कार्य । | 02 माह रू. 6.21 लाख | रू. 2000.00 रू. 6210.00 | 09/04/2025 18:00 बजे तक |
| 2 | 2025_UAD_411638_1 24.03.2025 (FIRST CALL) 529/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 28 में (1) कबरी पंथ कुँआ (2) श्री उमाशंकर के घर के पास कुँआ (3) श्री बंदी प्रजापति के घर के पास स्थित कुँआ का सौंदर्यीकरण का कार्य। | 02 माह रू. 8.26 लाख | रू. 2000.00 रू. 8260.00 | 09/04/2025 18:00 बजे तक |
| 3 | 2025_UAD_411639_1 24.03.2025 (FIRST CALL) 530/24.03.2025 | जोन क्रमांक-04 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-41 में श्री अखिल गुप्ता के घर से श्री अनिल तिवारी के घर तक CC सड़क एवं RCC नाली निर्माण का कार्य । | 02 माह रू. 1.15 लाख | रू. 1000.00 रू. 2300.00 | 09/04/2025 18:00 बजे तक |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (जोन क्र. 01,04)
नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर म.प्र.

www.mptenders.gov.in के माध्यम से

**द्वितीय ई-निविदा वर्ष 2025-26**

केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 ( यथा संशोधन - 2022 ) के तहत खण्ड - 1 सब्जी / फल खण्ड-1 खण्ड-2 स्वच्छता सामग्री की द्वितीय वार्षिक निविदाऐं ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 07.04.2025 को अपरान्ह 05.30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है । निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 24.03.2025 | कार्यालय केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर |
| 2 | प्रिबिड मीटिंग | 03.04.2025 | संबंधित जेल कार्यालय |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत राशि रू. 1000/- लेखा शीर्ष 0056 जेलें - 800 अन्य प्राप्तियां में ऑनलाईन जमा किया जावेगा । | 05.04.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4 | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07.04.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक | बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेगी। |
| 5 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 08.04.2025 को सायंकाल 05.30 बजे तक | संबंधित जेल कार्यालय |
| 6 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 11.04.2025 प्रातः 12.30 | संबंधित जेल कार्यालय |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर भी देखी जा सकती है । निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है ।

(अजमेर सिंह ठाकुर ) जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-24772/24

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर

Web site:-www.mp.gov.in/pwdmp Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in Tel./Fax No. 0761-2620792

निविदा सूचना क्रमांक 37/2024-25 व.ले.लि. — **निविदा सूचना** — जबलपुर, दिनांक. 20/03/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. मे) | अमानत की राशि (रू. मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) मे | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB _411126_1 | डिंडोरी जिले के कलेक्टर कार्यालय भवन में एल.टी. पेनल बोर्ड का मरम्मत एवं विद्युतीकरण कार्य । | Rs. 4.16 Lakh | Rs. 8320/- | Rs. 2000/- | 1 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. द्वितीय कॉल |
| 2 | 2025_PWDRB _411133_1 | कटनी जिले के बरही तहसील के अंतर्गत सिविल कोर्ट में विद्युतीकरण कार्य । | Rs. 2.60 Lakh | Rs. 5200/- | Rs. 2000/- | 1 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 3 | 2025_PWDRB _411154_1 | बालाघाट जिले के कटंगी सेक्शन के अंतर्गत सिविल कोर्ट में विद्युतीकरण कार्य । | Rs. 1.82 Lakh | Rs. 3640/- | Rs. 1000/- | 1 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 4 | 2025_PWDRB _411189_1 | जबलपुर जिले के हेड क्वाटर सेक्शन के अंतर्गत ए.सी. मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य । | Rs. 4.98 Lakh | Rs. 9960/- | Rs. 2000/- | 2 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 5 | 2025_PWDRB _411203_1 | जबलपुर जिले के विक्टोरिया सेक्शन के अंतर्गत एच.टी. / एल.टी. लाईन एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का बाह्य विद्युतीकरण का जोनल कार्य। | Rs. 18.00 Lakh | Rs. 36000/- | Rs. 2000/- | 4 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 6 | 2025_PWDRB _411230_1 | जबलपुर जिले के जिला न्यायालय के सहायक भवन (ANCILLARY BLOCK) मे स्थापित 4 लिफ्टों के ( Thyssen Krupp elevator) मरम्मत का कार्य । | Rs. 4.10 Lakh | Rs. 8200/- | Rs. 2000/- | 4 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 7 | 2025_PWDRB _411239_1 | जबलपुर जिले के जिला न्यायालय के सहायक भवन (ANCILLARY BLOCK) मे स्थापित 13 पैसेंजर क्षमता के 4 लिफ्टो ( Thyssen Krupp elevator) का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य । | Rs. 36.10 Lakh | Rs. 50000/- | Rs. 5000/- | 1 Years | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |
| 8 | 2025_PWDRB _411245_1 | बालाघाट जिले के बालाघाट आउटर के अंतर्गत एच.टी./ एल.टी. लाईन एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का बाह्य विधुतीकरण का जोनल कार्य । | Rs. 15.00 Lakh | Rs. 30000/- | Rs. 2000/- | 4 month | 1 नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं अ श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु, 2. प्रथम कॉल |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 09/04/2025 है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग वि. / यां. संभाग जबलपुर

G-24788/24

नियमितीकरण व एरियर्स की राशि के 19 लाख 62 हजार 925 रुपये मिले

# दिहाड़ी कर्मी को हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक की लंबी लड़ाई के बाद मिला न्याय

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राशि जमा करने की शर्त पर अवमाना याचिका का पटाक्षेप कर दिया। मामला पालिटेक्निक कालेज, जबलपुर के कर्मी से संबंधित था, जिसके पक्ष में पूर्व आदेश का पालन न होने को चुनौती दी गई थी। सबसे खास बात यह है कि अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी श्याम कुमार यादव ने हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 21 वर्ष तक लंबी लड़ाई लड़ी। जिसके बाद उसे नियमितिकरण व एरियर्स की राशि 19 लाख 62 हजार 925 रुपये मिल गई। हाई कोर्ट ने राशि जमा करने की शर्त पूरी होने के साथ अनावेदक पक्ष संचालक तकनीकी शिक्षा व प्राचार्य के विरुद्ध अवमानना कार्रवाई समाप्त कर दी। अवमानना याचिकाकर्ता का पक्ष अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी व अमित चौधरी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि 19 लाख 62 हजार 925 रुपये कोर्ट के पूर्व आदेश के परिपालन में भुगतान किए जाने हैं। इस पर अनावेदक पक्ष की ओर से साफ किया गया कि राशि धनादेश के माध्यम से अदा करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। कुल 19 लाख 62 हजार 925 रुपये की राशि



अवमानना याचिकाकर्ता के खाते में पहुंच गई है। इस तरह नियमितिकरण व एरियर्स का भुगतान सुनिश्चित हो गया है। अवमानना याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी राहत मिल चुकी थी। लेकिन भुगतान लंबित था, जिसे अवमानना याचिका के जरिए चुनौती दी गई थी।

## हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** चरित्र संदेह पर अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति अमित उर्फ सुजीत पासी को जिला अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश सोम पांडे की अदालत ने आरोपी अमित उर्फ सुजीत को आजीवन कारावास व एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक लहर दीक्षित ने अदालत को बताया कि मालगुजार परिसर के पीछे न्यू नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी रंजीता पासी का विवाह दस साल पहले आरोपी अमित उर्फ सुजीत पासी के साथ हुआ था। जिनके दो बच्चें भी है। रंजीता अपने घर पर ही ब्यूटी पार्लर का संचालन करती थी। आरोपी अमित उसके चरित्र पर संदेह करते हुए आये दिन विवाद करता था। 12 फरवरी 2021 को आरोपी ने पुनः विवाद करते हुए गालीगलौज की और तलवार नुमा हथियार से रंजीता पर हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में विक्टोरिया अस्पताल उसके बाद मेडिकल रेफर किया गया। जहां मृत्यू पूर्व रंजीता ने अपनी पूरी आपबीती पुलिस को दिये बयान में बयां की थी। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी पति को उक्त सजा सुनाई।

एडीजे कोर्ट ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया

पमरे ने नवरात्र मेले पर यात्रियों के लिए की व्यवस्था

# मैहर में 15 ट्रेनों का 5 मिनट के लिए होगा हाल्ट

हरिभूमि जबलपुर।



चैत्र नवरात्रि मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली 15 जोड़ी रेलगाड़ियों का मैहर स्टेशन पर दिनांक 30 मार्च से 12 अप्रैल तक 5 मिनट का अस्थाई हाल्ट प्रदान किया गया है।

### रेलगाड़ियाँ का मैहर स्टेशन पर ठहराव

- गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 30 मार्च से 11 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 30 मार्च से 11 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 03:15/03:20 बजे दिनाँक 29 मार्च से 10 अप्रैल 2025 तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:25/20:30 बजे दिनाँक 31 मार्च से 12 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 12669 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 20:50/20:55 बजे दिनाँक 29 मार्च से 07 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 07:25/07:30 बजे दिनाँक 31 मार्च से 09 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 15:05/15:10 बजे दिनाँक 29 मार्च से 05 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:40/11:45 बजे दिनाँक 31 मार्च से 07 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 17:20/17:25 बजे दिनाँक 04 अप्रैल से 11 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11046 धनबाद-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:25/22:30 बजे दिनाँक 31 मार्च से 07 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 15268 एलएलटी-रक्सौल एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 31 मार्च से 07 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15267 रक्सौल-एलएलटी एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:25/11:30 बजे दिनाँक 29 मार्च से 05 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 05:35/05:40 बजे दिनाँक 02 अप्रैल से 11 अप्रैली तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यात्रि 01:55/02:00 बजे दिनाँक 30 मार्च से 11 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 11:05/11:10 बजे दिनाँक 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय भोर 04:20/04:25 बजे दिनाँक 29 मार्च से 05 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 17610 पूर्णा-पटना एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 03 अप्रैल से 10 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 17609 पटना-पूर्णा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय सायं 17:15/17:20 बजे दिनाँक 05 अप्रैल से 12 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 06:45/06:50 बजे दिनाँक 31 मार्च से 07 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 08:50/08:55 बजे दिनाँक 01 अप्रैल से 08 अप्रैल तक।
- गाड़ी संख्या 18610 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-राँची एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:40/10:45 बजे दिनाँक 04 अप्रैल से 11 अप्रैल तक। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18609 राँची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 13:40/13:45 बजे दिनाँक 02 अप्रैल से 09 अप्रैल तक।

सप्लीमेंट्री एग्जाम भी खत्म...शैक्षिक सत्र 2024-25 से लागू की जाएगी नई व्यवस्था

# साल में दो बार होगी 10वीं-12वीं की एमपी बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (मप्र बोर्ड) की 10वीं व 12वीं की परीक्षा अब एक शैक्षिक सत्र में दो बार कराई जाएगी। राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है। यह भी तय किया गया है कि अब बोर्ड परीक्षा के बाद पूरक परीक्षा नहीं कराई जाएगी। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में और दूसरी परीक्षा जुलाई-अगस्त में होगी। जाहिर है कि इसके बाद जुलाई-अगस्त में द्वितीय परीक्षा आयोजित की जाएगी।

द्वितीय परीक्षा में वही विद्यार्थी शामिल होंगे, जिन्होंने पहली परीक्षा दी है। इसके बाद बोर्ड की पहली परीक्षा और दूसरी परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर वार्षिक परीक्षा का परिणाम तैयार किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) ने भी अगले शैक्षणिक सत्र से दो बार 10वीं और 12वीं की परीक्षा कराने का निर्णय लिया था।



इसी तर्ज पर मप्र बोर्ड भी आगे बढ़ा है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं व 12वीं परीक्षा में हर साल करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं। बोर्ड की अभी तक एक ही परीक्षा फरवरी या मार्च में होती थी। मुख्य परीक्षा के रिजल्ट के बाद जुलाई में पूरक परीक्षा आयोजित की जाती थी, जिसे अब नई व्यवस्था में नहीं कराने का निर्णय लिया गया है।

### अब ऐसी रहेगी व्यवस्था

द्वितीय परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थी पूर्ण परीक्षा परिणाम घोषित होने तक माध्यमिक शिक्षा मंडल या महाविद्यालय द्वारा संबद्धता प्राप्त संस्था के प्रधानाचार्यों से अनुमति प्राप्त कर अगली कक्षा में अस्थायी प्रवेश ले सकेंगे। ऐसे विद्यार्थियों के लिए, जो मंडल की प्रथम परीक्षा के परीक्षा परिणाम में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित अथवा अनुत्तीर्ण रहे हों, द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। ऐसे अभ्यर्थी, जो किसी विषय में उत्तीर्ण हो गए हों, वे भी अंक सुधार के लिए द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण रहे विद्यार्थी भी एक या एक से अधिक विषयों में द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। प्रायोगिक विषयों में कोई विद्यार्थी प्रथम परीक्षा की प्रायोगिक/आंतरिक परीक्षा के केवल अनुत्तीर्ण भाग में शामिल होने के लिए पात्र होगा। द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी को आवेदन-पत्र भरना अनिवार्य होगा, लेकिन द्वितीय परीक्षा के दौरान विद्यार्थी द्वारा प्रथम परीक्षा में लिए गए विषय में परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

# करंट से भाई-बहन की हुई मृत्यु का आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** जिले के सुरैया टोला गांव में खेत के आसपास घूम रहे जानवरों को भगाने गये सगे भाई-बहन की खेत किनारे लगे बिजली खंभे से झुलते तारों से कंरट लगने से दोनों की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि बिजली विभाग से शिकायत करने के बावजूद अब तक खंभे से झुलते बिजली तारों को नहीं हटाया गया है, इस कारण दोनों भाई-बहन की मृत्यु हो गई है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर जनहित में मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष मनोहर ममतानी की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, म.प्र. पूर्वी क्षेत्र विद्युत वि.क.लि., जबलपुर के कार्य पालन यंत्री से मृतकों के उत्तराधिकारियों को देय आर्थिक मुआवजा तथा घायल बच्चें के इलाज एवं आर्थिक मुआवजा राशि के संबंध में प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240